आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी 01:20 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शुक्रवार, 27 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 38, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़ 14
आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज 13

## 21 बच्चों के यौन शोषण के आरोपी को दी मौत की सजा

- अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा
- संलिप्ता पर दो अन्य लोगों को 20-20 वर्ष सश्रम जेल की सजा

ईटानगर, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक आवासीय स्कूल में 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में एक व्यक्ति को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई।

यूपीया के पश्चिमी सत्र संभाग के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने मामले में संलिप्तता के लिए दो अन्य लोगों को भी 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी युमकेन बागरा शि-योमी जिले के कारो सरकारी आवासीय विद्यालय के छात्रावास का वार्डन था, जहां उसने 2019 से 2022 के बीच 6 से 15 वर्ष की आयु की 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न किया था। राजधानी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि सह-आरोपी मार्बोम गोमदिर हिंदी शिक्षक है, जबकि सिंगतुन योरपेन विद्यालय का पूर्व प्रधानाध्यापक है। बागरा को आईपीसी की धारा 328 और 506 के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6, 10 और 12 के तहत दोषी ठहराया गया और मौत की सजा दी गई।

**बिलकीस बानो मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की गुजरात सरकार की याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें बिलकीस बानो मामले में राज्य के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के निर्णय को खारिज करते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका को खुली अदालत में सुनने के आवेदन को भी खारिज कर दिया।

## देश को मिले स्वदेश में विकसित तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर

### प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्र को समर्पित, कहा-प्रौद्योगिकी बने गरीबों की ताकत, जलवायु अनुसंधान को कंप्यूटिंग प्रणाली का लोकार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है। उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा कि विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं तो ये भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने। उन्होंने कहा कि एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने-चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं।

### क्वांटम कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में अग्रणी बन रहा भारत, सरकार दे रही प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नई प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है। इससे आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आएंगे और नए अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है।

### पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं तीनों स्वदेशी सुपर कंप्यूटर

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इन सुपरकंप्यूटरों को पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी), फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

## एक नजर

### बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के मामले में मौत की सजा

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने 2023 में सात वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के अपराध में आरोपी को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई। दक्षिण पूर्व कोलकाता के तिलजला में पिछले वर्ष 26 मार्च को किसी काम से अपने घर से निकली बच्ची लापता हो गयी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और उसके शव को पास के एक फ्लैट से बरामद किया। दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में फ्लैट में रह रहे किराएदार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कर्मचारी से मारपीट में विधायक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में सीवेज पंपिंग स्टेशन पर दिल्ली जल बोर्ड के एक कर्मचारी के साथ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कल्याण विहार सीवेज पंपिंग स्टेशन पर क्षेत्रीय सहायक 59 वर्षीय सतपाल सिंह की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

### ड्यूटी में लापरवाही पर 11 पुलिसकर्मी निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के फोर्ट इलाके में भारतीय रिजर्व बैंक की दो इमारतों में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात11 पुलिसकर्मियों को कार्यालय को सूचित किए बिना काम पर नहीं आने के कारण निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि कार्रवाई पुलिसकर्मियों की लापरवाही और अनुशासनहीनता के कारण की गई है।

## खंड शिक्षा अधिकारी भी बन सकेंगे राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य

### बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को लेकर शासन से प्रस्ताव तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को भी पदोन्नत कर राजकीय इंटर कॉलेजों (जीआईसी) में प्रधानाचार्य बनने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। इस क्रम में शासन से नियमावली तैयार कर ली है। स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद पदोन्नति की कवायद शुरू हो जाएगी। हालांकि शिक्षण कार्य में लगे राजकीय शिक्षकों ने इसका विरोध भी करना शुरु कर दिया है। विरोध का एक बड़ा आधार यह है कि बीईओ का पद निरीक्षण कैडर का है और प्रधानाचार्य शिक्षण कैडर का होता है। इसलिए बीईओ का प्रमोशन इस पद पर नहीं होना चाहिए।

दरअसल, जीआईसी में प्रधानाचार्य का पद राजपत्रित होता है। इसके 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाते हैं। प्रधानाचार्यों की भर्ती पीसीएस के साथ होती है और ग्रेड पे- 5400 का होता है। इसके अतिरिक्त 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने का नियम है, लेकिन




- स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग को भेजा गया प्रस्ताव
- हरी झंडी मिली तो पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

पिछले एक दशक से यह विवादों में फंसी होने से पदोन्नति प्रक्रिया ठप है। बीईओ को पदोन्नति से प्रधानाचार्य बनाने लिए शासन में कई बैठकें हुई। इसके बाद पदोन्नति के लिए कोटा में बदलाव कर दिया गया है। अब 33 प्रतिशत पुरुष, 33 प्रतिशत महिला प्रवक्ता और 34 प्रतिशत बीईओ पदोन्नत होकर प्रधानाचार्य बन सकेंगे।

अपर निदेशक राजकीय अजय द्विवेदी के मुताबिक, राजकीय विद्यालयों में महिला प्रवक्ताओं की संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा 22 से 33 प्रतिशत कर दिया गया है। बीईओ की भी संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा डीआई के स्थान पर 17 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दिया गया है। पुरुष प्रवक्ताओं की संख्या कम होने पर उनका कोटा घटाया गया है। उन्होंने बताया कि इसे स्वीकृति के लिए यूपीपीएससी भेजा गया है।

### सरकार की नई कवायद का होने लगा विरोध

बेसिक शिक्षा विभाग के निरीक्षक शाखा पर पदोन्नति के लिए बनाई गई नियमावली का विरोध भी शुरू हो गया है। राजकीय शिक्षक संघ प्रवक्ता संवर्ग उप्र. के एक पदाधिकारी नित्य प्रकाश का तर्क है कि प्रधानाचार्य पद विशुद्ध शिक्षण का पद है। यह माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध है। इसे 50 प्रतिशत सीधी भर्ती और 50 प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का उक्त पद पर प्रमोशन अथवा पदोन्नति का कोटा निर्धारित करना न्यायोचित नहीं है। वहीं, राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय का भी कहना है कि प्रधानाचार्य पद पर सीधे बीईओ को पदोन्नति देना गलत है। बीईओ का ग्रेड पे-4800 का होता है। यह प्रवक्ता के बराबर है। प्रवक्ता से हेडमास्टर में पदोन्नति होने के बाद वह अगले चरण में वह प्रधानाचार्य बन पाते हैं, जबकि बीईओ को इसका लाभ एक ही प्रमोशन पर देने की तैयारी है। संगठन इसका विरोध करेगा।

> बीईओ का निरीक्षण शाखा का पद है। इस पद की शैक्षिक अर्हता केवल स्नातक (बीए) एवं बीएड या बीएड के समकक्ष है। जबकि प्रधानाचार्या पद की शैक्षिक अर्हता एमए और बीएड है। इसलिए बीईओ न तो शैक्षिक अर्हता रखता है और उसका विभाग भी माध्यमिक शिक्षा विभाग से अलग है। **-डॉ. नित्य प्रकाश सिंह**, राजकीय शिक्षक संघ, प्रवक्ता संवर्ग उप्र।

> हमारा पद शिक्षा विभाग का है, बेसिक और माध्यमिक बताकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। साल 2015 की एक गाइडलाइन के अनुसार हम इंटर तक के शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता, ट्रेनिंग देख सकते हैं। रही बात शैक्षणिक योग्यता की तो, हम उस मानक पर भी खरे उतरते हैं। राजकीय शिक्षकों का विरोध गलत है। **-प्रमेन्द्र शुक्ला**, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय विद्यालय निरीक्षक संघ।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की।

शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने मुकदमे की सुनवाई में शुरू होने में देरी का आधार मानते हुए बालाजी की याचिका स्वीकार की। मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को और उससे पहले सत्र न्यायालय ने बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता बालाजी को ईडी ने 14 जून 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ तमिलनाडु परिवहन विभाग में बस कंडक्टरों, ड्राइवरों और जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति में अनियमितता करने का आरोप है।

## मां और बेटी ने मुख्यमंत्री से लगाई इच्छा मृत्यु की गुहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**पुलिस से उठा भरोसा**

- बेटी से दुष्कर्म किए जाने के मामले में मां ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ कर एफआर लगाने का आरोप

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने भोट थाना पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करके 12 दिन में मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश को भी तवज्जो नहीं दी।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि 25 मई 2024 को सचिन और मनीष के खिलाफ बेटी से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की विवेचना भोट की तत्कालीन एसओ कर रही थीं।

आरोप है कि उन्होंने गवाहों और महिला के बयान दर्ज नहीं कराए। आरोपियों से साठ-गांठ करके 12 दिन में केस में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। इसके बाद महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 27 अगस्त को भोट पुलिस को पुनः विवेचना के आदेश दिए थे। न्यायालय के आदेश के बाद भी भोट एसओ कहती रहीं कि उनके पास कोई आदेश नहीं आया है। कोर्ट के आदेश की कॉपी आने पर फोन करके बता दिया जाएगा। इसके बाद महिला ने 11 सितंबर 2024 को तमाम पत्रावलियां डीआईजी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और एसपी को भी भेजे थे। इसके बाद मामले की जांच अपराध शाखा को भेज दी गई।

आरोप है कि पीड़िता की मां 23 और 25 सितंबर को विवेचक से मिली तो उन्होंने बताया कि उनके ऊपर अधिकारियों का दबाव है इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

महिला ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया तो विवेचक ने कोर्ट को बताया कि जांच चल रही है। काफी परेशान होकर महिला ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर दुष्कर्म पीड़िता बेटी के साथ इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

## सांसद संजय राउत को मानहानि मामले में 15 दिन जेल की सजा



**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई। बाद में अदालत ने सजा को 30 दिन के लिए टाल दिया और राउत को जमानत दे दी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी ठहराया और 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। फैसले के बाद राउत के वकील ने सजा को स्थगित करने और उन्हें जमानत देने के लिए दो याचिकाएं दायर कीं, जिन्हें अदालत ने स्वीकार कर लिया। मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार तथा पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए।

## मथुरा के मंदिरों में चढ़ेगा फल पंचमेवा और मिश्री का प्रसाद

मथुरा, एजेंसी

- धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों धर्माचार्यों ने लिया फैसला



आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में दिए जाने वाले लड्डू प्रसादम को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु की चर्बी की मिलावट को लेकर उठे विवाद के बीच वृंदावन के एक स्थानीय धार्मिक संगठन धर्म रक्षा संघ ने कृष्ण नगरी के मंदिरों में मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला किया है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने बुधवार को वृंदावन में विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं धर्माचार्यों की बैठक का हवाला देते हुए गुरुवार को बताया कि मथुरा के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री प्रसाद चढ़ाने का फैसला हुआ। यह निर्णय परिक्रमा मार्ग में स्थित श्रीभागवत मंदिरम में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

## नागालैंड-अरुणाचल प्रदेश में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ा

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** नागालैंड के आठ और अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (अफस्पा) और छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। किसी क्षेत्र या जिले को अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है ताकि वहां सशस्त्र बलों की गतिविधियों को सुगम बनाया जा सके। अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यकता होने पर तलाशी लेने, गिरफ्तारी करने और गोलियां चलाने के व्यापक अधिकार मिलते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद नागालैंड के आठ जिलों और पांच दूसरे जिलों के 21 थाना क्षेत्रों को एक अप्रैल 2024 से छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया था जिसे 1अक्टूबर से और छह महीने के लिए बढ़ाया गया है। अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों को एक अप्रैल, 2024 से अशांत क्षेत्र घोषित किया गया था जिसे एक अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

## संशोधित आईटी नियम असंवैधानिक

मुंबई, एजेंसी



- फर्जी खबरों को लेकर हाईकोर्ट ने रद किए नियम

बंबई उच्च न्यायालय ने तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री की पहचान करने और उसे विनियमित करने के उद्देश्य से संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को औपचारिक रूप से रद कर दिया और इन्हें असंवैधानिक करार दिया।

न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर की एकल पीठ ने 20 सितंबर को कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट और व्यापक होने के कारण न केवल व्यक्ति पर बल्कि सोशल मीडिया मध्यस्थ पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। जनवरी में एक खंडपीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित निर्णय दिया था, जिसके बाद एक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास इस मामले को भेजा गया था। तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद, न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने गुरुवार को हास्य कलाकार कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट एंड डिजिटल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन द्वारा नए नियमों को चुनौती देते हुए दायर याचिकाओं पर औपचारिक रूप से फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि बहुमत की राय को देखते हुए, नियम 3 (1) (5) को असंवैधानिक घोषित किया जाता है और इसे रद किया जाता है। तदनुसार याचिकाएं स्वीकार की जाती हैं। जनवरी में न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति एन. गोखले की खंडपीठ द्वारा खंडित फैसला सुनाए जाने के बाद आईटी नियमों के खिलाफ याचिकाएं न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास भेज दी गई थीं। न्यायमूर्ति पटेल ने कहा था कि ये नियम 'सेंसरशिप' के समान हैं, लेकिन न्यायमूर्ति गोखले ने कहा था कि इनका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

## कर्नाटक में सीबीआई जांच के लिए दी गई सहमति वापस ली

बेंगलुरु, एजेंसी

- सिद्धारमैया सरकार ने लिया फैसला

कर्नाटक सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति गुरुवार को वापस लेने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत कर्नाटक राज्य में आपराधिक मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सामान्य सहमति देने वाली अधिसूचना वापस ले ली गई है। दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए संबंधित सरकारों से सहमति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है। इसलिए, मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और (सीबीआई जांच के लिए सहमति) देंगे। सामान्य सहमति वापस ले ली गई है।

## घरेलू हिंसा से संरक्षण कानून हर महिला पर लागू

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-धार्मिक संबद्धता और सामाजिक पृष्ठभूमि इसमें बाधक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- भरण-पोषण के मामले में एक महिला की अपील पर सुनाया फैसला

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहे उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2005 का कानून संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा के लिए सभी महिलाओं पर लागू है। पीठ ने कहा कि ऐसा इसलिए है ताकि संविधान के तहत उसके अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा हो सके और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को संरक्षण मिल सके। उच्चतम न्यायालय ने भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला ने इससे पहले कानून की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी, जिसे फरवरी 2015 में एक मजिस्ट्रेट ने स्वीकार कर लिया था और उसे 12,000 रुपये मासिक भरण-पोषण और एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महिला के पति ने आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी जिसे अपीलीय अदालत ने देरी के आधार पर खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि बाद में महिला के पति ने अधिनियम की धारा 25 के तहत एक और आवेदन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर किया, जो आदेशों की अवधि और परिवर्तन से संबंधित है, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया।

### विवेकाधिकार का इस्तेमाल करें मजिस्ट्रेट

पीठ ने कहा कि अधिनियम की धारा 25(2) के तहत विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए मजिस्ट्रेट को इस बात से संतुष्ट होना होगा कि परिस्थितियों में बदलाव हुआ है, जिसके लिए परिवर्तन, संशोधन का आदेश पारित करने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिनियम के तहत परिस्थितियों में परिवर्तन या तो आर्थिक प्रकृति का हो सकता है, जैसे कि प्रतिवादी या पीड़ित व्यक्ति की आय में परिवर्तन, या यह भत्ता देने या प्राप्त करने वाले पक्ष की अन्य परिस्थितियों में परिवर्तन हो सकता है, जो मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित भरण-पोषण राशि में वृद्धि या कमी को उचित ठहराएगा।

## केंद्र सरकार ने बढ़ाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरें

नई दिल्ली, एजेंसी

- त्योहारों के पहले तोहफा

केंद्र सरकार ने त्योहारों से पहले तोहफा देते हुए श्रमिकों, खासकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की घोषणा की है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि नई न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार क्षेत्र 'ए' में निर्माण, झाड़ू, सफाई और लदान में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रतिमाह) अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रतिमाह) कुशल, लिपिक एवं शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रतिमाह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रतिमाह) होगी। सरकार के इस कदम से केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भवन निर्माण, लदान, वॉच एंड वार्ड, स्वीपिंग, सफाई, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगे श्रमिकों को संशोधित मजदूरी दरों से लाभ मिलेगा। नई मजदूरी दरें एक अक्टूबर, 2024 से लागू होंगी। पिछला संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था।

## एक नजर

### थाने के पास पड़ा मिला युवक, मौत

**कानपुर।** बादशाहीनाका थाने के पास गजनेर के जलालपुर नागिन निवासी 45 वर्षीय प्रमोद कुमार अचेत अवस्था में पड़ा मिला। दुकानदार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसे उर्सला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी मिनी ने बताया कि वह सालों से यहां पर कारपेंटर का काम करते थे। दो बच्चे अहम, अंशिका व शरद हैं।

### गहने चोरी के मामले में दर्ज हुई रिपोर्ट

**कल्याणपुर।** पनकी के बी ब्लॉक निवासी ममता देवी गत पांच सितंबर को घर के पास स्थित शिव मंदिर की कलश यात्रा में शामिल होने के लिए गई थीं, जहां उनके गले से चेन पार हो गई थी। एक महिला का मंगलसूत्र भी चोरी हुआ था। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### डीसीपी ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी ने शुक्रवार को एचबीटीयू में आयोजित दीक्षांत समारोह को लेकर सुरक्षा तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीसीपी अपराध मनीष सोनकर, एसीपी कर्नलगंज तेजबहादुर सिंह व नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा में शामिल रहे।

# रितिका को कुलाधिपति स्वर्ण सहित 6 पदक

## सीएसजेएमयू के दीक्षांत समारोह में मेधावियों को 36 कुलाधिपति पदक मिलेंगे, 86 को पीएचडी उपाधि

**दीक्षांत समारोह कल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विवि (सीएसजेएमयू) में 28 सितंबर को दीक्षांत समारोह में छात्रा रितिका अवस्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक सहित कुल 6 पदक मिलेंगे। मेधावियों को 36 कुलाधिपति पदक प्रदान किए जाएंगे। 57 मेधावियों को कुलाधिपति खुद पदक देंगी। 1,18,737 विद्यार्थियों को स्नातक व परास्नातक उपाधि व 86 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि दी जाएगी।

यह जानकारी कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल करेंगी। समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के उपाध्यक्ष डॉ अभय जेरे होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री, उप्र सरकार योगेन्द्र उपाध्याय व राज्य मंत्री उच्च शिक्षा, रजनी तिवारी मौजूद होंगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को मानद् उपाधि प्रदान की जायेगी।



दीक्षांत समारोह के बारे में जानकारी देते कुलपति प्रो. विनय पाठक। अमृत विचार

- 57 विद्यार्थियों को कुलाधिपति की ओर से दिए जाएंगे पदक
- कुल 105 पदक बंटेंगे समारोह में

### नटराज की मूर्ति का लोकार्पण होगा

- समारोह के दौरान स्कूल ऑफ क्रिएटिव एवं परफार्मिंग आर्ट्स की ओर से नटराजन की मूर्ति का लोकार्पण भी किया जाएगा। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को किट भी प्रदान की जाएगी। समारोह में विवि की ओर से एक ऐसी व्यवस्था की गई है जिसके तहत छात्र-छात्राएं डिग्री लेते हुए यादगार के लिए फोटो खिंचवा सकते हैं। इसके लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर और वीएफएक्स की सहायता ली गई है। एक स्टॉल भी लगाया जाएगा। जहां पर ऐसे छात्र-छात्राएं जो कुलाधिपति से नहीं मिल सकेंगे वह भी वीएफक्स की सहायता से फोटो खिंचवा सकेंगे।

### 25 छात्रों को एक से अधिक पदक

- दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति पदक (स्वर्ण, सिल्वर, ब्रांज सभी मिलाकर) 36 पदक तथा कुलपति स्वर्ण पदक 12 तथा 57 स्पान्सर्ड स्वर्ण पदक सहित कुल 105 पदक दिये जायेंगे। 57 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति की ओर से पदक प्रदान किये जायेंगे, जिसमें 39 छात्राएं तथा 18 छात्रों को पदक दिये जायेंगे। समारोह में डीजी कॉलेज की संगीत पाठ्यक्रम की छात्रा रितिका अवस्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक सहित कुल 6 पदक प्रदान किये जायेंगे। 25 ऐसे छात्र-छात्राएं हैं जिन्हें एक से अधिक पदक प्रदान किये जायेंगे।

### साड़ी बैंक की शुरुआत

- विश्वविद्यालय की ओर से साड़ी बैंक की शुरुआत भी की जाएगी। यहां से युवतियां व महिलाएं यहां से साड़ियां लेकर उसका इस्तेमाल कर उसे बैंक को वापस करे सकेंगी। यह साड़ी बैंक एक डिग्री कॉलेज में खुल चुका है। इनका विस्तार कर 16 कॉलेजों तक पहुंचाया जाएगा।

### 11 तालाब सुधारे जाएंगे

- कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने बताया कि समारोह में नगर व ग्रामीण इलाकों के खत्म हो चुके 11 तालाबों के सुधार की भी घोषणा की जाएगी। 'तालाब तारण अभियान' की शुरुआत कुलाधिपति और रामवीर तंवर पांड मैन ऑफ इंडिया की ओर से की जाएगी। यह तालाब सीएसआर फंड के जरिए सुधारे जाएंगे।

### 153 को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगेगा

- दीक्षांत समारोह में विवि की ओर से गोद लिए 5 गांव की 153 बेटियों को सर्वाइकल कैंसर का टीका भी निशुल्क लगाया जाएगा। कुलधिपति की ओर से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला क्षयरोग अधिकारी को टीबी ग्रस्त मरीजों के लिये पोषण पोटली प्रदान की जाएगी। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को कैंसर की स्क्रीनिंग की सुविधा भी होगी।

# विवि के साथ मिलकर सर्वाइकल कैंसर से जंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरुकता कार्यक्रम

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की ओर से गुरुवार को छात्रावासों ने सर्वाइकल कैंसर पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सर्वाइकल कैंसर से जंग, सीएसजेएमयू के संग जैसे स्लोगन बोले गए। विशेषज्ञों ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने की। आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो सुधीर अवस्थी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप मट्टू तथा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ सीमा द्विवेदी भी शामिल हुईं। कुलपति प्रोफेसर पाठक ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विश्वविद्यालय ने 153 कन्याओं को टीका लगवाने का बीड़ा उठाया है। प्रो डॉ सीमा द्विवेदी ने महिलाओं और पुरुषों दोनों के टीकाकरण पर बल दिया। डॉ प्रदीप मट्टू ने टीकाकरण



की आयु और समय सीमा पर जानकारी दी। कार्यक्रम में गावों में जाकर महिलाओं कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए डॉ अनुराधा कालानी, डॉ प्रवीण कटियार, डॉ रंजना गौतम, डॉ पुष्पा ममोरिया, डॉ स्नेह , ममता तिवारी, मानस उपाध्याय मानस उपाध्याय डॉक्टर पंकज द्विवेदी और आकांक्षा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में 'अस्त्र' ग्रुप के छात्रों ने प्रेरित करने वाला प्रदर्शन किया। चीफ वार्डन डॉक्टर सर्वेश मणि त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# 4 मेधावियों को दिया जाएगा कुलाधिपति पदक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एचबीटीयू का दीक्षांत समारोह आज

**अमृत विचार।** हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 27 सितंबर शुक्रवार को आयोजित होगा। एचबीटीयू वेस्ट कैंपस में होने वाले इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति, एचबीटीयू कानपुर और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी।

समारोह के दौरान 4 कुलाधिपति पदक और 44 कुलपति पदक दिए जाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल शामिल होंगे। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल भी समारोह में शिरकत करेंगे। समारोह का विषय पर्यावरण संरक्षण होगा।

### मेधावियों ने दिए सफलता के टिप्स

- एचबीटीयू के दीक्षांत समारोह में चांस्लर गोल्ड मेडल से सम्मानित होने वाली बीटेक. पेंट टेक्नोलॉजी की छात्रा सौम्या खंडेलवाल और सिल्वर मेडल से सम्मानित होने वाले बीटेक केमिकल इंजीनियरिंग के छात्र शिवांशु कुशवाहा ने युवाओं को सफलता के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। इसके अलावा पढ़ाई में निरंतरता भी बहुत जरूरी है। लक्ष्य का निर्धारण और समय प्रबंधन छात्र को जरूर करना चाहिए।

### सवाल पूछने की आदत डालें



दीक्षांत समारोह में चांसलर गोल्ड मेडल से सम्मानित होने वाली बीटेक. पेंट टेक्नोलॉजी की छात्रा सौम्या खंडेलवाल ने कहा कि सवाल पूछने की आदत डालनी चाहिए। क्लास में खासतौर पर टीचर से पूछना जरूर चाहिए। डीपीएस कल्यापुर से प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने वाली सौम्या ने बताया कि सफलता के लिए पढ़ाई में निरंतरता बहुत जरूरी है। उनके पिता दिनेश कांट्रेक्टर है और उनकी मां पूनम खंडेलवाल हाउस वाइफ हैं।

### रुचि के साथ करनी चाहिए पढ़ाई



सिल्वर मेडल से सम्मानित होने वाले बीटेक केमिकल इंजीनियरिंग के छात्र शिवांशु कुशवाहा मुंबई स्थित एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी कर रहे हैं। श्याम नगर निवासी शिवांशु ने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर श्याम नगर से की है। उनके पिता वीरेंद्र कुमार कुशवाहा मेडिकल कारोबार से जड़े हैं। उनकी मां हाउस वाइफ हैं। उन्होंने बताया कि रुचि के अनुसार ही विषयों का चयन करना चाहिए। इसके अलावा क्लास के अलावा ऑनलाइन किताबों को पढ़ने से भी लाभ हासिल होता है।

# बीएनएसडी में छात्रों को किया गया सम्मानित

**कानपुर।** भाजपा की ओर से मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत, भारतीय संस्कृति पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

6 राउंड की प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय आये विजेता छात्राओं को जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम में विधायक नीलिमा कटियार, सुरेश अवस्थी, संतोष शुक्ला, जन्मेजय सिंह, विनय पटेल, धर्म प्रकाश गुप्ता, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक परमानंद शुक्ला, प्रधानाचार्य बृज मोहन सिंह, अनुराग शर्मा आदि रहे।

# गेम में 96 लाख हारने वाले युवक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा नेता ने पुलिस से की शिकायत

**अमृत विचार।** ऑनलाइन गेम में 96 लाख रुपये हारने की बात करने वाले युवक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर काकादेव निवासी भाजपा नेता अक्षय त्रिवेदी ने थाने में लिखित शिकायत की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पूर्व जिला संयोजक भाजपा युवा मोर्चा अक्षय त्रिवेदी ने लिखित शिकायत में बताया कि इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक खुद को बिहार का रहने वाला बताकर ऑनलाइन गेम में 96 लाख रुपये हारने की बात कह रहा है। अक्षय त्रिवेदी ने पुलिस से दावा किया कि कुछ दिनों पहले यह युवक उन्हें कानपुर में मिला था। अपनी मजबूरी बताते हुए पढ़ाई नहीं कर पाने की बात कही थी। जिसके बाद उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसके रहने-खाने और कोचिंग की व्यवस्था करवाई थी। कुछ दिनों बाद युवक अचानक गायब हो गया। इस बीच सोशल मीडिया पर युवक का वीडियो वायरल होने पर उन लोगों ने उसका सामान खोजा तो उसकी किताब में आधार कार्ड की फोटो कापी मिली। जिसमें युवक का नाम हिमांशु मिश्रा और पता गुजैनी कानपुर लिखा हुआ है। अक्षय त्रिवेदी का कहना था कि इस युवक ने सैकड़ों लोगों से सहानुभूति के नाम पर खिलवाड़ किया है। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मकान में गोकशी पकड़ी सात आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेलबाजार थानाक्षेत्र का मामला, मांस, कुल्हाड़ी, चाकू बरामद

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक मकान में गोकशी की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करके भारी मात्रा में मांस, कुल्हाड़ी, चाकू समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया।

रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दशम शर्मा ने बताया कि गुरुवार को सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने सुजातगंज स्थित चंदारी जैदी के मैदान के पास शकील अफजाल के घर पर छापेमारी की। जहां पर मकान की पहली मंजिल में गोकशी की जा रही थी। मौके से टीम ने 98 किलो मांस, एक कुल्हाड़ी, तीन चापड़, पांच चाकू समेत अन्य सामान बरामद किया। साथ ही मौके से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सुजातगंज निवासी शकील अफजाल, इरफान अंसारी उर्फ पप्पू, मोहम्मद रिजवान, महफूज रहमान, आमिर रमजा, नई बस्ती सुजातगंज निवासी अब्दुल मलिक और बेकनगंज निवासी मोहसिन अंसारी बताया। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए। साथ ही जांच के लिए मांस के सैंपल भी लिए। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गोहत्या निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हड़पी रकम

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में नया शिवली रोड गौतम बिहार निवासी रामचंद्र यादव को साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा का लालच देकर ठग लिया।

रामचंद्र यादव के अनुसार तीन सितंबर को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अनजान नंबर से शेयर ट्रेडिंग का लिंक आया। जिसमें प्रवेश करने पर उन्हें कुछ कंपनियों से अच्छा रिफंड मिलने का लालच देकर शातिरों ने डेढ़ लाख रुपये बताए गए अकाउंट नंबर पर ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद और आठ लाख रुपये की मांग करने पर उन्हें ठगी होने का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# साहिल हत्याकांड में लापरवाही पर चौकी प्रभारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रंजिश की जानकारी पर निरोधात्मक कार्रवाई न करने का आरोप
- जेल से छूटे आरोपियों की निगरानी न करने समेत अन्य बिंदुओं में पाईं गईं दोषी

**अमृत विचार।** रतनलाल नगर महादेव बस्ती में मुकदमे में गवाही देने से रोकने के लिए युवक की लोहे की रॉड से पीट कर हत्या करने के मामले में गुरुवार को डीसीपी साउथ ने रतनलाल नगर चौकी इंचार्ज विद्याश्री को लापरवाही का दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया। चौकी प्रभारी पर जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर के आरोपी भाइयों की निगरानी न करने, आरोपियों के धमकाने की शिकायत के बावजूद लापरवाही बरतने का आरोप है।

महादेव नगर कच्ची बस्ती निवासी गांजा तस्कर हिस्ट्रीशीटर विकास उर्फ मैडी का पड़ोस में



रहने वाले साहिल व उसकी बहनों मुस्कान, मोनी, सोनी, मोहिनी से लंबे समय से विवाद चल रहा था। बीते वर्ष विकास ने साहिल पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। जिसमें विकास उर्फ मैडी, उसके भाई विक्रम व विवेक को जेल भेजा गया था। कुछ समय पूर्व विक्रम व विवेक जेल से छूटकर आए और मुस्कान को कोर्ट में गवाही न देने की धमकी दी थी। मना करने पर विक्रम, विवेक ने साथियों अक्षय, विशाल के साथ साहिल को सीटीआई नहर के पास घेर कर लोहे की रॉड से पीट कर हत्या कर दी थी। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने मामले में लापरवाही बरतने पर रतनलाल नगर चौकी इंचार्ज विद्याश्री को निलंबित कर दिया। डीसीपी साउथ ने बताया कि जांच में चौकी प्रभारी को तीन बिंदुओं में दोषी पाते हुए कार्रवाई की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मैने अपना नाम USMAN से बदलकर MOHD USMAN KHAN रख लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना वा पहचाना जाये। **S/O: MUNNOO KHAN R/O: SIRTAAJ NAGAR, PO- KHORHSA, KHIRABHA, GONDA.**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा कक्षा 10, अनुक्रमांक 1110927 की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गयी है। **जितेन्द्र कुमार पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम भेथरा माधव थाना व तहसील महमूदाबाद जिला-सीतापुर।**

**सूचना**

मैं रियाज, पुत्र अल्लाउदीन निवासी -EI 27 मोती झील पांडे का तालाब ऐशबाग, लखनऊ जिसका की आवंटन पत्र जो कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था, जोकि कही रखी गया है जिसका की मेरे अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अमान्य है, और गैर कानूनी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै MUSLIM RAZA S/O ABRAR KHAN निवासी ग्राम- परसोहनी रामपुर बस्ती, थाना -हरदत्त नगर गिरंट, जनपद - श्रावस्ती ने अपना MUSLIM RAZA से बदल कर MUSLIM RAZA KHAN कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैं अपने पुत्र राजकुमार तथा उनकी पत्नी खुशबू देवी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति तथा संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **राम रंगीले पांडेय ग्राम नरायनपुर मझारी पूरे दिन्मनजोत जिला बलरामपुर।**

**सूचना**

मैं कुसुम तिवारी पत्नी श्री अष्टभुज प्रसाद निवास- म. न. 27, पुरदिलपुर, गोरखपुर, उ.प्र. का नाम भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमाणपत्र स. 000174630 में कुसुम त्रिपाठी अंकित है जबकि मेरे आधार व पेन कार्ड मैं मेरा नाम कुसुम तिवारी है। मैं घोषणा करती हूं कि कुसुम त्रिपाठी व कुसुम तिवारी दोनों नाम मेरे ही हैं। - **कुसुम तिवारी**

**सूचना**

सूचनार्थ, मैं लक्ष्मी रावत पत्नी स्व0 भीमसेन रावत निवासिनी 554/1294, पवनपुरी आलमबाग, लखनऊ-226005 की हूँ। मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश ज्योति अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा वास्तविक व सही नाम लक्ष्मी रावत अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम के ही महिला के है। भविष्य में मुझे लक्ष्मी रावत के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा के अंकपत्र सहप्रमाण पत्र मे मिथलेश तथा जन्मतिथि 25-03-1994 अंकित है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम सोनम पत्नी जगदम्मा व जन्मतिथि 01-01-1991 अंकित है। अब मुझे मिथलेश पत्नी जगदम्बा के नाम से जाना पहचाना जाए। **मिथलेश पत्नी जगदम्बा निवासिनी ग्राम अनंतपुर पोस्ट वीरपुरभोज जिला गोंडा।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम रुस्तम सिंह के स्थान पर भिक्खु रक्खितानन्द पुत्र शिव सिंह कर लिया है। भविष्य में मुझे भिक्खु रक्खितानन्द के नाम से ही जाना जाये। **भिक्खु रक्खितानन्द पुत्र शिव सिंह निवासी दुगावली संतोषपुर घाट जिला इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अंकुर शुक्ला पुत्र रमाकान्त शुक्ला, निवासी- म0नं0 153 चांऊपुर, डाकखाना बेहटा रमपुरा, ब्लाक व थाना हरपालपुर, तहसील -सवायजपुर जिला हरदोई,** मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम अंग्रेजी LALTA अंकित हो गया है। जो कि गलत है जबकि उनके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरी माताजी का वास्तविक नाम अंग्रेजों में LALITA DEVI ही है जो सही व शुद्ध है। मेरी माता जी ललिता देवी LALITA DEVI पत्नी रमाकान्त शुक्ला के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का सही नाम अंकित किया जाये।

**सूचना**

मेरी पुत्री शफक हाशमी (SHAFAQ HASHMI) के कक्षा 5 की टीसी में मेरा नाम त्रुटिवश SABEENA BANO अंकित हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम SHABEENA BANO अंकित है, जो कि सही है। उक्त दोनों नाम एक ही, मुझे SABEENA BANO व SHABEENA BANO से जाना एवं पहचाना जाए। शपथी:- **शबीना बानो (SHABEENA BANO) पत्नी रशीद अहमद हाशमी (RASHEED AHAMAD HASHMI) निवासी मलिकपुर पोस्ट- पखरौली, जिला सुलतानपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र साहस श्रीवास्तव दून ग्लोवल स्कूल झाझरा देहरादून का विद्यार्थी है। विद्यालय के शैक्षिक अभिलेखों में साहस श्रीवास्तव पुत्र निरंजन श्रीवास्तव दर्ज है। लेकिन इंग्लिश में NIRANJAN SRIVASTAVA दर्ज हो गया है, जबकि वास्तविक नाम NIRANJAN SRIVASTAV है। **निरंजन श्रीवास्तव पुत्र दिनेश चंद्र श्रीवास्तव निवासी सब्जीमंडी के पास, गोविंद बाग बलरामपुर यूपी, हाल निवासी पुराने पोस्ट आफिस के पास सेलाकुई तहसील विकानगर जिला देहरादून।**

**नसीहत** अभिनेता शेखर सुमन ने जयपुरिया स्कूल में किया जागरूक, सांस्कृतिक व साहित्यिक महोत्सव कॉमफेस्ट का आयोजन

# रील्स और मीम्स के घातक नशे से बाहर निकलें युवा :शेखर सुमन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वर्तमान में युवाओं पर रील्स और मीम्स का काफी नशा है। यह नशा बढ़ता ही जा रहा है। इस रील्स और मीम्स के नशे से युवाओं का बाहर आना बहुत जरूरी है वर्ना उनका भविष्य खराब हो सकता है। युवाओं को इन सबसे हटकर पढ़ाई, नौकरी और भविष्य पर मुख्य फोकस करना चाहिए, ताकि युवाओं के साथ उनके परिवार और प्रदेश की तरक्की हो सके। कानपुर के युवा सभी क्षेत्रों में धूम मचा रहे हैं। यह बात फिल्म अभिनेता शेखर सुमन ने जयपुरिया स्कूल में कही।

कैंट स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में गुरुवार को तकनीकी, सांस्कृतिक व साहित्यिक महोत्सव कॉमफेस्ट का आयोजन हुआ। स्कूल के स्वर्ण जयंती वर्ष में इस बार जयपुरिया बिजनेस एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव का भी एक शानदार घटक शामिल हुआ। कॉन्क्लेव में उद्योग जगत के प्रतिष्ठित उद्यमी, नवप्रवर्तक व प्रतिष्ठित व्यक्ति एक साथ मंच पर एकत्रित हुए।




समारोह में गोल्डी मसाले के निदेशक सुदीप गोयनका का सम्मान हुआ। अमृत विचार



मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद का भी सम्मान किया गया।

कॉमफेस्ट समारोह में छात्रों ने कार्यशालाओं, कोडिंग चुनौतियों और परस्पर संवादात्मक प्रदर्शनों के साथ प्रौद्योगिकी की दुनिया में तकनीकी दक्षता, रचनात्मक कौशल व बहुमुखी तकनीक केंद्रित चर्चाओं में भाग लिया। विशेष अतिथि शेखर सुमन ने युवाओं को मोबाइल फोबिया से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल की लत युवाओं को डुबो रही है। इसका नशा बहुत घातक है। युवा दिन-दिनभर मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। रात में भी देर रात तक मोबाइल पर बिजी रहते हैं। उनका खान-पान, आदतें सभी पर असर पड़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि इसके नशे से बचा जाए। शेखर ने जोक्स से लोगों को खूब हंसाया भी और होस्ट के रूप में उद्यमियों से वार्ता भी की। अभिनेता अतुल तिवारी ने कहा कि कानपुर की दिन प्रतिदिन तरक्की हो रही है। युवा आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान स्कूल के निदेशक हरीश संदूजा, प्रधानाचार्य शिखा बनर्जी, उप प्रधानाचार्य (यूनियर स्कूल) मधुश्री भौमिक, उप प्रधानाचार्य (सीनियर स्कूल) गणेश तिवारी, जीएम शैलेंद्र अग्निहोत्री, गोल्डी ग्रुप से सुदीप अग्रवाल, ज्ञान फ्रेश से जय अग्रवाल, काशी ज्वैलर्स से श्रेयांश कापूर, लाहौरी जीरा से सौरभ मुंजाल, बरिस्ता से रजत अग्रवाल, पूर्व छात्र आदित्य बरसिया समेत आदि लोग रहे।

### लखनऊ से कानपुर आना रहा बड़ी चुनौती

- अभिनेता शेखर सुमन ने कहा कि लखनऊ से कानपुर जिंदा आना एक बड़ी चुनौती रही। बस वापस सही सलामत चला जाऊं, इतना ही काफी है क्योंकि सड़क और फिर जाम ने बेहाल कर दिया। कानपुर के लोग काफी मिलनसार है। मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ.संजय निषाद ने कहा कि पिछली सरकारों में देश की अर्थव्यवस्था ठीक नहीं थी, लेकिन वर्तमान में देश अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व में पांचवें नंबर पर है। ग्राम विकास विभाग की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी ने कहा कि वर्तमान में एफडीआर टेक्नोलॉजी से सड़के बन रही हैं ताकि वह 10 से 15 साल तक सुरक्षित रहे।

**आज का मौसम**

तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं

29.8° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 59 | सूर्यास्त 05 : 59

**शहर में आज**

- **प्रदर्शन** : विश्व हिंदू परिषद द्वारा परेड बर्गदेश्वर मंदिर, चन्द्रेश्वर हाथा के सामने मैच का विरोध प्रदर्शन सुबह 10 बजे।
- **समारोह** : हरकोट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह सुबह 11 बजे।
- **धरना** : आल इंडिया ईपीएस 95संघर्ष समिति का भविष्य निधि कार्यालय गेट पर धरना प्रदर्शन 12 बजे।
- **जागरूकता** : एकेडमिक ऑफ पीडियाट्रिक द्वारा एंटीबायोटिक्स जागरूता सप्ताह बाल रोग विभाग हैलट में तीन बजे।
- **कॉफ्रेंस** : आईसीएसआई टीचर्स द्वारा सिविल लाइंस स्थित कैप्सूल रेस्टोरेंट में कॉफ्रेंस दोपहर तीन बजे।

### मैच के विरोध में विहिप का प्रदर्शन आज

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के विरोध में विश्व हिंदू परिषद शुक्रवार को परेड पर प्रदर्शन करेगा। विहिप कानपुर क्षेत्र के मीडिया प्रभारी ओमेंद्र अवस्थी ने बताया कि विहिप बांग्लादेश के साथ होने वाली क्रिकेट मैच की श्रृंखला का विरोध करता है। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुई अमानवीय घटनाओं से हिंदू समाज आहत है। ऐसे में मैच आयोजित करके बीसीसीआई ने अच्छा नहीं किया। मैच के विरोध में ग्रीनपार्क की तरफ कूच पर अभी स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया। केंद्रीय नेतृत्व से निर्देश मिला तो कूच भी किया जा सकता है। मैच के विरोध के लिए शुक्रवार प्रातः दस बजे बरगदेश्वर मंदिर चंद्रेश्वर हाता परेड पर विहिप कार्यकर्ता और आमजनता विरोध के नारे लिखी पट्टियों के साथ एकत्र होंगे। विरोध शांतिपूर्ण किया जाएगा।



बारिश होने पर ग्रीनपार्क के पूरे मैदान को रेन कवर से ढक दिया गया। अमृत विचार



कवर के ऊपर भरे पानी को मशीन से निकाला गया। अमृत विचार

# मैच पर बारिश का खतरा, मैदान कवर्स से ढका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **मौसम विभाग ने जताई तीन दिन बारिश होने की संभावना**

**अमृत विचार।** ग्रीन पार्क में टेस्ट मैच में बारिश का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग ने मैच की शुरुआत वाले दिन से लेकर तीन दिन तक लगभग 30 मिमी बारिश होने की आशंका जताई है। तीनों दिन घने बादल होने का भी अंदेशा जताया है।

गुरुवार को टीम इंडिया के अभ्यास सत्र के दौरान बारिश हुई तो अभ्यास के लिए बांग्लादेश टीम को इंतजार करना पड़ा। ग्राउंड्समैन ने पूरे मैदान को तुरंत कवर्स डालकर ढका।

सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की वजह से शहर के मौसम में अचानक बदलाव आया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर में 27 से 29 सितंबर तक तीन दिनों में 30 मिली मीटर बारिश होने का अनुमान है। यह बारिश रुक-रुक कर हो सकती है। इसका असर 27 सितंबर की सुबह से ही दिखाई पड़ने लगेगा। इसके अलावा घने बादल भी छाये रह सकते हैं। जिससे मैदान पर रोशनी पर असर पड़ सकता है। गुरुवार को भी बारिश ने अपना असर दिखाया। इससे टीमों के नेट अभ्यास में बाधा आई। मौसम में अचानक बदलाव से तापमान में 24 घंटे के भीतर 4 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई।

### टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने सुपर फैन आए

**कानपुर।** टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने सुपरफैन गुरुवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंच गए। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का फैन सुधीर चौधरी, कप्तान रोहित शर्मा का चहेता जीतेंद्र और पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के फैन रामबाबू ने गुरुवार सुबह ग्रीनपार्क पहुंचकर टीम इंडिया के अभ्यास सत्र के दौरान स्टेडियम की ए पवेलियन में तिरंगा फहराकर खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया। ये सुपरफैन अपने चहेते खिलाड़ियों का प्रचार पूरे देश ही नहीं पूरी दुनिया में करते हैं। जहां भी भारतीय टीम खेलने जाती है, यह प्रशंसक वहां मौजूद रहते हैं।



भारतीय टीम के सुपर फैन ने लहराया तिरंगा। अमृत विचार

# ग्रीनपार्क में पहली बार टेस्ट मैच खेलेगी बांग्लादेश टीम

## ○ सुबह नौ बजे होगा टॉस ○ भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दोनों टीमों के लिए अहम



बल्लेबाज सरफराज खान को टिप्स देते कोच गौतम गंभीर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में वर्तमान टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला दोनों टीमों भारत-बांग्लादेश के लिए अहम है। बांग्लादेश की टीम इसलिए जी जान लगाएगी क्योंकि ग्रीनपार्क में वह पहली बार टेस्ट मैच खेलने आई है और सीरिज में 1-0 से पीछे है। इधर टीम इंडिया सीरीज जीतने के लिए क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इन सबके बीच गुरुवार को मौसम ने भी अपना मिजाज बता दिया है। बारिश से दोनों टीमों का अभ्यास कुछ देर के लिए बाधित रहा। शुक्रवार को भी बारिश के आसार हैं।

ग्रीनपार्क की पिच बल्लेबाजी व स्पिनर के लिए ठीक है, इसलिए दोनों टीमें स्पिनर उतार सकती हैं। शुरू में दो दिन बल्लेबाजों को मदद मिल सकती है। टीम के एकादश का फैसला शुक्रवार को मैच से पहले होगा। मैच का टॉस सुबह 9 बजे और खेल 9.30 बजे से शुरू होगा।

भारतीय टीम शुक्रवार को ग्रीनपार्क में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में क्लीन स्वीप का इरादा बनाकर चल रही है। इसलिए रोहित शर्मा और विराट कोहली फार्म में लौटने की पूरी कोशिश में हैं। पहले टेस्ट में दोनों कुछ खास नहीं कर चुके थे। टीम मैनेजमेंट ने ग्रीनपार्क में तैयार दो पिचों में बैटिंग विकेट को फाइनल किया है। वहीं यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और रिषभ पंत का पहले टेस्ट में प्रदर्शन शानदार था, जो यहां भी बरकरार रखना चाहेंगे। स्पिनर भी अहम भूमिका में हैं। जसप्रीत बुमराह अपनी गेंदबाजी से मेहमान टीम को परेशान कर सकते हैं। रवींद्र जडेजा के अलावा अक्षर पटेल व कुलदीप यादव में मौका किसे मिलेगा, यह फैसला शुक्रवार सुबह होगा।



ग्रीनपार्क में गेंदबाजी का अभ्यास करते आकाशदीप।

### मेहमान टीम को करनी होगी ज्यादा कोशिश

- दूसरे टेस्ट में मेहमान टीम बांग्लादेश के शीर्ष बल्लेबाजों को पूरी कोशिश करनी होगी। ग्रीनपार्क में उनका फार्म ही जीत या हार का फैसला करेगी। टीम के कोच हसरंगा ने भी माना कि उनके शीर्ष बल्लेबाजों का अच्छा प्रदर्शन न मिलने से वह निराश हैं। कप्तान नजीमुल हसन, शदमान इस्लाम, जाकिर हसन, नोमिनुल हसन, मुस्तिफुकर रहीम, शाकिब अल हसन सभी ने ग्रीनपार्क में अभ्यास में कड़ा परिश्रम किया है। गेंदबाजी में बांग्लादेश टीम तीन स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरने की बात पहले ही बता चुकी है।

### दोनों टीमों के लिए अंतिम एकादश चुनना चुनौती

- गुरुवार का मौसम देखकर आशंका है कि बारिश उलटफेर कर सकती है। नमी के कारण मैदान व पिच के मिजाज में बदलाव आ सकता है। इसलिए दोनों टीमों को अंतिम एकादश का चुनाव करना कठिन होगा। इस हालत में टॉस की भूमिका भी काफी अहम है। ग्रीनपार्क में दो विकेट तैयार की गई थीं, लेकिन भारतीय टीम मैनेजमेंट ने बल्लेबाजों की मददगार विकेट को फाइनल किया। इससे रनों की बारिश की संभावना थी पर बारिश ने संशय की स्थिति पैदा कर दी है।

# आखिरी मैच दक्षिणअफ्रीका के साथ खेलने की तमन्ना : शाकीब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **शाकीब अल हसन ने अंतरराष्ट्रीय जगत से की संन्यास की घोषणा**

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच से पहले बांग्लादेशी स्टार खिलाड़ी शाकीब अल हसन ने टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विदेशी धरती पर यह उनका आखिरी टेस्ट होगा। अगर मीरपुर में दक्षिण अफ्रीका के साथ अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने में सुरक्षा संबंधी दिक्कतें आती हैं तो यही उनका अंतिम टेस्ट मैच होगा।

शाकीब ने प्रेसवार्ता में कहा मैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने बांग्लादेश के मीरपुर में खेले जाने वाले टेस्ट मैच के बाद रिटायर हो जाऊंगा। वह मेरे करियर का आखिरी मैच होगा, मगर मुझे नहीं पता कि उस मैच में मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। अपना टेस्ट करियर अपने घरेलू दर्शकों के सामने समाप्त करना सही रहेगा। मुझे लगता है कि बांग्लादेश क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मैं इस फॉर्मेट में अपना आखिरी मैच घरेलू धरती पर खेलना चाहूंगा। मैं आश्वस्त नहीं हूं कि देश में अप्रिय हालात के बीच मीरपुर में अपने दर्शकों के सामने मुझे रिटायर होने का मौका मिलेगा।

शाकिब ने कहा कि टी 20 क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास ले रहे हैं। बांग्लादेश के लिए शाकीब अल हसन ने 70 टेस्ट, 247 वनडे और 129 टी-20 मैच खेले हैं। शाकीब ने 2007 में भारत के खिलाफ जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में खेले गए मैच से टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। वे लंबे समय तक बांग्लादेश टीम की कप्तानी कर चुके हैं।



शाकीब अल हसन।

# रिकार्ड एक करोड़ पंद्रह लाख के टिकट बिके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **विधानसभा व यूपीसीए अध्यक्ष करेंगे मैच का उद्घाटन**
- **स्टेडियम में सुबह 8 बजे शुरू होगा दर्शकों का प्रवेश**

**अमृत विचार।** एक माह से ग्रीनपार्क स्टेडियम की जर्जर सी-गैलरी की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है। पीडब्ल्यूडी की एनओसी भी मिल चुकी है। अब ग्रीनपार्क स्टेडियम में दर्शक क्षमता बढ़ गई है। यहां 26,007 दर्शक बैठकर मैच देख सकेंगे। पिछले टेस्ट मैच में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 22, 491 लोगों की थी। इस बार टेस्ट मैच में रिकार्ड एक करोड़ पंद्रह लाख रुपये के टिकट बिके हैं। पिछली बार न्यूजीलैंड के टेस्ट मैच में 93 लाख रुपये के बिके थे। यह जानकारी वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर ने दी।

डॉ. संजय कपूर ने बताया कि मैच का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और यूपीसीए के अध्यक्ष डॉ. निधिपति सिंघानिया करेंगे। ग्रीनपार्क में पहली बार घंटी बजाकर मैच की शुरुआत की जाएगी। घंटी टीम के शीर्ष खिलाड़ी बजाएंगे। मैच के दौरान शहीदों के परिवारों को भी बतौर अतिथि के रूप में मैच दिखाया जाएगा। ग्रीन थीम के तहत मैच में मुख्य अतिथियों से पौधा भी लगवाया जाएगा। शहीदों के परिजन उनके नाम का पौधा रोपित करेंगे। प्लास्टिक फ्री मैच कराने के लिए हर संभव प्रयास रहेगा।

स्टेडियम में दर्शकों का प्रवेश 8 बजे से शुरू होगा। स्टेडियम के हर गेट पर सेल्फी प्वाइंट भी बनवाए गए हैं।

# उन्नाव की काली मिट्टी से बनी है पिच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क के पिच क्यूरेटर ने टेस्ट मैच के लिए दो पिचें तैयार की हैं जिनमें से एक पर मैच खेला जाना है। भरोसेमंद सूत्रों के मुताबिक उन्नाव से लायी गयी काली मिट्टी से बनी पिच पर मैच खेले जाने की संभावना है। यह निर्णय कोच गौतम गंभीर और भारतीय टीम के कैप्टन रोहित शर्मा को लेना है। दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत 1-0 से आगे है। बांग्लादेश को बराबरी के लिए यह मैच जीतना होगा।

पहली पिच पांरपरिक तौर पर उन्नाव से काली मिट्टी लाकर बनायी गई है तो दूसरी चेन्नई जैसी पिच की तरह व्यवहार करेगी। चेन्नई में भारत ने बांग्लादेश को बुरी तरह पराजित किया था पर शीर्ष के बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए थे। कालीमिट्टी से बनायी गयी पिच फिरकी गेंदबाजों के लिए मुफीद बतायी जाती है। बताते हैं कि तेज गेंदबाज इस पिच पर ज्यादा कामयाब नहीं होंगे। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम बड़ा स्कोर कर सकती है। एक्सपर्ट बताते हैं कि खेल आगे बढ़ने के साथ यह पिच धीमी होती जाएगी।



पिच चेक करते रोहित शर्मा, साथ में गौतम गंभीर। अमृत विचार

### ग्रीनपार्क में 23 टेस्ट खेले भारत ने, 7 जीते

टीम इंडिया ने ग्रीनपार्क स्टेडियम में 23 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से 7 जीते और 3 में हारे और बाकी 13 मैच बराबरी पर छूटे। भारत ने आखिरी बार कानपुर में नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। उस मैच में अजिंक्य रहाणे ने भारत की कप्तानी की थी। भारत ने अपनी पहली पारी में 345 रन बनाए थे। इससे पहले 1969 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध मैच में जीआर विश्वनाथ ने डेब्यू किया था और शतक मारा था।

# उपकप्तान की विशेष जरूरत नहीं: अभिषेक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **अधिकांश भारतीय खिलाड़ियों के पास आईपीएल में कप्तानी का अनुभव है**

**अमृत विचार।** भारतीय टीम उप कप्तान के बगैर खेलने उतरेगी। इंडिया टीम के बैटिंग कोच अभिषेक नायर ने कहाकि टीम इंडिया को उप कप्तान की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि टीम के अधिकांश खिलाड़ियों के पास आईपीएल में कप्तानी का अनुभव है और मैच में किसी भी परिस्थिति में काम कर सकते हैं।

प्रेसवार्ता में अभिषेक नायर ने कहा कि हम पहला टेस्ट मैच जीते हैं। इसलिए लक्ष्य सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप करने पर है। बारिश की भी आशंका है, इसी को ध्यान में रखकर अंतिम एकादश का चयन अहम है। परिस्थितियों में उपयोगी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलेगी। कुलदीप यादव को मौका दिए जाने के सवाल पर कहा कि यह फैसला मौसम की स्थिति को देखकर लिया जाएगा। पहले टेस्ट में रिषभ पंत, शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल और रवींद्र जडेजा ने अच्छा प्रदर्शन किया। शेष बल्लेबाजों से भी दूसरे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। टीम को विराट, रोहित के अनुभव का फायदा मिल रहा है।



अभिषेक नायर ।



कुलदीप यादव। अमृत विचार



अभ्यास करता बांग्लादेश का गेंदबाज।



बांग्लादेश टीम का फैन अपना झंडा लहराते हुए। अमृत विचार

# टेस्ट मैच पर रूट डायवर्जन, जरा देख कर निकलें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार से ग्रीनपार्क में भारत-बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच सीरीज का दूसरा मैच शुरू होने जा रहा है। जिसके मद्देनजर शहर की वीआईपी रोड समेत अन्य रूटों पर पांच दिनों के लिए ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। लोगों से इसे देखकर निकलने की सलाह है।



### पहला फेज-मुख्य डायवर्जन

- फूलबाग, मेघदूत की तरफ से वीआईपी रोड होते हुए ग्रीनपार्क जाने वाले वाहन डीएवी तिराहा से आगे नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन डीएवी तिराहा से बाएं मुड़कर मधुवन तिराहा, हडर्ड चौराहा से सिलवर्टन तिराहा होते हुए जाएंगे।
- कंपनीबाग, रानीघाट की तरफ से कोई वाहन मर्चेंट चेंबर तिराहा से आगे नहीं जा सकेगा। ऐसे वाहन मर्चेंट चेंबर तिराहा से दाहिने मुड़कर सिल्वर्टन तिराहा, लाल इमली चौराहा से होकर जाएंगे।
- बड़ा चौराहा, मूलगंज की ओर से हडर्ड चौराहा की ओर जाने वाले वाहन कारसेट, परेड चौराहा से आगे नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन कारसेट चौराहा से बाएं मुड़ कर लाल इमली चौराहा होकर जाएंगे।

### दूसरा फेज

- मर्चेंट चेंबर पर अधिक दबाव होने पर कोई भी वाहन रेव-थ्री तिराहा से आगे मर्चेंट चेंबर नहीं जाएंगे, ऐसे वाहन रेव-थ्री तिराहा से आगे विजय विला होटल होते हुए जाएंगे।
- डीएवी तिराहा पर जाम की स्थिति पर डायवर्जन सरसैया घाट से किया जाएगा। इस स्थिति में वाहन सरसैया घाट से बाएं बड़ा चौराहा होते हुए जाएंगे।

### तीसरा फेज

- रेव थ्री पर जाम की स्थिति पर रानीघाट डायवर्जन किया जाएगा, इस स्थिति में वाहन रानीघाट चौराहा से दाहिने मुड़कर राजीव पेट्रोल पंप होते हुए जाएंगे।
- सरसैया घाट पर ट्रैफिक दबाव होने पर मेघदूत तिराहा से डायवर्जन होगा। इस स्थिति में वाहन बड़ा चौराहा होते हुए जाएंगे।

### पार्किंग व्यवस्था

- बाबा घाट रोड के दोनों तरफ मीडिया पार्किंग होगी।
- फूलबाग की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग गैस गोदाम ग्राउंड डीएवी तिराहा व हडर्ड कॉलेज चौराहा से सिल्वर्टन तिराहा के बीच सड़क के दोनों ओर होंगी।
- मूलगंज, घंटाघर, यतीमखाना की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग जीआईसी ग्राउंड पार्किंग, लाल इमली चार बंगलिया मैदान, लाल इमली मेन गेट के दोनों तरफ, म्योरमिल मैदान, मकरॉबर्टगंज फुटबाल मैदान, एफसीआई मैदान, मकरॉबर्टगंज हॉस्पिटल के सामने केवल बाइक व क्रिस्टल पार्किंग में होगी।
- कंपनीबाग, रानीघाट, कर्नलगंज, ग्वालटोली की तरफ से आने वाले वाहन टेफ्को फैक्ट्री एरिया, टेफ्को मंदिर गेट से परमट पार्किंग तक सड़क के दोनों, परमट पार्किंग, टेफ्को गेस्ट हाउस, टेफ्को आवासीय परिसर, टेफ्को जीएम आवासीय परिसर, मिलन गेस्ट हाउस के सामने गोल्डी मसाले वाले मैदान पर पार्किंग होगी।

# 46 लाख की 50 किलो चांदी लेकर कारीगर हुआ फरार

## चौक सर्राफा कमेटी के सदस्य के साथ हुई घटना, पुलिस को तहरीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जेवर कारोबारी का विश्वास जीतने के बाद कारीगर 46 लाख कीमत की 50 किलो चांदी लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने सर्राफ कमेटी के अन्य सदस्यों को जानकारी दी। जिसके बाद आधा सैकड़ा व्यापारी कोतवाली पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ की लिए उसका मोबाइल सर्विलांस में लगाकर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।



आरोपी रविंद्र।

- शुक्लागंज उन्नाव निवासी है आरोपी, पुलिस देख रही है सीसीटीवी

बंगाली मोहाल निवासी कारोबारी अश्विनी वर्मा उर्फ टिंकू की चौक सर्राफा में डिंपल ट्रेडर्स के नाम से फर्म है। यहां पर चांदी की पेटी सिक्के और जेवर बनाने का काम होता है। आरोपी कारीगर रविंद्र सिंह निवासी शुक्लागंज उन्नाव छह वर्ष से काम कर रहा था। वह 46 लाख रुपये कीमत की 50 किलो चांदी लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना उत्तर प्रदेश ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री पुष्पेंद्र को दी। जिसके बाद वह लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकुल वर्मा, चेयरमैन किशोर सक्सेना, पुरुषोत्तम वर्मा, कपिल समेत आधा सैकड़ा पदाधिकारी कोतवाली थाने पहुंचे। कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि आरोपी की तलाश में सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

### फरार कारीगर संपत लवेटे को पकड़ नहीं पाई पुलिस

बजरिया थानाक्षेत्र के बेकनगंज सर्राफा बाजार से महाराष्ट्र के सांगली जिला निवासी कारीगर संपत राव लवेटे को पुलिस ढूंढ नहीं पाई है। वह व्यापारियों का 15-20 किलो सोना व एक करोड़ से ज्यादा की नकदी लेकर फरार हो गया था। इस मामले में उसका साथी महेश मस्के गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। लेकिन 10 माह बीतने के बाद भी उसका कुछ नहीं पता चल सका है।

# शेयर मार्केट में नुकसान पर व्यापारी ने दी जान

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में शेयर मार्केट में नुकसान होने के कारण मानसिक तनाव में चल रहे व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने जांच की।

काकादेव के आरएसपुरम निवासी 44 वर्षीय ऋषभ नारायण शुक्ला कार एसेसरीज के डीलर थे। उनके परिवार में पत्नी आस्था और एक बेटा है। साले आलोक दीक्षित ने बताया कि बहनोई शेयर मार्केट में निवेश करते थे। बीते कई महीनों से शेयर मार्केट में लगातार नुकसान होने के कारण वह मानसिक तनाव में चल रहे थे। गुरुवार को बहनोई ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

काकादेव थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि परिजनों के अनुसार व्यापारी ने शेयर मार्केट में नुकसान होने के कारण आत्महत्या की है।

# धनवंतरि हॉस्पिटल और डॉक्टरों पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इलाज में लापरवाही से मौत का मामला

**अमृत विचार।** इलाज में लापरवाही से पत्नी की मौत होने पर रिटायर्ड सैन्यकर्मी ने धनवंतरि हॉस्पिटल व उसके चिकित्सकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि चिकित्सकों ने गलत दवाओं का प्रयोग कर कुछ ही समय में पत्नी को मरणासन्न अवस्था में पहुंचा दिया।

जनता नगर बर्रा-3 निवासी अशोक कुमार रक्षा व वित्त मंत्रालय के क्षेत्रीय लेखा कार्यालय कैंट में वरिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर कार्यरत थे। अशोक के मुताबिक वह सीजीएचएस के लाभार्थी हैं। 4 दिसंबर 2023 को उन्होंने पत्नी पूनम बाला को सांस लेने में तकलीफ व पेट दर्द की समस्या पर धनवंतरि सिग्मा हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां अल्ट्रासाउंड के बाद नौबस्ता स्थित धनवंतरि हॉस्पिटल जाने को कहा गया। जहां अस्पताल प्रबंधन ने उनसे पैसे एंठे और पत्नी पर गलत दवाओं का प्रयोग किया। जिससे वह मरणासन्न हो गईं। इसके बाद दो लाख की मांग कर जबरन हस्ताक्षर करा कर पत्नी को वेंटिलेटर पर डाल दिया। हालचाल पूछने पर उनसे अभद्रता की, जिस पर उन्होंने 5 दिसंबर की शाम पत्नी को वहां से हटाकर रीजेंसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। जिलाधिकारी से शिकायत पर तीन डॉक्टरों के पैनल ने जांच की। जिसमें धनवंतरि हॉस्पिटल को दोषी ठहराया गया। पीड़ित ने हनुमंत विहार में थाने में धनवंतरि सिग्मा अस्पताल व धनवंतरि सुपर स्पेशलिस्ट नौबस्ता के डॉक्टरों व प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

## सार-संक्षेप



पूर्व पार्षदों ने आंदोलन की रणनीति बनाई। अमृत विचार

### गृहकर के खिलाफ आंदोलन करेंगे पूर्व पार्षद

**कानपुर।** नयागंज स्थित अशोक केसरवानी के कार्यालय में पूर्व पार्षद फोरम कानपुर की बैठक हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व पार्षद गृहकर मुद्दे पर घर-घर कुंडी खटखटाएंगे। व्हाटसएप नंबर जारी कर गृहकर वृद्धि रोकने की शिकायत एकत्रित की जाएगी। प्रत्येक आंदोलन के बाद एक बैठक की जाएगी। जब तक कानून वापसी नहीं हो जाती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। पहले चरण में मंडलायुक्त को ज्ञापन देकर आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान पूर्व पार्षद मदन लाल भटिया, मो.इराहक, अशोक केसरवानी, अंजलि वर्मा, सुमन तिवारी, फूलमती यादव, संतोष जिद्दी, मो.वसीम, अकीम बाबा, मो.हसीन, संजीव मिश्रा, अम्बर द्विवेदी, योगेश वर्मा, चेतन चौहान व प्रताप कुमार समेत आदि लोग रहे।



पौधरोपण करते नगर आयुक्त सुधीर कुमार, भूपेश अवस्थी।

### केशव पार्क में 108 पौधे रोपे

**कानपुर।** नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने पितृ पक्ष पर केशव नगर स्थित पार्क में हुए वृक्षारोपण में भाग लिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण साफ सुथरा हो, यह सबकी जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि केशव नगर के पार्क में शहर की पहली नवग्रह वाटिका बनाई गई है। समिति की ओर से हर साल पितर पक्ष के मौके पर अपनों की याद में पौधे रोपे जाते हैं। समिति के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह व संयोजक रोहित अवस्थी ने बताया कि पार्क में 108 पौधों का रोपण किया गया। समिति के अध्यक्ष भूपेश अवस्थी, संघ के विभाग प्रचारक बैरिस्टर सिंह, महामंत्री निखिलेश दुबे, पूर्व मंत्री बालचंद्र मिश्र, अनुपम दुबे, पार्षद अवधेश त्रिपाठी व हरस्वरूप तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### कल्याणपुर में 12वीं की छात्रा ने दी जान

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर है। मूल रूप से घाटमपुर पतारा निवासी मीना सोनकर नया शिवली रोड आरकेपुरम में किराए के मकान में रहकर निजी अस्पताल में साफ सफाई का काम करती है। उनकी बड़ी बेटी आरती सोनकर (18) 12वीं की छात्रा थी। गुरुवार को आरती ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि छात्रा के मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

### पीएम आवास योजना की लॉटरी स्थगित

**कानपुर।** मगरवारा (गोकुलधाम) योजना उन्नाव में पीएम आवास योजना के तहत 27 सितंबर को होने वाली लॉटरी स्थगित कर दी गई है। निजी विकासकर्ता मेसर्स ट्रेड स्टोन लि. द्वारा 993 फ्लैटों के आवंटन के लिये सूडा द्वारा चयनित पात्र 1030 आवेदकों के मध्य यह लॉटरी होनी थी। लेकिन, ग्रीनपार्क स्टेडियम में मैच होने और राज्यपाल के शहर भ्रमण के चलते पुलिस विभाग ने पुलिस बल उपलब्ध कराने से मना कर दिया है। जिसकी वजह से 27 को होने वाली लाटरी स्थगित कर दी गयी है।

### दोस्तों से संबंध न बनाने पर बनाया बंधक

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी एक महिला ने पति पर दोस्तों के साथ अवैध संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। आरोप यह भी है कि विरोध करने पर पति ने उसके साथ मारपीट कर कमरे में बंधक बनाया। पीड़िता पत्नी ने पति पर अवैध स्पा सेंटर संचालित करवाने का भी आरोप लगाया और नौबस्ता पुलिस तथा अधिकारियों से शिकायत की। नौबस्ता पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इस संबंध में एडीसीपी साउथ ने बताया कि पीड़िता की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

### सपा का बढ़ता प्रभाव देख भाजपा नेता दे रहे अनर्गल बयान

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में गुरुवार को एक गोष्ठी हुई, जिसमे महा नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि बढती बेरोजगारी व महंगाई से जनता परेशान है। काम के अभाव में क्रय शक्ति घट गई है। सपा अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाती है तो भाजपा को अच्छा नहीं लगता और तथ्य पर पर्दा डालने के लिए भाजपा अनर्गल बयानों का सहारा लेती है। सरकार मिलावट पर ध्यान न देकर सपा के पीडीए से मंत्री परेशान है। जबकि स्थिति यह है की देसी घी में मिलावट, पनीर में मिलावट और तो और जीवन रक्षक दवाइयां भी मानक से खरी नहीं उतर रही है, जिसके कारण मर्ज बढ़ रहा है लेकिन मरीज की जेब ढीली होने पर भी दवाओ से फायदा नहीं मिल रहा है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, संजय निषाद, आकाश यादव, शबाब अबरार, राहुल यादव, इशरत इराकी, मनु यादव, जस्वेंद्र निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# आवास विकास के भूखंडों पर कब्जे में दिए नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता में बनी योजना संख्या 2 में कई भूखंडों पर अवैध रूप से पक्के कब्जे हो गये हैं। सरकारी जमीन पर कब्जेदार पक्के निर्माण कर किराया भी वसूल रहे हैं। आवास विकास परिषद की ओर कब्जों को खाली करने के नोटिस के बाद भी विभागीय अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिसको देखते हुये आवास विकास परिषद ने तत्काल ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर दिया है। नगर निगम से इन कब्जों को तोड़ने को कहा गया है।

हंसपुरम में सेक्टर 2ए 314 से 318 तक भूखंडों पर अवैध रूप से कब्जा है। इसी तरह सेक्टर टू डी में स्थित व्यवसायिक भूखंडों के लिये स्थापित की गई पार्किंग के भाग पर भी अवैध रूप से आरसीसी, पिलर्स खड़ा कर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर लिया गया है। वहीं परिषद के सेक्टर 1 बही में स्थित परिषद के आवासीय भूखंड पर अनाधिकृत रूप से कब्जा है। जिसको लेकर परिषद ने ध्वस्तीकरण के आदेश जारी कर दिये हैं। विभाग ने कहा है कि 7 दिनों में यदि अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नहीं की गई तो अवैध निर्माण कर्ताओं से भू-राजस्व की तरह की वसूली की जायेगी।



- आवास विकास की भूमि पर हो गये पक्के निर्माण

# रोनिल सरकार हत्याकांड में मां को धमकी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में दो वर्ष पहले हुए चर्चित रोनिल सरकार हत्याकांड में उसकी मां को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। पिता ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

- पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

डी ब्लॉक दिव्यधाम अपार्टमेंट श्यामनगर निवासी संजय सरकार ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उनके बेटे रोनिल सरकार की हत्या 31 अक्टूबर 2022 को कर दी गई थी। हत्यारोपी जमानत पर छूटकर खुलेआम घूम रहे हैं। आरोप लगाया कि उनकी पत्नी मीता सरकार के मोबाइल नंबर पर धमकी भरे फोन आ रहे हैं। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जितेश व अली को अग्रिम जमानत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डकैती और जमीन कब्जाने का मामला
- एडीजे-6 की कोर्ट ने खारिज कर दी अर्जी

**अमृत विचार।** नजूल की जमीन कब्जाने व डकैती के मुकदमों में नामजद 50 हजार के इनामी जीतेश झा व अली अब्बास की अग्रिम जमानत याचिका एडीजे-6 की कोर्ट ने खारिज कर दी।

सिविल लाइंस स्थित नजूल की जमीन कब्जाने के प्रयास में लेखपाल विपिन कुमार ने कोतवाली में पूर्व प्रेसक्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, अली अब्बास व जीतेश झा समेत 13 नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद सिविल लाइंस निवासी सैमुएल गुरुदेव ने उक्त आरोपियों समेत 12 नामजद व 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद से आरोपी जीतेश झा व अली अब्बास फरार चल रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। जीतेश व अब्बास ने एडीजे-6 कमलेश कुमार पाठक की कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। गुरुवार को मामले में सुनवाई हुई, कोर्ट ने दोनों आरोपियों की याचिका खारिज कर दी।

### मुशीर पर संगठित अपराध की धारा बढ़ी

नजीराबाद थाने में कमलेश फाइटर व अनवरगंज इफ्तिखाराबाद निवासी मुशीर खान के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा दर्ज किया गया था। मुशीर ने एडीजे-6 की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। मुकदमे में संगठित अपराध की धारा बढ़ने के बाद बचाव पक्ष की ओर से याचिका पर बल नहीं दिया गया।

### वसूली मामले में अखलाक की जमानत मंजूर

अनवरगंज निवासी मुफीद खान ने अनवरगंज थाने में अवनीश दीक्षित, वसीम खान, अखलाक खान के खिलाफ वसूली की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अखलाक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अखलाक की ओर से एडीजे-6 की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी, जो मंजूर कर ली गई है।

### सात दिन का मांगा समय, कोर्ट ने लगाई फटकार

एपीफैनी मामले में गुरुवार को आरोपी मो. सलीम की ओर से एडीजे-6 की कोर्ट में दाखिल की गई अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट मांगी थी, जिस पर अभियोजन की ओर से बताया गया कि विवचेक टेस्ट मैच के कारण मैच में व्यस्त है, जिस पर जवाब तैयार नहीं हो पाया। अभियोजन की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए 7 दिन का समय मांगा गया था। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि प्रार्थनापत्र पर समय दिए जाने का कोई आधार नहीं है। कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 27 सितंबर निर्धारित की।



टीबी रोगी से जानकारी लेते विधायक सुरेंद्र मैथानी व साथ में डॉ.आरपी मिश्रा। अमृत विचार

# विधायक मैथानी ने 10 टीबी रोगी लिए गोद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने 10 टीबी रोगियों को गोद लिया है। वह टीबी रोगियों का इलाज में सहयोग करने के साथ ही उन्हें पोषण सामग्री भी देंगे।

- इलाज के साथ ही पोषण सामग्री व भावनात्मक सहयोग देंगे

पनकी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी उन्मूलन के तहत कार्यक्रम हुआ, जिसमें विधायक मैथानी ने 10 टीबी रोगियों को गोद लिया। साथ ही उन्हें दाल, चना, गुड़, मूंगफली, प्रोटीन पाउडर, कॉर्नफ्लेक्स, सोयाबीन वितरित की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के संकल्प लिया है। इसलिए प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए क्षय रोगियों को गोद लिया जा रहा है। अपील है कि व्यापारी, शैक्षिक संस्थान, सामाजिक संस्थाएं व गैर-सरकारी संगठन भी मुहिम के तहत आगे आएं और टीबी रोगियों को गोद लें। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा ने बताया कि संपूर्ण इलाज के बाद टीबी पूरी तरह से ठीक हो जाती है। यह बेहद जरूरी है कि क्षय रोगियों को प्रोटीन, विटामिन युक्त आहार मिलता रहे। जिला कार्यक्रम समन्वयक राजीव सक्सेना, पीएचसी पनकी की मेडिकल ऑफिसर डॉ. गरिमा सक्सेना, सुपरवाइजर प्रशांत, शोभित, अखिलेश , नागेंद्र , सौरभ, विपिन, प्रतिभा व प्रेमी आदि रहे।

# जीएसटी टीम का विरोध किया

**कानपुर।** व्यापारियों ने गुरुवार को घंटाघर में जीएसटी टीम का खुलकर विरोध किया। व्यापारियों के विरोध पर एसजीएसटी टीम बगैर छापेमारी के वापस हुई। विरोध करने वाले भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा ने बताया कि घंटाघर स्थित भारत माता प्रतिमा स्थल के बगल में एक डिस्पोजल की दुकान पर सेंट्रल जीएसटी के अधिकारियो के आने की सूचना मिलने पर पहले मंडल के महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष इखलाक मिर्ज़ा व युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी ने पहुंचकर विरोध किया। अधिकारी व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारियों के आने की जानकारी मिलने पर दुकान को बंद करवाकर कर्मचारी को साथ लेकर चले गए। ज्ञानेश मिश्र,वरिष्ठ उपाध्यक्ष इखलाक मिर्ज़ा,सचिन त्रिवेदी के अलावा विजय गुप्ता गोरे, राजेश आहूजा व अब्दुल वहीद ने कहा कि सेंट्रल जीएसटी की टीम एक सप्ताह के दौरान दो बार कोपरगंज मे भी आई थी। वहां पर भी व्यापारियों का उत्पीड़न किया गया था।

# एमडी में दाखिले के नाम पर 34 लाख हड़पे

**कल्याणपुर संवाददाता।** पनकी थानाक्षेत्र में एक ऑर्थोपेडिक्स डॉक्टर की बेटी का दिल्ली के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने के नाम पर शातिरों ने साढ़े 34 लाख से अधिक की रकम हड़प ली। पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेज दिया।

पनकी ई ब्लॉक निवासी डॉक्टर दीपक कुमार ने पुलिस को बताया कि 13 मार्च 2022 को उनकी मुलाकात नोएडा के वरुण त्रिपाठी से हुई थी। वरुण ने उनकी बेटी का मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली में रेडियोलॉजिस्ट एमडी के पद पर दाखिला कराने के नाम पर साढ़े 34 लाख रुपये लिए थे लेकिन दाखिला नहीं हुआ था। इस पर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को पनकी पुलिस ने घटना में शामिल गोरखपुर के जगदीशपुर निवासी मनीष जायसवाल को धर दबोचा। इस संबंध में पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग में नौकरी के नाम पर ठगी

**कानपुर।** छावनी थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला से स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख की ठगी कर ली गई। पीड़िता ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरजिंदर नगर चकेरी निवासिनी निशा ने दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया कि वर्ष 2022 में वह मालरोड स्थित नार्थ स्टार अस्पताल में नर्सिंग की नौकरी कर रही थी। उसी दौरान कविता व बबिता सोनकर से परिचय हुआ था। जिसने स्वयं को हैलट अस्पताल में स्थाई नर्सिंग स्टॉफ बताया था। कविता ने बताया कि बबिता सोनकर नेता है, कई लड़कियों की नर्सिंग में सरकारी नौकरी लगवा चुकी है। तुम्हारी भी नौकरी लगवा देगी। नौकरी की उम्मीद पर निशा के भाई ने आईसीआईसीआई बैंक से गोल्ड लोन 3 लाख रु लेकर दे दिया लेकिन नौकरी नहीं लगी। निशा व उसके पिता ने विरोध किया। आरोप है कि जब उन लोगों ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गालीगलौज कर धमकी दी। छावनी थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि कविता सोनकर, बबिता सोनकर व रवि सोनकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

**भाजपा** | बूथ पर 200 से अधिक सदस्यता करने वाले होंगे सम्मानित, स्कूलों में भी लगेगा कैंप

# सदस्यता अभियान में काम न करने वाले होंगे चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा की सदस्यता अभियान को पहला फेज खत्म हो गया है। इसमें बूथों पर 200 से कम और अधिक सदस्यता कराने वाले दोनों कार्यकर्ताओं को चिन्हित किया जाएगा। गुरुवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान की क्षेत्रीय टोली, क्षेत्रीय मॉनिटरिंग टीम व जिला अध्यक्षों की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि 25 सितंबर को सदस्य संगठन पर्व का प्रथम चरण समाप्त हो चुका है। 26, 27 सितंबर को मंडलों की समीक्षा बैठक व 28 सितंबर को जिलों की समीक्षा बैठकों में एक-एक मंडल व बूथ की समीक्षा होगी कि किसकी क्या परफॉर्मेंस रही। जहां बूथ कमजोर हैं, वहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को लगाया जाएगा। जिन वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों को 25 सितंबर को बूथों की जिम्मेदारी दी गई थी, उनमें कौन से पदाधिकारी नहीं पहुंचे हैं, उनसे न पहुंचने का कारण पूछा जाएगा। सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण 1 अक्टूबर से स्कूल कॉलेज व सभी शिक्षण संस्थाओं में कैंप लगाए जाएंगे। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, पवन प्रताप सिंह, अनिल दीक्षित, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, दिनेश कुशवाहा, क्षेत्रीय मॉनिटरिंग टीम के सदस्य आलोक शुक्ला, पवन पांडे, मोहित सोनकर, ऋषभ शुक्ला, जितेंद्र सचान, रामू चंदेल थे।




क्षेत्रीय सदस्यता टोली एवं क्षेत्रीय मॉनिटरिंग टीम को संबोधित करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

### सदस्यता अभियान में कानपुर दक्षिण पहले स्थान पर

**कानपुर।** भाजपा के 2 सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान के प्रथम चरण के अंतिम दिन 25 सितंबर तक की आई रिपोर्ट में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों में कानपुर दक्षिण पहले स्थान पर है। चित्रकूट जनपद में बेहद कमजोर स्थिति रही। कानपुर दक्षिण में 1,49,385 सदस्य बन चुके हैं, वहीं दूसरे स्थान पर रहे फतेहपुर में 1,18,975 सदस्य बने हैं। झांसी महानगर 1,15,733 तीसरे, जालौन 1,12,833 चौथे, कानपुर उत्तर 1,09,314 पांचवें, फर्रुखाबाद 1,07,794 छठवें, बांदा 1,06,888 सातवें, झांसी जिला 1,04,057 आठवें, कानपुर ग्रामीण 93,238 नौवें, कन्नौज 87,289 दसवें , कानपुर देहात 78,816 ग्यारहवें, हमीरपुर 77,955 बारहवें ,औरैया 70,106 तेरहवें, इटावा 65000 चौदहवें, ललितपुर 63,068 पंद्रहवें, महोबा 61,795 सोलहवें, चित्रकूट 37,814 सत्रहवें स्थान पर रहा। दक्षिण जिले में ढाई लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में सेवानिवृत्त नायब सूबेदार के बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उन्होंने खाना खाया, इसके बाद हालत बिगड़ गई। अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

मंगला विहार तिरंगा चौराहा निवासी सेवानिवृत्त नायब सूबेदार केशव सिंह यादव के 27 वर्षीय पुत्र सतविंदर सिंह ट्रैवल्स का काम करते थे। ताऊ फूल सिंह ने बताया कि बुधवार रात खाना खाने के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया जहां गुरुवार भोर पहर 4.30 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा और हार्ट सुरक्षित किया गया है।

# स्वतंत्रता सेनानी के एसी कोच का धुरा जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल पर ट्रेन रोककर हटाया गया कोच, दूसरा लगाया
- एक नंबर प्लेटफार्म पर डेढ़ घंटे खड़ी रही ट्रेन

**अमृत विचार।** जयनगर से दिल्ली जा रही स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के एसी कोच का धुरा गुरुवार को जाम हो गया। कोच लहराने पर चालक ने गार्ड को सूचना दी तो फतेहपुर में ट्रेन रोककर चेक किया। फिर कॉशन देकर ट्रेन सेंट्रल के लिए रवाना की गई। सेंट्रल पर ट्रेन आने पर इंजीनियरिंग टीम ने चेक किया और कोच हटाकर अलग कर दिया गया। दूसरा कोच को लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया। इस चक्कर में ट्रेन डेढ़ घंटा खड़ी रही।

स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे फतेहपुर पहुंचने वाली थी, तभी गार्ड और चालक को कोच हिलने का अहसास हुआ। फतेहपुर स्टेशन पर रोककर ट्रेन को चेक किया गया तो बी-4 कोच का धुरा जाम होकर लाल मिला। 45 किमी का कॉशन देकर ट्रेन रवाना की गई। सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन 12.53 बजे आई तो टीम ने कोच को चेक किया और कोच को ट्रेन से काटने की रिपोर्ट दी। इसके बाद दूसरा कोच लगाया गया। इस चक्कर में ट्रेन को दिन में 2.19 बजे रवाना किया गया।

# गंगा में डूबे बुजुर्ग, शाम तक तलाश

## अरौल क्षेत्र के आंकिन घाट पर बरामद हुए कपड़े, गोताखोर खोजबीन में जुटे रहे

संवाददाता, बिल्हौर


गंगा नदी में बुजुर्ग की तलाश करते स्थानीय गोताखोर। अमृत विचार

- कन्नौज के ठठिया क्षेत्र के रहने वाले थे बुजुर्ग
- घर में परिवार वारों को बिना बताए निकले थे

**अमृत विचार:** अरौल थाना क्षेत्र के आंकिन गंगा तट पर स्नान करते समय एक बुजुर्ग गंगा नदी में डूब गए। जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से वृद्ध की तलाश शुरू की। देर शाम तक बुजुर्ग को बरामद करने में कोई कामयाबी नहीं मिल सकी। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजन टकटकी लगाए रहे।

पुलिस के अनुसार कन्नौज जनपद के ठठिया थाना क्षेत्र के भदौसी गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध गंगाराम शर्मा खेती-किसानी करते थे। गुरुवार की दोपहर वह अरौल थाना क्षेत्र के आंकिन गांव स्थित गंगा तट पर पहुंचे। गंगा तट के आश्रम में रह रहे गांव के ही बबलू से उन्होंने भेंट की। इसके बाद गंगा स्नान के लिए चले गए। गंगा में स्नान करते समय वह अचानक गहराई में चले गए और डूबने लगे। उनको डूबता देख बबलू ने शोर मचाकर जब तक लोगों को बुलाया, तब तक वह पूरी तरह से गंगा नदी में समा गए।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों ने वृद्ध की तलाश शुरू की। पुलिस की सूचना पर कुछ ही देर में परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिवारिकजनों के अनुसार वह मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं। गुरुवार सुबह लगभग 9 बजे वह घर में किसी को कुछ बताए बिना निकले थे। उनके घर पहुंचने का इंतजार किया जा रहा था, तभी उनके डूबने की सूचना मिली।

स्थानीय गोताखोर देर शाम तक गंगा नदी में तलाश करते रहे, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिल सकी। अंधेरा होने पर तलाश रोक दी गई। पुलिस का कहना है कि शाम तक खोजबीन में बरामद करने में कामयाबी नहीं मिल सकी। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार के अनुसार वृद्ध के डूबने की जानकारी मिली है, लेकिन गंगा में उनको किसी ने डूबते नहीं देखा है। घटना संदिग्ध है। गंगा तट के किनारे उनके कपड़े और चश्मा मिला है। शुक्रवार की सुबह फिर से तलाश शुरू की जाएगी।

### घर में हुआ था विवाद

- गंगा तट के आश्रम में रहने वाले भदौसी निवासी बबलू के अनुसार वृद्ध गंगाराम शर्मा ने उन्हें बताया था कि घर में उनके साथ सभी लोग कलह करते हैं। आज भी बेटों ने उनके साथ अभद्रता की, इसीलिए वह घर से चले आए। उनके घर वापस न जाने की बात कहने पर उसने वृद्ध से आश्रम में ही रहने की बात कही। इसके बाद वह गंगा स्नान के लिए चले गए और हादसा हो गया। हालांकि परिजन बबलू को भी मानसिक रूप से विक्षिप्त बता रहे हैं।

# घूसखोरी में लेखपाल से मांगा गया स्पष्टीकरण

संवाददाता, सरसौल

- नर्वल एसडीएम ने महिला लेखपाल से मांगा जवाब

**अमृत विचार:** नर्वल तहसील में काम करने वाली महिला लेखपाल के खिलाफ घूस मांगने की शिकायत होने के बाद जांच हुई तो आरोप सही पाए गए। लेखपाल की ओर से रुपये मांगने का आडियो वायरल होने के बाद जांच में लेखपाल मोनाली सिंह दोषी पाई गई है। एसडीएम ने लेखपाल को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

नर्वल तहसील के पौहार गांव की सावित्री का घर बारिश में गिर गया था। पति की भी दबकर मौत हो गई थी। इसी बीच कुछ लोग उसके घर पर कब्जा करने लगे। महिला ने घर का निर्माण कार्य कराना शुरू कर दिया तो दबंगों ने महिला लेखपाल मोनाली सिंह से मिलकर सावित्री का काम बंद करा दिया। सावित्री द्वारा जमीन के कागजात दिखाए जाने के बावजूद लेखपाल 10 हजार रुपये की मांग करने लगी। सावित्री की बेटी राधा और महिला लेखपाल के बीच लेनदेन का आडियो वायरल होने के बाद नर्वल एसडीएम ऋषभ वर्मा ने लेखपाल के खिलाफ जांच शुरू करा दी। जांच तहसीलदार विनीता पांडेय को सौंपी गई। तहसीलदार की जांच में वायरल आडियो में लेखपाल मोनाली सिंह द्वारा लेनदेन की पुष्टि होती पाई गई। आवाज भी महिला लेखपाल की ही मिली। मोनाली सिंह के दोषी पाए जाने पर तहसीलदार ने लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की संस्तुति करते हुए जांच आख्या एसडीएम को सौंपी है। एसडीएम ने निलंबन की कार्रवाई से पहले महिला लेखपाल से स्पष्टीकरण मांगा है। एसडीएम ऋषभ वर्मा ने कहा कि शिकायत की जांच के बाद महिला लेखपाल को दोषी पाया गया है। विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं अभी लेखपाल को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

### संगोष्ठी में किसानों को वैज्ञानिकों ने दिए टिप्स

**घाटमपुर।** विकासखंड परिसर में किसान संगोष्ठी एवं किसान मेले का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों की बुवाई एवं उसमें लगने वाले रोगों के बचाव के लिए टिप्स दिए और खरीफ की फसलों की बुवाई समय से करने के लिए कहा। इस दौरान मेले में कई बीज एवं कीटनाशक दावों के काउंटर लगाकर किसानों को जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर इंद्रपाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हरि की फसल की बुवाई समय से करें और लही सरसों की बुवाई पलेवा करने के बाद ही करें। फसलों में लगने वाले की नाशकों की दवाई के बारे में भी जानकारी दें। इस दौरान सीएसए कानपुर के डॉक्टर हरिश्चंद्र सचान, कृषि विभाग से डॉक्टर हेमचंद, कृषि वैज्ञानिक इंद्रपाल, सीएमएस दुर्गा प्रसाद, वरिष्ठ सीएमएस मानसिंह, विवेक सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### गबड़हा के अमृत सरोवर में जलकुंभी और सड़ांध


गबड़हा का अमृत सरोवर। अमृत विचार

**चौबेपुर।** चौबेपुर क्षेत्र के गबड़हा में बनवाया गया अमृत सरोवर लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। ग्रामीणों की माने तो यह सरोवर अमृत की जगह लोगों के लिए विष बनता जा रहा है। तालाब में जबरदस्त जलकुंभी और इसके गंदे पानी से उठती सड़ांध से लोगों का जहां सांस लेना दूभर हो रहा है, वहीं इसके कारण बीमारियां फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में शुमार अमृत सरोवर के निर्माण व पुनरुद्धार के लिए 25.97 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे। इससे जलसंकट दूर होने के बाद यह समस्या बन गया है।

### दो वांछित अभिुक्तों को भेजा गया जेल

**चौबेपुर।** अलग-अलग मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गुरुवार सुबह पुलिस ने क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी शांतन जिला बदर घोषित होने के बावजूद अपने घर पर रह रहा था, जिसे गुरुवार सुबह उप निरीक्षक आनंद पांडेय व अरविंद कुमार ने उसके घर से ही गिरफ्तार किया। पकड़े गए अपराधी के खिलाफ चौबेपुर थाने में तीन विभिन्न मुकदमे पंजीकृत हैं। इसी तरह क्षेत्र के बैदानी गांव का निवासी शिवकुमार पुत्र सुंदरलाल कठेरिया लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था, जिसे गुरुवार को क्षेत्र से ही गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद जेल भेजा गया।

### बरईगढ़ गांव में घर से नकदी और जेवरात चोरी


इसी नलकूप के चोरी हुए पाइप।

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के बरईगढ़ गांव में एक घर से छत के रास्ते घुसे चोरों ने लाखों के जेवरात और नकदी पार कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। साढ थाना क्षेत्र के बरईगढ़ निवासी छोटेलाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार रात घर के सभी सदस्य खाना खाकर बाहर बने कमरे में लेट गए। देर रात चोर छत के रास्ते से जीने से नीचे आकर घर के अन्दर घुस गए। जीने में कोई दरवाजा नहीं लगा है। वहीं दोनों बहुएं के बक्से में रखे लाखों रुपये के जेवरात और नकदी ले गए, जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। गुरुवार सुबह जब सभी लोग जगे तो सामान बिखरा देख घटना की जानकारी हुई। छोटेलाल की तहरीर पर पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। उधर, दूसरी घटना में बीरनखेड़ा और किसाखेड़ा के मध्य स्थित सरकारी नलकूप संख्या 244जी खराब पड़ा है। उसके पाइप बाहर रखे थे, जो चोरी हो गए। किसान समरजीत ने बताया कि गुरुवार सुबह मिस्त्री को लेकर नलकूप पहुंचे तो वहां से पाइप गायब थे। इसकी सुचना नलकूप विभाग के जेई और ऑपरेटर को दी है।

### दुरौली गांव में मिला मांस और जानवर के अवशेष

**घाटमपुर।** रेवना थाना क्षेत्र के दुरौली गांव में एक किसान के खेत में बिखरे पड़े अवशेष और मांस मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मांस और अवशेषों की जांच कराने के साथ ही दफना दिया है। रेवना थाना क्षेत्र के दुरौली निवासी प्रेमशंकर मिश्रा के खेत के बीच में पानी के गड्ढे में दो जानवरों के अस्थि पंजर तैरते हुए मिले। लोगों का अनुमान है कि यह अवशेष गोवंषों के हो सकते हैं। फिलहाल जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि अवशेष किस जानवर के हैं। इसकी सूचना गांव वालों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोवंश के अवशेष होने की आशंका पर घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच-पड़ताल की। एसीपी ने स्थलीय निरीक्षण करने के बाद पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर तस्दीक कराने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि जानवर के अवशेष का पोस्टमार्टम कराया गया है। इसके बाद अवशेषों को दफना दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अवशेषों के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

# भागवत सुनने से मिट जाते सारे दोषः तिवारी

संवाददाता, बिठूर

- 8वें वार्षिकोत्सव पर श्रीमद भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ


कथावाचक मयंक तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अवध विला रिजॉर्ट के 8वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित चतुर्थ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में गुरुवार की कथा में बताया गया कि भागवत सुनने मात्र से कलयुग के प्राणियों में भक्ति का संचार होता है और कलयुग के जो दोष हैं, उनसे मुक्ति मिल जाती है।

सुकदेव जी के द्वारा बताए गए ज्ञान और भगवान के चरित्रों को सुनने से व्यक्ति को जीवन जीना सिखाती है। भागवत परीक्षित जन्म की कथा परीक्षित जी ने कैसे सुखदेव जी से ज्ञान प्राप्त करके अपने जीवन को भगवान के चरणों में समर्पित करके परम गति को प्राप्त किया। कलयुग के द्वारा राजा परीक्षित से वरदान मांगना और फिर अपना आधिपत्य जमाना।

गुरुवार की कथा में सुनाया गया कि कलयुग का किन-किन स्थानो में वास है और कलयुग से बचने का उपाय क्या है। कथावाचक आचार्य पण्डित मयंक तिवारी ने बताया भागवत सुनने मात्र से ही भक्ति के बेटा ज्ञान वैराग्य पुष्ट हो गए और नृत्य करने लगे जिसके हृदय में भक्ति आ जाती है भगवान दौड़े दौड़े उसके हृदय में चले जाते हैं। भागवत मुक्ति और मुक्ति और युक्ति सब देने में समर्थ है।



कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ दिलाते अधिकारी। अमृत विचार


कार्यक्रम में पहुंचीं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं। अमृत विचार

# महिला समूहों को गोवंश देने पर गहन चर्चा

संवाददाता, साढ़

- मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत कुपोषित परिवारों को भी दिए जाएंगे गोवंश

**अमृत विचार:** भीतरगांव विकास खंड सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत स्वयं सहायता समूहों और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक हुई, जिसमें पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश वर्मा ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा कर कुपोषित परिवार को एक गाय देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि समूहों और कुपोषित परिवारों को प्रतिमाह 1500 रुपये गोवंश के भरण-पोषण के लिए दिए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत कुपोषित परिवारों एवं महिला समूहों को गोवंश देने पर हुई चर्चा।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश वर्मा ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर लोगों को स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की शपथ दिलाई गई।

बाल विकास परियोजना की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूगों और आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को संबोधित करते हुए भीतरगांव पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश वर्मा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के विषय में विस्तार से चर्चा की और बताया कि कुपोषित परिवार एवं स्वयं सहायता समूह के लोगों को गोवंश दिया जाएगा, जिसके भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह 15 सौ रुपये की धनराशि भी दी जाएगी।

डॉ वर्मा ने विभाग की ओर से निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण में सामाजिक सहभागिता बढ़ाए जाने के लिए मौजूद लोगो को प्रेरित किया, साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के तहत लोगो को स्वच्छता बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान एडीओ पंचायत मनोज उमराव, डॉ. गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा की दिलाई शपथ

संवाददाता, बिल्हौर


बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ककवन के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में अपर जिला पंचायत राज अधिकारी अभिलाष बाबू और स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक विक्रम शर्मा ने बच्चों को सफाई के प्रति जागरूक किया।

इसके साथ ही उन्होंने कस्बे के आरआरसी सेंटर का भी निरीक्षण किया, जहां पर कूड़ा एकत्र किए जाने के बारे में विभिन्न बिंदुओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में इन दिनों कूड़ा उठान की प्रक्रिया संचालित हो रही है, जिसमें ग्राम पंचायत की ओर से रिक्शा के माध्यम से घर-घर कूड़ा उठाया जा रहा है। अब इस कूड़े को आरआरसी सेंटर में पहुंचाकर वहां से पॉलिथीन, ऑर्गेनिक कूड़ा अलग कर छांटा जाएगा। इधर बीईओ दफ्तर में गंदगी देख अपर जिला पंचायत राज अधिकारी नाराज हुए। इस मौके पर पूरे विद्यालय परिसर में सफाई की गई। सभी स्कूल के बच्चों को हैंडवॉश के तरीके बताकर उनको जागरूक किया गया। बच्चों को चॉकलेट और टॉफी बताकर सफाई के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत भीष्म नारायण सिंह, ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार, पंचायत सचिव बाबू सिंह यादव, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्याम मौजूद रहे।

# भेड़िया की दहशत से घरों में बंद हो रहे ताले

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** ककवन थाना क्षेत्र के रहीमपुर विषधन, मौजमपुर, मुनौव्वरपुर समेत आसपास के कई गांवों में इन दिनों भेड़िया होने की सूचनाएं मिल रही है। हालांकि वन विभाग ने इस तरह की अफवाह का पूरी तरह खंडन किया है।

बिल्हौर वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि गुरुवार को टीम ने तीनों गांव के आसपास सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कहीं भी भेड़िया की एंट्री नहीं देखी गई। तीन दिनों से डायल 112 में ग्रामीणों की ओर से भेड़िया के होने की बात कही जा रही है, जिससे क्षेत्र के लोग सशंकित भी नजर आ रहे हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन के साथ वन विभाग की टीम ने इस तरह की महज अफवाह ही करार दिया। बहराइच में भेड़िया के आतंक और कई लोगों को मौत के घाट उतारने के साथ घायल कर देने से पांडु नदी से जुड़े गांवों में दहशत है, जिनसे किसानों को हमले की आशंका है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को टीम ने दिन में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन उनको किसी प्रकार का चिह्न नहीं मिला, जिससे भेड़िया होने का अनुमान लगाया जा सके।

# अवैध शराब के साथ दबोचा

**बिल्हौर।** ककवन पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं अवैध शराब के विरुद्ध अभियान में गुरुवार को एक अधेड़ व्यक्ति को 14 पव्वा देसी शराब के साथ दबोच लिया। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया की कुरेह गांव निवासी मदन पुत्र छोटे लाल को चेकिंग के दौरान पुलिस ने कुरेह मोड़ पर गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान मदन के पास से 14 देशी शराब के पौव्वे बरामद हुए है।

**सजी महफिज** शिवराजपुर के रामसहाय राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज

# सैंया मिले लरकइयां मैं का करूं... में झूमे छात्र-छात्राएं

संवाददाता, बिल्हौर


प्रतियोगिता में छात्रा को प्रतीक चिह्न दिया गया। अमृत विचार


कार्यक्रम पेश करते प्रयाग संगीत समिति के गायक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामसहाय राजकीय महाविद्यालय बैरी शिवराजपुर में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से स्थापित 'पुण्यसलिला' सांस्कृतिक क्लब के दो दिवसीय परंपराओं और प्राचीन भारतीय संस्कृति को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का गुरुवार को आगाज हो गया।

प्रथम चरण में प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज के गायक ऋषभ शुक्ला ने हारमोनियम के साथ 'गाइए गणपति जगवंदन' गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने लोकप्रिय और प्रचलित अवधी और भोजपुरी गीतों से समां बांधा। इनमें 'सैंया मिले लरकइयां मैं का करूं' और 'नगरी हो अयोध्या सी' विशेष रूप से पसंद किया गया। तबले पर रामबाबू भट्ट गुरुजी ने बेहतरीन संगत दी। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर तालियां गूंजती रहीं।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में महाविद्यालय की छात्राओं के मध्य लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक के रूप में हिंदी विभागाध्यक्ष मुहम्मद अखलाक और हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक दीपिका कटियार रहीं। इसमें लवी पांडेय ने अवधी भाषा में सोहर 'जन्मे है राम रघुरैया' और अरीशा बेबी ने शारदा सिन्हा का भोजपुरी गीत 'कहे तोसे सजना ये तोहरी सजनिया' गाया। बीए प्रथम वर्ष के छात्र सचिन ने बेगम अख्तर का दादरा शैली का गीत 'हमरी अटरिया पे आ जाओ सांवरिया' सुना कर सबका मन मोह लिया।

श्रेया सिंह ने 'काहे करेलू गुमान गोरी' मोहम्मद जीशान ने 'नगरी हो अयोध्या सी' रिया अवस्थी ने 'केवट से कह रहे राम' अनीशा शर्मा ने 'जुग जुग जिए सो ललनवा' गाकर सारे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अरीशा, द्वितीय स्थान पर मो.जीशान और तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से श्रेया सिंह और सचिन विजयी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया।

प्राचार्य प्रोफेसर अपर्णा सिंह ने अपने उद्बोधन में लोक संस्कृति को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन सांस्कृतिक क्लब सचिव डॉक्टर सुमन शुक्ला द्वारा किया गया। समापन सत्र में सांस्कृतिक क्लब प्रभारी डॉ. आलोक कुमार पांडेय ने एक सुमधुर भोजपुरी गीत सुना कर कार्यक्रम का समापन किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली

पत्रांकः 413/न0पा0परि0रा0/सा0प्रशा0(ई0ओ0)-दर आ0सू0/2024-25 दिनांकः 26.09.2024

**अतिअल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा मार्ग प्रकाश अनुभाग के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में खराब एल0ई0डी0 लाइटों की सामग्री सहित मरम्मत कराये जाने हेतु मोहरबन्द दर दिनांक 05.10.2024 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदार/फर्म/दुकानदार/विक्रेता से आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3.30 बजे खोली जायेगी। डाक द्वारा प्रेषित दर आमंत्रण लिफाफे मान्य नहीं होगें, विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद रायबरेली के मार्ग प्रकाश अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। सूचना को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशाषी अधिकारी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | दर प्रति लाइट रूपये (अंको/शब्दो में) समस्त करो सहित | मरम्मत की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 60 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | 05 दिवस |
| 2 | 72 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |
| 3 | 90 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |
| 4 | 120 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |
| 5 | 150 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |

**नियम व शर्ते :-**

1. दर दाता द्वारा पैनकार्ड व जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. मरम्मत की गई लाइटों की वारण्टी 01 वर्ष होगी, इस अवधि में लाइट खराब होने पर पुन सही करना होगा।
3. दर दाता द्वारा रू0-25000.00 की एफ0डी0/डी0डी0/टी0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी न0पा0परि0 रायबरेली के पक्ष में बन्धक हो जमानत के तौर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. दर सर्वन्यून पाये जाने पर सम्बन्धित द्वारा रू0 100.00 का स्टाम्प कार्यालय में जमा कर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
5. किसी प्रकार की वाद-विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय अध्यक्ष न0पा0परि0 रायबरेली का सभी पक्षों को मान्य होगा।
6. भुगतान धन की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद रायबरेली**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद रायबरेली**

# मैथा पीएचसी में सीबीसी जांच की सुविधा हुई शुरू

## गुरुवार को सीबीसी मशीन के स्टालेशन के बाद होने लगी जांच

अच्छी खबर

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** मैथा पीएचसी में सीबीसी मशीन का स्टालेशन के बाद जांचें शुरू हो गई। जिससे मैथा और उससे जुड़े करीब डेढ़ सौ गांवों के मरीजों को रक्त संबंधी जांचों की सहूलियत मिलने लगी है। अमृत विचार ने 20 सितंबर को सीबीसी मशीन शुरू होने का का खुलासा किया था।

गुरुवार को सीबीसी मशीन स्टालेशन के लिए लखनऊ से कर्मियों की टीम पहुंची। इसी के साथ रक्त संबंधी रोगों की जांच शुरू हो गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैथा के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सिद्धार्थ पाठक ने बताया कि सीबीसी मशीन का गुरुवार को स्टालेशन के बाद मरीजों की जांच शुरू कर दी गई है। इससे लोगों को दूरदराज के अस्पतालों व प्राइवेट लैब में भागदौड़ से निजात मिलेगी।



मैथा पीएचसी में सीबीसी जांच के बाद मरीज को रिपोर्ट देते कर्मी। अमृत विचार




मैथा पीएचसी में सीबीसी जांच की होगी सुविधा

20 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### बोले ग्रामीण



सीबीसी की जांचे मैथा पीएचसी में शुरू होने से ग्रामीण इलाके के लोगों को सुविधा मिलने लगी है। अन्य जांचें भी शुरू हों तो और राहत मिलेगी। -अनुज पाल



स्थानीय पीएचसी में सीबीसी जांच शुरू होने से पिछड़े इलाके के लोगों की कानपुर व शिवली जाने की दौड़ अब बंद हो गई।

-बृज बिहारी द्विवेदी, मैथा



सीबीसी की जांचे होने से मैथा कस्बे के लोग लाभ मिलना शुरू हो गया। इससे ग्रामीणों में खुशी है।

-आशुतोष द्विवेदी, मारग



सीबीसी जांच शुरू होने से ग्रामीणों को लाभ मिलना सरकार का अच्छा कदम है। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

-किरन अग्निहोत्री, प्रधान शेखूपुर





एनपीएस-यूपीएस के विरोध में जन आक्रोश मार्च निकालते शिक्षक व कर्मचारी। अमृत विचार

# एनपीएस-यूपीएस के विरोध में आक्रोश मार्च

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● पुरानी पेंशन की मांग के लिए हजारों शिक्षक सड़क पर उतरे

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा ने विशाल जन आक्रोश मार्च निकालकर शेयर बाजार आधारित नई पेंशन स्कीम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम दोनों का विरोध करते हुए सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

गुरुवार को हजारों शिक्षक व कर्मचारी बड़ी संख्या में आक्रोश मार्च का हिस्सा बनने अकबरपुर इंटर कॉलेज मैदान में एकत्र हुए। जहां से प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप सैनी के नेतृत्व में मार्च प्रारंभ होकर रूरा रोड से होकर लोकतंत्र सेनानी चौराहा, स्टेट बैंक रोड अंडरपास से होते हुए माती मुख्यालय तक पहुंचा। मार्च में शिक्षकों व कर्मचारियों ने नो एनपीएस नो यूपीएस, ओन्ली ओपीएस, बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन बहाली, एक देश एक पेंशन, केवल पुरानी पेंशन, आदि नारों से लिखी हुई तख्तियां लहराई। भीड़ के चलते जगह-जगह जाम की स्थिति बनी। विशाल मार्च को देखकर प्रशासन के हाथ पांव फूल गए।

जिला संयोजक प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि देश के लगभग एक करोड़ शिक्षक कर्मचारी व अधिकारी लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। विभाग को अपने 25 से 30 वर्ष देने वाले अपने बुढ़ापे के लिए चिंतित और परेशान हों, यह न्यायोचित नहीं है। जब केंद्र सरकार ने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि नई पेंशन स्कीम व्यवस्था न्याय पूर्ण नहीं है। इसलिए एक नई व्यवस्था यूनिफाइड पेंशन स्कीम सरकार लेकर आई है जो एनपीएस से भी ज्यादा नुकसान देय है।

माती मुख्यालय में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित पुरानी पेंशन बहाली का ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। इस दौरान महामंत्री प्रताप भानु सिंह गौर, कोषाध्यक्ष अखिलेश पाल, प्रदेश सह प्रभारी ज्योति शिखा मिश्रा, डॉ पंकज संखवार, जिला प्रवक्ता अनन्त त्रिवेदी, जिला संयोजिका अनुपम चक्रवर्ती, महामंत्री मृदुला तिवारी प्रधानाचार्य भारत सिंह समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# सपोर्ट वायर में उतरे करंट से बुजुर्ग की मौत

**संदलपुर।** अमौली कुर्मियान गांव में खंभे के सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। परिवारीजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

डेरापुर थाना क्षेत्र के अमौली कुर्मियान गांव निवासी हीरालाल (85) गुरुवार की सुबह अपने घर के बाहर आंगन में झाड़ू लगा रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह बिजली के खंभे के सपोर्ट वायर की चपेट में आ गए। जिससे तार में उतरे करंट से हीरालाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक का पुत्र वीरेंद्र कुमार, पुत्रवधु सावित्री समेत अन्य परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी।

# रोड किनारे झाड़ियों से होते हादसे

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** भोगनीपुर-चौडगरा मुगल रोड किनारे मूसानगर क्षेत्र में बरसात के मौसम में उगी बड़ी-बड़ी कटीली झाड़ियां हादसों को दावत दे रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार झाड़ियों की कटाई-छंटाई नहीं करा रहे हैं।

मूसानगर से भोगनीपुर जाने वाले मुगल रोड पर अकबराबाद तक बड़ी-बड़ी झाड़ियां राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। रोड किनारे फुटपाथ पर पूरी तरह कटीली झाड़ियों का फैलाव है। कई जगहों पर तो फुटपाथ के बाद रोड तक कटीली झाड़ियां फैली हुई हैं। इससे राहगीरों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रोड तक फैली कटीली झाड़ियों से साइकिल व बाइक सवार लोग अक्सर चुटहिल हो जाते हैं। सड़क किनारे की यह झाड़ियां लोगों के लिए मुसीबत बन गईहैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। मूसानगर के पास स्थित ढाबा के सामने और नगीना मोड़ से भोगनीपुर की ओर मोड़ के पास समेत अन्य स्थानों पर बड़ी-बड़ी झाड़ियों ने फुटपाथ से लेकर सड़क तक कब्जा कर रखा है, जो हादसों का कारण बन जाती हैं। पीडब्ल्यूडी जेई वेद विक्रम ने बताया कि जानकारी मिली है। झाड़ियां कटवा कर जल्द सफाई कराई जाएगी।



मुगल रोड किनारे तक उगी झाड़ियां। अमृत विचार

● झाड़ियों की कटाई-छंटाई कराने पर ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार अधिकारी

# स्कूलों में निपुण बनाने की निजी संस्था करेगी जांच

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● 80 प्रतिशत गणित-भाषा में दक्ष होने पर माने जाते निपुण

**अमृत विचार।** परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में प्री-प्राइमरी से दूसरी कक्षा तक के छात्रों को निपुण बनाने के अभियान की जांच अब एक निजी संस्था द्वारा की जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस कार्य के लिए सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन को चुना है। इससे शिक्षकों पर दबाव बढ़ेगा और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आशा है।

शासन ने बेसिक शिक्षा परिषद और फाउंडेशन को साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया है। फाउंडेशन की जांच में यह देखा जाएगा कि छात्रों को गणित और भाषा का ज्ञान है या नहीं और स्कूल में निपुण भारत मिशन सही तरीके से चल रहा है या नहीं। यह भी देखा जाएगा कि शिक्षक सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं कि नहीं। अगर शिक्षक सामग्री का सही प्रयोग नहीं कर रहे हैं, तो उन्हें इसके उपयोग का सही तरीका समझाया जाएगा। इसकी पूरी रिपोर्ट राज्य परियोजना कार्यालय को दी जाएगी। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत वे स्कूल जिनमें कम से कम 80 प्रतिशत छात्र-छात्राएं गणित और भाषा में दक्ष होंगे। उन्हें निपुण विद्यालय के रूप में मान्यता दी जाएगी। इस बावत बीएसए अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले में छात्रों को निपुण बनाने के लिए सभी एआरपी और शिक्षक संकुल एवं शिक्षक लगे हुए हैं और सभी अपना काम बेहतरीन तरीके से कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप



बैठक करते स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी गजेंद्र सिंह। अमृत विचार

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक

**शिवली।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी व ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर मैथा द्वारा बाघपुर इंटर कालेज में बैठक की गई। गुरुवार को बाघपुर इंटर कालेज बाघपुर में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एके सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी मैथा डॉ. गजेंद्र सिंह व ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर राकेश कुमार ने विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से बैठक में आए प्रधानाचार्यों/नोडल अध्यापकों को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत संचारी रोग फैलने व कारण एवं बचाव पर संवेदीकरण किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रवीश चंद्र शर्मा, सूरज सहाय, दीपक कुमार, अरविन्द सिंह सेंगर, इंद्रदेव शर्मा, अशोक कुमार, धीरज सिंह कुशवाहा, महेश चंद्र, प्रकाश सिंह, पुष्कल अवस्थी, अमरेश चंद्र, दुर्गेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



प्रोग्राम में मौलाना का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### साखिन गांव में महफिल दर्स-ए-हदीस शरीफ का प्रोग्राम

**सिकंदरा।** तहसील क्षेत्र के साखिन गांव में महफिल दर्स-ए-हदीस शरीफ का प्रोग्राम हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़े अदब ओ एहतराम के साथ आयोजित किया गया। मौलाना एवं आलिमों ने हदीस शरीफ के जरिए लोगों को दीनी रोशनी दिखाई। हजरत मौलाना जमाल साहब किब्ला इमाम चिश्तिया गरीब नवाज मस्जिद साखिन ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी गांव में महफिल दर्स ए हदीस शरीफ के प्रोग्राम को यहां के नौजवानों की कमेटी ने आयोजित किया है। सबसे पहले कमेटी ने तरबियती कैंप लगाया। जिसमें नमाज, वुजू, गुस्ल जैसी जरूरी बातों को सिखाया गया। तहरीक ए दावते इंसानियत के आलिमों ने दीनी बातों से लोगों को समझाया। रात इशां की नमाज के बाद दर्स ए हदीस का नूरानी प्रोग्राम हुआ। जिसमें अल्लामा मौलाना मोहम्मद उबैदुल हसन साहब के साथ हजरत मुफ्ती अनफासुल हसन साहब ने लोगों को बुखारी शरीफ की प्यारी हदीसो को सुनाकर पैगाम दिया, कि आप पैगंबरे इस्लाम नबी ए करीम के बताए हुए रास्ते पर अपनी जिन्दगी को गुजारें। प्रोग्राम की जेरे कयादत मुकीम रजा साहब ने की। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मुन्ना भाई, परवेज आलम, राशिद खान, असलम राईन, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष कलाम कुरैशी, बबलू खान, कमेटी के राशिद खान, मोहसिन, नौशाद, छोटू, मोनिश, हारून, जीशान, फहीम, दानिश, इसरार, इरफान, अनीश आदि मौजूद रहे।

### उपयोगहीन साबित हो रहा मनकापुर का बारातघर

**संदलपुर।** मनकापुर गांव में बना बारात घर जिम्मेदारों की अनदेखी से उपेक्षा का शिकार है। ऐसे में यह उपयोगहीन साबित हो रहा है। संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र के मनकापुर गांव में लाखों रुपये खर्च कर करीब 11 साल पहले बारात घर का निर्माण कराया गया था, लेकिन रखरखाव न होने से बारात घर खंडहर होता जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। बारात घर जर्जर होने के कारण इसका उपयोग भी नहीं हो रहा है। जिसके कारण यह अराजकतत्वां अड्डा बनकर रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले शादी समारोह आदि कार्यक्रम बारात घर में करते थे, लेकिन बदहाल होने के कारण गांव के कुछ लोग जानवर बांधते है। साथ ही सफाई व रंग-रोगन न होने से उपेक्षा का शिकार है। लोगों का कहना है कि अगर बारात घर की नियमित सफाई, रंगाई-पुताई आदि करा दी जाए तो फिर से उपयोग में लाया जा सकेगा। इस बावत डीपीआरओ विकास पटेल ने बताया कि जल्द ही बारात घर की रंगाई पुताई व अन्य मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा।

### छात्रों के सोलर प्लांट व स्मार्ट सिटी मॉडल ने मोहा मन

**मूसानगर।** कस्बे के बीआरडी इंटर कालेज में विज्ञान एवं शैक्षिक प्रदर्शनी के साथ अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के मॉडल प्रस्तुत किए। गुरुवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमलेश द्विवेदी पूर्व प्राचार्य संस्कृत महाविद्यालय ने बच्चों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडलों की सराहना की। कहा कि ऐसे ही मेहनत और लगन से ही आप जैसे छात्रों के बीच से निकल कर कोई वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर आदि बनकर गांव, समाज व देश का नाम रोशन करता है। इसलिए कहा गया है कि सफतला के लिए परिश्रम और प्रयास दोनों आवश्यक है। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने सोलर प्लांट, स्मार्ट सिटी, प्रकाश संश्लेषण आदि मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय की छात्रा अनोखी साहू ने गुरुत्वाकर्षण, रेहान ने चंद्रयान, राज सविता ने स्वच्छता एवं प्रदूषण, अनन्या और अनिवेश ने वाटर प्यूरीफायर, रिशू, आरजू व प्रिया ने सौर मंडल मॉडल बनाए। यहां राजीव सोनी, डॉ. एमपी सिंह भदौरिया, वीरेश तिवारी प्रधानाचार्य, प्रकाश चंद्र ओझा मौजूद रहे।

### निर्माण कार्यों में तेजी लाएं कार्यदायी संस्थाएं: सीडीओ

**कानपुर देहात।** गुरुवार को सीडीओ लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में हुई। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जो कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्हें शीघ्र संबंधित विभागों को हस्तांतरित कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए। अधिकारी अपने विभागों के अंतर्गत चल रहें निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें। यदि कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्य में रुचि नहीं ले रही या गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं करा रही तो अवगत कराएं। सीडीओ ने सख्त निर्देश देते कहा कि कार्यदायी संस्थाएं अपने कार्यों में तेजी लाएं और समया अंतर्गत पूर्ण करें।

# घर के कमरे में मिला युवक का सड़ा शव

संवाददाता मंगलपुर

● परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का कर दिया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के औरंगाबाद हीरामंशा गांव में संदिग्ध हालात में कई दिन पुराना एक युवक का शव कमरे से बरामद हुआ है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

औरंगाबाद हीरामंशा गांव निवासी सुमित सिंह (29) के घर से बदबू आने पर ग्रामीणों ने सुमित के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जब घर की दूसरी मंजिल के कमरे को खोलकर देखा तो उसमे सुमित का शव एक तख्त पर पड़ा हुआ था। शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। जिसके कारण बदबू आने लगी थी।

परिजनों के मुताबिक सुमित सिंह शराब पीने का आदि था और आए दिन लड़ाई-झगड़ा किया करता था। जिससे परेशान होकर करीब एक माह पूर्व उसकी पत्नी गोमती देवी मायके नाही घाटमपुर चली गई थी। जबकि मां सीमा देवी भी अपने मायके मंगलपुर चली गई थी और सुमित घर पर अकेला रह रहा था।



सुमित सिंह।

गुरुवार को संदिग्ध हालात में उसका शवघर के दूसरी मंजिल के एक कमरे में पड़ा मिला। जानकारी पर मृतक की पत्नी गोमती देवी, मां सीमा देवी, बेटा कृष्णा, बेटी नैना व आकांक्षा समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को इसकी सूचना नहीं है।

# आरबीएसके टीम ने 30 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राजपुर ब्लॉक के कुचैता गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीम-बी ने 30 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही दवाईयां व सीरप भी वितरित किए गए।

गुरुवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कुचैता गांव के प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग टीम-बी के प्रभारी भोलेंद्र सिंह समेत फार्मासिस्ट सुरेश शुक्ला व एएनएम पारुल ने विद्यालय के 39 बच्चों में से 30 का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमे दो बच्चों में त्वचा संबंधी रोग मिले। टीम-बी के प्रभारी भोलेंद्र सिंह ने बताया कि यह जांच साल में एक बार की जाती है। बच्चों के दांत, आंख व सामान्य जांच की जाती है। जांच के दौरान गंभीर बीमारी पाए जाने पर बच्चों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।

उन्होंने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए खाना खाने से पहले, बाद में व शौच जाने के बाद हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोने के बारे में बताया। कहा कि नाखूनों की सफाई नियमित रूप से करनी चाहिए। बताया कि सोमवार से शुक्रवार तक ब्लॉक राजपुर के सभी प्राथमिक विद्यालयों में यह अभियान चलाया जाता है, जो बच्चे गंभीर बीमारी से पीड़ित मिलते है। उनके लिए प्रत्येक शनिवार को पीएचसी में स्वास्थ शिविर लगाया है।



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती आरबीएसके टीम। अमृत विचार

# एचटी लाइन से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के भंदेमऊ गांव में बकरियां चराने के दौरान 11 हजार लाइन का तार महिला पर गिरने से झुलसी महिला की कानपुर के उर्सला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

भंदेमऊ गांव निवासी राजकिशोर की पत्नी रजोली (40) बुधवार की देर शाम बकरियां चराने के लिए खेत पर जा रही थी। तभी रास्ते में 11 हजार विद्युत लाइन का तार टूटकर उसके ऊपर आ गिरा। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई थी। परिजनों ने इलाज के लिए उसे उर्सला अस्पताल कानपुर में भर्ती कराया था। जहां रात में रजोली की मौत हो गई। जानकारी पर मृतका का पति राजकिशोर, बेटी कोमल, आरती, बेटा राज आदि का रो-रोकर बुरा हाल था। एसडीओ सिंकदरा योगेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जांच कराकर मृतक परिवार को मुआवजा दिलाने के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

समीक्षा | कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला सैनिक बंधु की बैठक, अफसरों ने सुनी समस्याएं

# शहीद स्मारक के निर्माण में तेजी की मांग

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिला सैनिक बंधु की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। इस दौरान पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनी गईं।

गुरुवार को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शालिनी उत्तम ने सैनिक बंधु की गत बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की। वहीं सैनिक बंधुओं के प्रार्थना पत्र, जमीनी विवाद, शस्त्र लाइसेंस एवं अन्य समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए। बैठक में केंद्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। इंडियन वेटरन ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी द्वारा युद्ध शहीद लांस नायक उदय नारायण कुशवाहा नगर पालिका पुखरायां के ग्राम अहरौली शेख में शहीद स्मारक के निर्माण कराए जाने की कार्रवाई में तेजी लाने की मांग की गई। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने आश्वस्त किया कि समस्या एवं वेलफेयर से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर अंकित सक्सेना व भूतपूर्व सैनिक रहे।



सैनिक बंधु की बैठक करती अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शालिनी उत्तम। अमृत विचार

# नाले पर अतिक्रमण में 55 लोगों को नोटिस

संवाददाता संदलपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के कौरु बिछियापुर गांव के नाला पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। एसडीएम ने मौके का निरीक्षण कर नाले की सिल्ट सफाई में बाधक बने 55 लोगों को नोटिस जारी की गई है।


कौरू बिछियापुर गांव में करीब करीब तीन किलोमीटर लंबा नाला है। जिसपर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। इससे नाले की सफाई नहीं हो पा रही है। इस वर्ष बारिश के पानी से कौरु, अलियापुर व जगन्नाथपुर झाबर में खड़ी करीब ढाई सौ बीघा धान जलमग्न हो गई थी। किसानों ने तहसील दिवस में डीएम से शिकायत कर नाले की सफाई कराने की मांग की थी। डीएम अलोक सिंह ने एसडीएम सिकंदरा व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई निर्देश दिए थे, लेकिन नाले पर अतिक्रमण होने के कारण सफाई पूरी रूप से नहीं हो पा रही है। जिसपर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने 55 अतिक्रमणकारियों को चिंहित कर उन्हें नोटिस जारी की है। एसडीएम सिकंदरा एसएन शुक्ला ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी की गई है।



निरीक्षण करते एसडीएम व पुलिस कर्मी।

## ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का रास्ता खुलेगा

राज्य सरकार ने खरीदारों और विक्रेताओं के बीच निर्बाध संबंध सुनिश्चित किए हैं। इन व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के लिए निरंतर ध्यान और प्रचार की आवश्यकता है, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के विजन के अनुरूप है।
**राकेश सचान, एमएसएमई मंत्री**





## व्यापारिक संभावनाएं बढ़ाएगा ट्रेड शो

ट्रेड शो राज्य के व्यापारिक संभावनाओं को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक की जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ यह ट्रेड शो एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में उभर रहा है, जो उत्तर प्रदेश को एक सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति के रूप में प्रदर्शित कर रहा है। **–आलोक कुमार,** प्रमुख सचिव, एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग और हथकरघा



**40** हजार से अधिक लोग पहुंचे उत्तर प्रदेश के उत्पादों को देखने

# जल्द तैयार होगा सेमीकंडक्टर व सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का हब


धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**03** प्रोजेक्ट पूरे करने पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने किया फोकस

**16** स्टाल लगाए यीडा ने हॉल नंबर 3 में

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से राज्य सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने हॉल नंबर 3 में 1644 स्क्वायर मीटर जगह में फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के प्रोजेक्ट पर फोकस करते 16 स्टाल लगाए हैं।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीनें भी आरक्षित कर दी गई हैं। हाल में हुए सेमीकॉन समिट में निवेशकों ने रुचि दिखाई।इसमें अमेरिका की तीन कंपनियां भी हैं। तीनों प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तावित हैं। मंजूरी मिलते ही सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीन दी जाएगी। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) के लिए इंफोसिस, विप्रो, टाटा जैसी बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। हमने आईटी और आईटीईएस सॉल्यूशंस के लिए अलग से जमीन निर्धारित की है। इसकी स्कीम यीडा की बोर्ड मीटिंग के बाद निकाली जाएगी। फिनटेक पार्क के लिए हैवल्स, एंकर जैसी कंपनियां सामने आ रही हैं। उम्मीद है कि इसकी स्कीम भी अगले 10 से 15 दिनों में लांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन तीन बड़े स्टॉल्स के अलावा पूर्वांचल रियल स्टेट, आगरा की शू एक्सपोर्ट कंपनी आरटेक वान, न्यू जेन, फिल्म सिटी, पतंजलि, नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट, वीवो, सूर्या फूड और सिफी टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियों के भी स्टॉल लगाए गए हैं। ये सभी कंपनी यीडा क्षेत्र में या तो कार्य कर रही हैं या फिर करने जा रही हैं।


योजनाओं के बारे में बताते यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह।

- सेमीकंडक्टर पार्क की तैयारियां पूरी, सरकार की मंजूरी मिलते ही भूमि आवंटन संभव
- सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में विप्रो, टाटा, इंफोसिस कंपनी ने दिखाई रुचि
- फिनटेक सिटी में हैवल्स और एंकर जैसी यूनिट्स की हो रही स्थापना


ग्रेटर नोएडा में लगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्पादों को देखते बाहरी प्रदेशों से आए लोग।

## उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में बताया

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** ट्रेड शो के दूसरे दिन हॉल नंबर–2 में तीन ज्ञान सत्र आयोजित किए गए। इसमें उद्यमी, उभरते उद्योग, नवउद्यम और नए व्यापार शुरू करने के इच्छुक लोग शामिल हुए। अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा इनोवेशन और स्टार्ट–अप सत्र आयोजित किया गया। छात्रों को एकेटीयू की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में जानकारी दी गई। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने अकादमिक उत्कृष्टता से उद्यमिता तक की यात्रा पर एक प्रस्तुति दी गई। इनोवेशन हब के प्रमुख माहीप सिंह और इनोवेशन हब की प्रबंधक वंदना शर्मा ने बताया कि कैसे इनोवेशन हब उत्तर प्रदेश में उद्यमियों और नवउद्यमों को सशक्त बना रहा है और स्थानीय नवउद्यमों के लिए फंडिंग का मार्ग खोल रहा है। साथ ही एक अन्य सत्र में युवाओं के कौशल विकास के लिए चर्चा की गई। इस सत्र की अध्यक्षता जीबीयू के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा ने की।

# अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलने से गदगद हैं युवा उद्यमी

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**400** निर्यातकों ने लगाए हैं स्टाल

**277** नये निर्यातकों ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार :** युवा उद्यमियों के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो वरदान साबित हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मंच मिलने से वे उत्साहित हैं। उनका कहना है कि भारत के बाहर से आने वाले बॉयर्स से काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। यह उनके कारोबार को बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। शो के एक्सपोर्ट पवेलियन में आए लगभग 400 निर्यातकों में 277 नये हैं। इनमें से अधिकतर ने 2-3 साल पहले ही कारोबार शुरू किया है।

### सीए की नौकरी छोड़ शुरू किया स्टॉर्टअप : दिलीप


दिलीप चौहान

सिद्धार्थनगर के युवा कारोबारी दिव्यम आहार के फाउंडर दिलीप चौहान ने सीए की अच्छी खासी नौकरी छोड़कर दिव्यम आहार नाम से अपना स्टॉर्टअप शुरू किया है। इनके 'काला नामक' चावल को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उन्होंने कहा, सरकार जिस तरह स्टॉर्टअप को बढ़ावा दे रही है, वह हम जैसे युवाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

### विदेश के बॉयर्स आने से उत्साहित : गार्गी गौर

चीनी मिट्टी इंडिया की फाउंडर मथुरा निवासी गार्गी गौर को दूसरी बार इस ट्रेड फेयर में शामिल होने का मौका मिला है। पिछली बार भी बहुत अवसर मिला था।हमारे पास बहुत सारी एजेंसी के लोग आए थे। इस बार भी बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि इंडिया के अलावा बाहर के देशों से भी लोग आ रहे हैं। यह ट्रेड फेयर हमारे लिए बड़ा अवसर साबित हो रहा है।


गार्गी गौर

### जर्मनी– ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में निर्यात : सहर्ष


सहर्ष

टेराकोटा उत्पाद का कारोबार करने वाले गोरखपुर के युवा एन्टरप्रिन्योर सहर्ष ने कहा कि बी-टू-बी सेशन के माध्यम से उन्हें काफी रिस्पांस मिला है। इसमें बहुत सारे एक्सपोर्टर्स से कनेक्ट होने का मौका भी मिला। हाल में ही जर्मनी, नेपाल और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी एक्सपोर्ट करने का अवसर मिला है। ऐसी प्रदर्शनी से हमें एक्सपोजर मिलता है।

### प्रदर्शनी से मिल रहा है अच्छा रिस्पांस : कीर्ति

हाथ से भगवानों की पोशाक बनाने का व्यवसाय करने वाली वृंदावन, मथुरा निवासी कीर्ति ने कहा कि हमने पिछले साल भी यहां स्टॉल लगाया था, तब भी बहुत अच्छा रिस्पांस मिला था। इस बार दिल्ली-एनसीआर के साथ ही हरियाणा, पंजाब के साथ ही आसपास के क्षेत्रों से लोग आ रहे हैं। यह प्रदेश सरकार का बड़ा सहयोग है कि बड़ा एक्सपोजर मिल रहा है।


कीर्ति

# सरकार ने दिया प्लेटफार्म तो संवर गई ओडीओपी उद्यमियों की जिंदगी

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** छोटे-छोटे कस्बों और बाजारों से आए उद्यमियों की आखों में वर्ष 2017 से पहले तरक्की के सपने थे। उद्यम को बुलंदी तक पहुंचाने का जज्बा भी था, मगर उनकी मेहनत सरकारी उदासीनता के आगे पस्त थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने उद्यमियों की भी सुध ली। नतीजा यह निकला कि एक समय हताश, निराश हो चुके उद्यमी आज कारोबारी सफलता की नई गाथा लिख रहे हैं। ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो ऐसे ही ओडीओपी उद्यमियों की सफलता की कहानियां सुना रहा है। पेश है कुछ उद्यमियों की कहानी....

**2017** से पहले की सरकार ने नहीं ली जिला स्तर के उद्यमियों की सुध

### पुश्तैनी कारोबार छोड़ मुंबई में बेचनी पड़ी भेलपूरी


सोहित कुमार

सोहित कुमार प्रजापति कहते हैं कि काली मिट्टी से बर्तन (ब्लैक पॉटरी) बनाने का उनका पुश्तैनी काम है। सरकारी सहायता नहीं मिलने के कारण एक समय ऐसी स्थिति भी आई कि सोहित को मजबूरन अपना पुश्तैनी काम छोड़ मुंबई जाकर भेलपूरी तक बेचना पड़ा। कोरोना काल में घर लौटे सोहित को हर तरफ अंधेरा नजर आ रहा था। बकौल सोहन, योगी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद के तहत ब्लैक पॉटरी को शामिल किया तो सरकारी मदद से इस कारोबार की रौनक लौट आई। यूपी सरकार ने सोहित को स्विटजरलैंड भी भेजा।

### 20 दिव्यांग बच्चों को सरकार ने भेजा सिंगापुर


मनप्रीत कौर

दिव्यांग डेवलपमेंट सोसायटी मूकबधिर बच्चों की संस्था है। मनप्रीत कौर बताती हैं कि दिव्यांग बच्चे कैंडल समेत अन्य उत्पाद बनाते हैं। पहली बार ये बच्चे ट्रेड शो में भाग ले रहे हैं। बकौल मनप्रीत योगी सरकार ने इन बच्चों के हौसलों को नई उड़ान दी है। 2018 में रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2018 में ही संस्था के 20 दिव्यांग बच्चों को यूपी सरकार ने प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर भेजा। भावुक मनप्रीत कहतीं हैं कि इन बच्चों ने कभी ट्रेन में भी सफर नहीं किया था, लेकिन योगी आदित्यनाथ ने इन्हें हवाई जहाज का सफर कराया।

### मोटे अनाज को भी सरकार ने किया प्रोत्साहित


कमल आहूजा

मिलेट्स से बनी कुकीज का स्टॉल लगाने वाले बांदा जिले के कमल आहूजा बताते हैं कि योगी सरकार लगातार उद्यम को प्रोत्साहित कर रही है। गत वर्ष केंद्र की मोदी सरकार और सूबे की योगी सरकार ने मोटे अनाज को लगातार प्रोत्साहित किया। कमल स्थानीय किसानों से ज्वार, बाजरा खरीदकर बिना चीनी की कुकीज बनाते हैं। योगी सरकार से मिले लोन से कमल ने पैकेजिंग मशीनें खरीदी। आज इनके बनाए उत्पाद दुबई, नेपाल, भूटान भी भेजे जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ और मुख्यमंत्री योगी पहले दिन इनके स्टॉल पर भी आए थे।

### मृतप्राय उद्यम में योगी सरकार ने फूंकी जान


द्वारिका प्रसाद

यूपी का बांदा जिला शजर पत्थरों से बने आभूषणों के लिए जाना जाता है। शजर पत्थरों के कारोबार से जुड़े द्वारिका प्रसाद शर्मा कहते हैं कि एक समय पूरे बांदा में 80 फैक्ट्रियां थी। फिर एक समय तो ऐसा भी आया कि बांदा में केवल 3 कारखाने बचे। 2017 में योगी सरकार ने इस मृतप्राय उद्यम में जान फूंकी। ओडीओपी में लोन दिया और सब्सिडी भी। प्रदर्शनियों में स्टॉल मुहैया कराया। यही नहीं जी–7 अतिथियों को प्रधानमंत्री मोदी ने जो गिफ्ट दिए थे उसमें शजर भी शामिल था। आज इस कारोबार में 50 से 60 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है।

### मुश्किल वक्त में सरकार ने थामा हाथ


प्रतीश कुमार

ओडीओपी पवेलियन में ग्लॉस हैंडीक्रॉफ्ट के स्टॉल संचालक प्रतीश कुमार कहते हैं कि वो 1990 से इस कारोबार से जुड़े हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि पहले लोग इसे जानते तक नहीं थे। योगी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद के तहत इस उद्यम को प्रमोट किया तो लोगों में कौतूहल बढ़ा। लोग घरों के सजावट में उत्पादों का प्रयोग करने लगे। बकौल प्रतीश योगी सरकार से उन्हें 5 लाख रुपये का लोन मिला था। लोन से उन्होंने ना केवल संयत्र खरीदने बल्कि कारोबार के विस्तार में भी मदद मिली। यूपी सरकार का ट्रेड शो कई लिहाज से मददगार है।

### सरकारी मदद मिली तो शौक बना कारोबार


शिप्रा शर्मा

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शिप्रा शर्मा का स्टॉल दर्शकों के कौतुहल का केंद्र बना हुआ है। बेकार बोतलों पर मधुबनी, लिप्पन और मंडाला आर्ट का ऐसा फ्यूजन प्रयोग किया है कि दर्शक वाह–वाह कर रहे हैं। बकौल शिप्रा इससे पर्यावरण संरक्षण भी हो रहा है। 7 साल पहले लिप्पन आर्ट को शौकिया अपनाने वाली शिप्रा ने यूपी सरकार से मिल रही मदद से अपने कारोबार को ना केवल आगे बढ़ाया बल्कि ट्रेड शो में भी दस्तक दीं। वह कहतीं हैं कि महिला उद्यमियों को यूपी सरकार प्रोत्साहित कर रही है। इससे उनके उद्यम में बढ़ोत्तरी की राहें खुलेंगी।

## शासन-सत्ता

# पुलिस के हाथ लगीं जाली नोट के धंधेबाजों के साथ कांग्रेस नेता की तस्वीरें, होगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- औरंगजेब का नेपाल कनेक्शन मिलने पर सक्रिय हुई एनआईए

**अमृत विचारः** कुशीनगर में जाली नोट के धंधेबाजों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को कठघरे में खड़ा करने वाले कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू स्वयं जांच के दायरे में आ गए। गैंगरेप के आरोपी मीर औरंगजेब और रफी खान उर्फ बबलू के साथ कांग्रेस नेता लल्लू के कई तस्वीरें पुलिस के हाथ लगी हैं। पुलिस तस्वीरों के आधार पर ही अजय कुमार लल्लू से पूछताछ करेगी। उधर, जाली नोटों के पाए जाने की सूचना पर एनआईए भी सक्रिय हो गई है। दरअसल एनआईए को यह जानकारी मिली है कि आरोपी औरंगजेब का लगातार नेपाल आना-जाना रहता है। एनआईए उसके नेपाल कनेक्शन का पता लगाने के लिए सक्रिय हुई है।

बतादें कि कुशीनगर पुलिस ने तमकुहीराज से सपा नेता रफी खान समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक ये सभी जाली नोट, मसाला तस्करी और पशु तस्करी से जुड़े रहे हैं। राजनीतिक दलों से जुड़े इन आरोपियों के पकड़े जाने का मामला पूरे सूब में सुर्खियों में है। आरोपियों का पक्ष लेते हुए कुछ नेता न्यायिक जांच की मांग कर चुके हैं। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू ने भी एक्स और फेसबुक पर पोस्ट की। एक पोस्ट में उन्होंने पुलिस को राबिनहुड बताते हुए सवाल खड़े किए तो दूसरी पोस्ट में आरोपियों के पैर में लगी चोट का जिक्र करते हुए दो वीडियो भी साझा किए और डीजीपी से सवाल किया है। उधर, एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि अजय लल्लू की भूमिका संदिग्ध लग रही है। उनके खिलाफ जांच शुरू करा दी गई है। जेल भेजे गए आरोपियों के साथ उनका फोटो मिला है और उनको बचाने के लिए वे प्रयास कर रहे हैं।

# प्रशनपत्र लीक कराने में शामिल पूर्व प्रधानाचार्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रयागराज स्थित विशप जानसन इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य रही हैं पारुल सोलोमन

**अमृत विचारः** वर्ष 2023 में हुई आरओ-एआरओ परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में पुलिस ने प्रयागराज के विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी इसी कॉलेज से 04 अप्रैल को गिरफ्तार एक आरोपी की शिनाख्त के बाद की है। एसटीएफ ने पूर्व प्रधानाचार्य से पूछताछ शुरू कर दी है।

विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अर्पित विनीत यशवंत नामक व्यक्ति इसी कॉलेज में कार्मिक था, जिसको प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में 04 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान जब उससे पूछताछ शुरू की गई तब पता चला कि उसकी नियोक्ता एवं तत्कालीन प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन के इशारे पर वह प्रश्नपत्र लीक कराने में मदद कर रहा था।

## सार-संक्षेप

### दवाओं की गुणवत्ता रिपोर्ट लोगों का भरोसा तोड़ने वाली है : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने देश में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर आ चुकी रिपोर्ट को लेकर केन्द्र व राज्य सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता को लेकर आने वाली रिपोर्ट लोगों का भरोसा तोड़ने वाली है। भाजपा सरकार में दवाएं लगातार महंगी हो रही है लेकिन उनकी गुणवत्ता बेहद घटिया है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, जब तक भाजपा दवा कंपनियों से चंदा बटोरती रहेगी, तब तक कम गुणवत्ता वाली दवाओं का धंधा जारी रहेगा। साथ ही कहा कि जो रिपोर्ट आयी है उस पर कोई कार्रवाई होती है या चंदे का रेट बढ़ाकर मामला रफादफा कर दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि यह कौन लोग है जो आम जनता, गरीबों के जीवन के साथ खेल कर रहे हैं। भ्रष्ट भाजपा सरकार को जवाब देना चाहिए कि क्वालिटी टेस्ट में फेल हो रहीं दवाओं को खाकर मरीज कैसे ठीक होंगे।


अखिलेश यादव

### मिलावट की रोकथाम के लिए कार्रवाई कम, चुनावी राजनीति ज्यादा : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा पर कार्रवाई कम और चुनावी राजनीति ज्यादा हो रही है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि राज्य सरकार की ओर से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों आदि में संचालक, प्रबंधक के नाम पता के साथ ही सीसीटीवी लगाने की घोषणा कांवड़ यात्रा के दौरान भी हुआ था। उन्होंने कहा कि खाद्य मिलावट की रोकथाम के लिए पहले भी सख्त कानून उपलब्ध हैं, पर सरकारी लापरवाही व मिलीभगत से मिलावट का बाजार हर तरफ गर्म है। उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर में प्रसादम के लड्डू में मिलावट ने देश भर के लोगों को दुखी कर रखा है। इस घृणित खिलवाड़ का असली दोषी कौन है, इस पर चिंतन जरूरी है। झारखंड में गरीब व्यक्ति की पुलिस हिरासत में कथित तौर पर हुई मौत की जांच कराकर दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाए।


मायावती

### बाल सेवा योजना पर खर्च होंगे 86 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लिए 86 करोड़ 24 लाख 42 हजार रुपए की स्वीकृति दे दी है। इस सिलसिले में शासन की ओर से आदेश जारी किया गया है। राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में इन योजनाओं के लिए 180,000 लाख रुपए के सापेक्ष द्वितीय किस्त के रूप में प्रस्तावित धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि निदेशक महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गई है।

**ग्रामीण पर्यटन विकास नीति** | देवीपाटन, चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ व वाराणसी मंडल पर फोकस

# 5 मंडलों के 93 गांवों में पर्यटन स्थल तलाश रही योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार देशी-विदेशी सैलानियों के लिए उप्र. के गांवों में पर्यटन स्थलों की तलाश कर रही है। इसी कवायद के तहत ग्रामीण पर्यटन विकास नीति तैयार हो रही है जो ग्रामीण पर्यटन के कायाकल्प का आधार बनेगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिवेश को भी अब पर्यटकों के बीच लोकप्रिय करने का रास्ता साफ होगा।

इस प्रक्रिया के अंतर्गत देवीपाटन मंडल, चित्रकूट मंडल, अयोध्या मंडल, लखनऊ और वाराणसी मंडल के 93 गांवों में पर्यटन को समृद्ध करने पर फोकस किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार, राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उप्र. पर्यटन विभाग ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिस पर कार्य भी शुरू हो गया है। साथ ही, ग्रामीण, वन समेत पर्यटन के लिहाज से प्रमुख टूरिस्ट सर्किट में टूर गाइड्स व ऑपरेटर्स की ट्रेनिंग प्रक्रिया को भी बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में विस्तृत फ्रेमवर्क पर काम जारी है। इस क्रम में, लखनऊ के मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट के कायाकल्प की भी तैयारी है।

### लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली व उन्नाव में 12 गांवों का चयन

अयोध्या मंडल में कुल 19 गांवों का चयन ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हुआ है। इनमें फिलहाल अंबेडकर नगर चुइंटियापारा, दर्वान तथा अयोध्या के अबनपुर सरोहा, अमौनी, सेवाघाट, रामपुरवा व गौराघाट को ग्रामीण पर्यटन के लिए होम स्टे विकास के तौर पर चिह्नित हुआ है। वहीं, सुल्तानपुर, बाराबंकी व अमेठी में 12 गांवों के चिह्नांकन की प्रक्रिया जारी है। इसी प्रकार वाराणसी मंडल में वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर व चंदौली में 10 गांवों को रूरल टूरिज्म के लिए होम स्टे प्रक्रिया से विकसित किया जाएगा। लखनऊ मंडल में कुल 23 ग्रामों में होम स्टे व पर्यटन विकास किया जाएगा, जिसमें सीतापुर के कोरौना, रामकोट, सरायसानी, बीहट बीरम, उरदौली व ठाकुर नगर प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली व उन्नाव में अन्य 17 गांवों का चिह्नांकन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त देवीपाटन मंडल में कुल 17 गांवों का विकास ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। इसमें, बहराइच, बलरामपुर, गोण्डा व श्रावस्ती के गांवों को चिह्नित कर विकसित किया जाएगा। वहीं, चित्रकूट मंडल में बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर व महोबा के 24 गावों को चिह्नित कर होम स्टे प्रक्रिया व ग्रामीण पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जाएगा।

### एमकेआईटीएम का होगा कायाकल्प

गोमतीनगर में विकल्प खंड स्थित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) के कायाकल्प कराने पर भी राज्य सरकार का फोकस है। पर्यटन विभाग द्वारा एमकेआईटीएम में लैंडस्केप रेनोवेशन के कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अंतर्गत, सॉफ्ट स्केपिंग, प्लांटेशन, हॉर्टीकल्चर समेत हार्ड स्केपिंग प्रक्रिया (जिसमें म्यूरल फॉर्मेशन, फाउंटेन, पाथवे, सीटिंग, बैरीकेडिंग, शेड, वॉल पेंटिंग), इलेक्ट्रिकल व प्लंबिग वर्क्स समेत विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां किचन लैब को भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा।

## दो कैदियों की रिहाई एक की निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल ने हत्या दोषसिद्ध होने के बाद उम्रकैद की सजा पाए दो कैदियों को समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है, जबकि एक कैदी का आचरण संतोषजनक न पाए जाने पर रिहाई निरस्त कर दी है।

बरेली कारागार में निरुद्ध सीतापुर का निवासी गुड्डू पुत्र रहीम को 2005 में मृत्युदंड की सजा मिली थी। इसी तरह फतेहपुर जेल में बंद अनुज कुमार गुप्ता ने अपनी पत्नी को जलाकर हत्या कर दी थी। 1994 में अनुज को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। राज्यपाल ने इनकी समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है। उधर, वाराणसी जेल में बंद बलिया के सुशील ने किशोरी की रेप कर हत्या कर दी थी। उसे रिहाई नहीं दी गई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यद्योश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।


## संपादकीय

# घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहें उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला अधिकारों के संरक्षण में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का बड़ा महत्व है। भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा अपराध की घटनाएं निरंतर जारी हैं, जो देश के समक्ष गंभीर चिंता का कारण बनी हुई है। 2005 के अधिनियम के अनुपालन के बाद भी भारत में घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी नहीं आई है। इन हालात में भारत में घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालने वाली सामाजिक-सांस्कृतिक और कानूनी चुनौतियों पर चर्चा जरूरी हो जाती है। न्यायालय ने कहा कि भारत में एक महिला को पुत्री, बहन, पत्नी, मां, साथी या एकल महिला के रूप में घरेलू हिंसा एवं भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो कि चिंतनीय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5), 2019-2021 के अनुसार, 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3 प्रतिशत विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू/यौन हिंसा का अनुभव किया है 18 से 49 वर्ष की आयु की 3.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा है। यह केवल महिलाओं द्वारा दर्ज कराए गए मामलों की संख्या है।

अक्सर ऐसे बहुत से मामले होते हैं जो पुलिस तक कभी नहीं पहुंच पाते। एनएफएचएस के आंकड़ों के अनुसार हिंसा की शिकार 87 प्रतिशत विवाहित महिलाएं मदद नहीं मांगती हैं। घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों का प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण है? कानूनों का असंगत क्रियान्वयन प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालता है। इसका कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायिक निकायों में घरेलू हिंसा के मामलों से निपटने के लिए उचित प्रशिक्षण का अभाव हो सकता है। साथ ही अदालत में घरेलू हिंसा साबित करने के लिए पर्याप्त सबूतों की आवश्यकता होती है। गवाहों या भौतिक साक्ष्यों की कमी से मामले कमज़ोर हो सकते हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कभी न खत्म होने वाले चक्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। घरेलू हिंसा अक्सर परिवार के भीतर ही होती है। कानूनी कार्रवाइयों से पारिवारिक रिश्ते खराब हो सकते हैं, जिससे पीड़ित कानूनी उपाय अपनाने में हिचकिते हैं। ऐसे में ज़मीनी स्तर पर महिलाओं के हितों के लिए कार्य करने वाले संगठनों एवं समुदायों को दृढ़ता से समर्थन करने की आवश्यकता है।

# विकसित भारत का विजन पूरा करने को पर्यटन में अवसर



गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया।

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एंबेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है।

पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं।

प्रधानमंत्री निरंतर यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई।

पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है।

पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है। वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है।

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था। एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है—एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें। आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके। प्रधानमंत्री का विकसित भारत का विज़न पूरा करने के लिए पर्यटन अनेक अवसर प्रदान करता है। विश्व पर्यटन दिवस पर, इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने प्रधानमंत्री की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें।

## प्रसंगवश

# तंत्र की लोक से अनपहचान

समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय-जीवन की सामाजिक-राजनैतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक साहित्यिक समस्त गतिविधियों का केंद्र लोकजीवन है। हमारी आधार-भूत समस्याओं का मूल है-तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं। एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 प्रतिशत जनता ईडियट है। और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक-आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मान कर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं। अनेक देशों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं, भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं। संस्कृतिशास्त्र के विभाग नहीं हैं।

लोकवार्ता लोकतंत्र का तत्वदर्शन है। साहित्य के व्याख्याता किताबी भाष्य तो करते हैं, लोकजीवन को विस्मृत कर देते हैं। यह खंडित दृष्टि है। समकालीन दृष्टि, ऐतिहासिक दृष्टि, वैज्ञानिक दृष्टि पर लंबी चौड़ी बहस करते हैं किंतु इतनी सी बात समझ में नहीं आती कि ये सारी दृष्टियां लोकजीवन के लिए हैं। यदि इन दृष्टियों में समष्टिभाव का लोप है, तो इन दृष्टियों का उधार तो हम पर है नहीं। इनका क्या करना है? समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।

# आसान नहीं है 'हाइब्रिड' वाहनों की राह



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमें लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है।

पेट्रोल तथा डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ अपना रुझान करते जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार का प्रयास भी इसी दिशा में है। लेकिन इन सबके बीच ऑटोमोबाइल से जुड़ी बहुत सारी कंपनियां पारंपरिक इंजन से चलने वाले वाहनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच की एक कड़ी लाने की कोशिश कर रही हैं। जिसे 'हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल' कह सकते हैं।

हाल ही में 'एचएसबीसी ग्लोबल' रिसर्च की रिपोर्ट में आगामी 5-10 वर्षों में भारत को आवागमन हेतु सतत समाधान के रूप में बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के स्थान पर हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। जिसके परिणामस्वरूप भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर के ट्रेंड्स में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। देश में लोग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से दोगुनी कीमत होने के बावजूद अब हाइब्रिड वाहनों की तरफ मुड़ते जा रहे हैं।

वस्तुतः भारत में अभी होंडा, सुजुकी, और टोयोटा जैसी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपने हाइब्रिड वाहनों को लांच किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर पहले से ही बहुत सी गाड़ियां आ रही थीं। लेकिन उनकी एक सीमा (रेंज) है। और उससे बचने के लिए हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को व्यापक स्तर पर देखा जा रहा है।

ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट के मुताबिक हाइब्रिड कारों की 'रनिंग कॉस्ट' लंबी अवधि में ईवी से कम होती है। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 'चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर' की कमी अभी भी एक बड़ी समस्या है लेकिन वहीं हाइब्रिड कारें ईंधन और बैटरी दोनों से चल सकती हैं। हाइब्रिड वाहनों को पसंद करने का एक और प्रमुख कारण इसकी 'रेंज एंग्जाइटी' का 'नहीं' होना है क्योंकि ईवी में 'रेंज एंग्जाइटी' यानी कि कम चार्जिंग में लंबी दूरी तय करने को लेकर चिंता अभी भी बरकरार है। जबकि हाइब्रिड कारें इस चिंता से निजात दिलाती हैं। क्योंकि बैटरी के चार्ज नहीं होने की स्थिति में हम इसे पेट्रोल से चला सकते हैं।

गौरतलब है कि ऑटो कंपनियों के संगठन 'सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटो मोबाइल मनुफक्चरर्स' के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री पिछले साल 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। यही वजह है कि मारुती सुजुकी टोयोटा जैसे जापानी वाहन निर्माता ईवी के बजाय हाइब्रिड पर जोर दे रहे हैं। हुंडई भी 2026 तक भारत में अपनी पहली हाइब्रिड कार लांच करने की योजना बना रही है।

हाइब्रिड वाहनों में पेट्रोल या डीजल जैसे 'इंटरनल कम्बशन इंजन' (आईसीई) के साथ ही इलेक्ट्रिक बैटरी भी होती है। जो वाहनों की रेंज और ईंधन की दक्षता को बढ़ाने में मददगार है। दुनिया में पेट्रोल एवं डीजल चलित वाहनों के अतिरिक्त स्ट्रांग हाइब्रिड, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड और प्योर इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ रही है।

भारत में हाइब्रिड वाहनों की चुनौतियां भी कम नहीं हैं, जिसमें से कुछ प्रमुख चुनौतियां निम्न हैं : भारत एक मूल्य संवेदनशील बाजारः भारत का बाजार अभी 'संक्रमण काल' (ट्रांजीशन फेज) से गुजर रहा है। क्योंकि देश में लंबे समय से पेट्रोल, डीजल तथा सीएनजी वाहनों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार भी अभी चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा है। इन सबके बीच हाइब्रिड तकनीक अभी शुरुआती नवीनतम स्तर पर है। इस तकनीक के पूरी तरह से विकसित होने के बाद ही इसकी कीमतों में कमी देखने को मिल सकती है।

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमे लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है। बैटरियों की लागत ज्यादा होने के कारण वाहनों की कीमत भी बढ़ जाती है। सरकारी सब्सिडी इसमें कुछ हद तक सहायक सिद्ध हो सकती है। अतः इसे कम कीमतों के साथ बाजा़र में उपलब्ध कराना होगा ताकि लोग इससे जुड़ सकें और इसका उपयोग कर सकें।

हमारे देश में जैसे-जैसे हाइब्रिड वाहनों का उपयोग बढ़ेगा, स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। साथ ही जीवाश्म ईंधनों की कीमतों में वृद्धि से भी राहत मिलेगी। सरकार भी इसमें 'टैरिफ' देकर इलेक्ट्रिक वाहन के निर्माताओं को भरसक सहयोग कर रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाइब्रिड वाहनों के उपयोग से प्रदूषण की स्थिति को भी सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# कुछ न सोचता है न बोलता



रमा शंकर सिंह
दिल्ली

वर्तमान की दो पीढ़ियां शहर में नक़ली खाकर बड़ी हुई हैं। नक़ली ख़राब खाना जिसमें सब्ज़ी दाल आटा और सबसे ख़राब वे जो पैक किए मसाले ही इन्हें अच्छे लगते हैं और जैविक और कीटनाशक रहित सब्ज़ियों में इन्हें चमक नहीं मिलती तो बेकार समझते हैं। मोम की परत से चमकीला बनाया पुराना शीतगृहों का सेब अच्छा लगता है जबकि बाग़ान से उतरा कम लाल व कम चमकीला इन्हें सस्ता होने पर भी बुरा लगता है। ऋतु मौसम के अनुसार फल व सब्ज़ियों का चुनाव कैसे करें यह सीख स्कूल तो देते नहीं जबकि हर इंसान को दिन में तीन चार बार इन्हीं से बनी चीजों की ज़रूरत पड़ती है और पेट में जाती हैं। स्कूल जीवन के लिए नहीं नौकरी धंधे के लिए तैयार कर रहे हैं जबकि जीवन जीते हुए ही नौकरी धंधा होता है। दवाइयों में अकल्पनीय मिलावट है। अभी हाल ही में एक एंटीबायोटिक गोली की प्रयोगशाला में जांच हुई तो पाया कि शुद्धतः खड़िया मिट्टी थी। इन सब विषयों पर जो जीवन पर प्रतिकूल असर डालकर जीवन को छोटा और बीमार कर रहे हैं, भारत कुछ न सोचता है न बोलता है। लड्डू में मिलावट भी बुरी और ख़तरनाक है लेकिन सिर्फ़ मंदिर की नहीं हर दुकान पर हो रही भी। जो समाज हर दुकान की मिठाई शुद्ध नहीं बनवा सकेगा वो मंदिर की क्या ख़ाक ठीक करेगा? चार महीने बाद हल्ला कम होने पर वही चर्बी वाले तेल में देसी घी का फ्लवेर और पीला रंग तुम्हें फिर से देसी घी लगने लगेगा।

उपभोक्ता आंदोलन किसने ख़त्म किया? फ़ैक्ट्री मालिकों, मज़दूर व उपभोक्ता यूनियनों संस्थाओं के भ्रष्ट नेताओं, ब्लैकमेल करने वाले वकीलों और सो रहे लेकिन लगातार लुट रहे उपभोक्ताओं ने। सरकारों पार्टियों के मजे, खूब चंदा उड़ाओ; सबसे अपार पैसे खाओ। असल में भारत सदियों से अभिशप्त है कि यहां की जनता अपने मुद्दों की मालिक खुद कभी नहीं बनना चाहती, इसे हर बात के लिए अवतार चाहिए। आख्यानों कथाओं के लिए तो ठीक है पर असल ज़िंदगी में जो भी अवतार बनने की प्रक्रिया से गुज़रते हैं वे किन महाशक्तियों ने गढ़े हैं यह देखना जानना भी नहीं है।

**- फेसबुक वॉल से**

# दिशाओं की बातें



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर।

सुबह जब मैं अपने घर के बगीचे में टहल रहा था तो मैंने सूर्य को उदय होते हुए देखा। मैंने सूर्य के उदय होने की दिशा देखी। मैंने गौर किया कि मेरे घर की दिशा के सापेक्ष जून में सूर्य मुझे अभी की अपेक्षा उत्तर की ओर से उदित होता हुआ दिखाई पड़ता था और जाड़ों में दक्षिण की ओर से। मुझे याद आया कि अभी कुछ दिन पहले-22 सितंबर को-उत्तरी गोलार्ध का ऑटम इक्विनॉक्स होकर चुका है। इसका अर्थ हुआ कि इस समय सूर्य भूमध्य रेखा के ऊपर है। जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मियां पड़ती हैं तब वह 23.5 डिग्री उत्तर-कर्क रेखा-के ऊपर और यहां जाड़े पड़ने पर 23.5 डिग्री दक्षिण में मकर रेखा के ऊपर होता है।

यह देख कर मेरे मन में विचार आया कि पूर्व दिशा क्या है। हम लोग बचपन में पढ़ते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदित होता है, वह पूर्व दिशा होती है। इसकी ओर मुंह करके खड़े होने पर हमारी पीठ पीछे पश्चिम दिशा, बाएं हाथ की ओर उत्तर दिशा और दाएं हाथ की ओर दक्षिण दिशा होती है। लेकिन सूर्य तो किसी एक निश्चित दिशा से उदित नहीं होता है। यह आभासी रूप से 23.5 डिग्री उत्तर अक्षांश से 23.5 डिग्री दक्षिण अक्षांश के बीच घूमता हुआ दिखाई पड़ता है। तब हम पूर्व दिशा किसे मानेंगे?

यह कहना गलत है कि पृथ्वी के केंद्र से सूर्य के केंद्र की ओर जाने वाली दिशा पूर्व दिशा होती है। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी द्वारा अपनी यात्रा के पथ में हर बिंदु पर यह दिशा बदलती रहती है। वास्तव में कोई भी 'कार्डिनल' दिशा पृथ्वी की सतह के सापेक्ष देखी जाती है। पृथ्वी की सतह के किसी स्थान से हमें सूर्य जिस ओर दिखाई पड़ता है, आम तौर पर उसे पूर्व दिशा कह दिया जाता है। किन्तु क्या यह एक सही परिभाषा है?

यह कहना भी गलत है कि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी किसी भी ओर से घूमे, हम उसे पश्चिम से पूर्व या पूर्व से पश्चिम कह सकते हैं। कहने का सही तरीका यह है कि यदि हम पृथ्वी को उसके उत्तरी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे की ओर देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों के चलने की विपरीत दिशा में चलती हुई-या घूमती हुई- दिखाई पड़ेगी। या इसे हम ऐसे कह सकते हैं कि हम पृथ्वी को दक्षिणी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों की दिशा में चलती हुई दिखाई पड़ेगी। पृथ्वी की सतह पर दिशाएं उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव से भी तय की जा सकती हैं। लेकिन यहां पर चुंबकीय ध्रुवों और भौगोलिक ध्रुवों का अंतर भी सामने आता है। कहीं पर चुंबकीय ध्रुवों को देखा जाता है और कहीं पर भौगोलिक ध्रुवों को। इसके विभिन्न कारण होते हैं।

अंतरिक्ष में वैसे तो कोई दिशा नहीं होती है-या कहना चाहिए कि पृथ्वी की सतह के सापेक्ष वाली कोई दिशा नहीं होती है - लेकिन फिर वहां दिशाएं होती भी हैं। वह दिशाएं अनेक प्रकार से देखी जाती हैं, उदाहरण के लिए गैलेक्टिक एक्सिस से, हमारी गैलेक्सी या गैलेक्सी के बाहर की विभिन्न सेलेस्टियल बॉडीज के कोऑर्डिनेट्स से, पृथ्वी के पोल्स के एक्सटेंशन से, उसकी भूमध्य रेखा के एक्सटेंशन से, 'राइट एसेंशन' और 'राइट डेक्लीनेशन' से और अनेक अन्य प्रकार से। और अंतरिक्ष में 'ऊपर' और 'नीचे' भी नहीं होता है। और पृथ्वी की सतह के हर स्थान पर ऊपर और नीचे की दिशा एक-दूसरे के सापेक्ष भिन्न-भिन्न होती है।

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर। पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुव समय के साथ-साथ अपना स्थान थोड़ा-थोड़ा बदलते भी रहते हैं। बल्कि पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुवों ने तो पृथ्वी के इतिहास में अनेक बार एक-दूसरे के साथ भी स्थान बदला है। जहां इस समय उत्तरी ध्रुव है, कभी वहां दक्षिणी ध्रुव था, और जहां दक्षिणी ध्रुव है, वहां उत्तरी ध्रुव। ऐसा उसके अंदर के लोहे के क्रोड की स्थिति में परिवर्तन के कारण होता है। पृथ्वी के भौगोलिक ध्रुव भी अंतरिक्ष के तारों के सापेक्ष एक लट्टू के समान चक्कर लगाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि पूर्व और पश्चिम दिशा एक निश्चित दिशा नहीं है। हम यह मोटे तौर पर कहते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदय होता है, वह पूर्व दिशा होती है। तो, दिशाओं का संसार बहुत रोचक है। 'दिशाओं' से मुझे 'दिग्गजों' की याद आ रही है। दिग्गज - अर्थात् दिक् + गज - अर्थात् दिशाओं के हाथी। कभी यह माना जाता था कि चार दिशाओं में चार बड़े-बड़े हाथी होते हैं जो पृथ्वी को अपनी पीठ पर धारण किए रहते हैं। कैसी-कैसी धारणाएं थीं! लेकिन क्या अभी भी हम लोग अपनी धारणाओं में बहुत सुसंगत हो पाए हैं? क्या अभी भी हम अनेक अतार्किक धारणाएं नहीं पाले बैठे हैं? क्या अभी भी हमारे समाज की एक वैज्ञानिक मानसिकता बन पाई है?

# प्रसाद में मिलावट आस्था से खिलवाड़



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डुओं में बीफ, फिश ऑयल और जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के एक दावे से बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। प्रयोगशाला रिपोर्ट में नमूने लेने की तारीख 9 जुलाई, 2024 थी और प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई की थी। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या घी का टेंडर ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को दिया गया। यह अनदेखी या जानबूझकर छूट का मामला है। टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया गया और घी को जांच के लिए नहीं भेजा गया। टेंडर के क्लॉज 80 के अनुसार आपूर्ति की गई घी की प्रत्येक खेप के लिए एनएबीएल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना जरूरी है।

इसके अलवा टेंडर क्लॉज 81 के अनुसार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी के नमूनों को लैब परीक्षण के लिए भेजना अनिवार्य है। सवाल उठ रहे हैं कि अगस्त 2023 और जुलाई 2024 के बीच ब्लैक लिस्टेड कंपनी के पहले के नमूनों में ये मिलावट कैसे नहीं पकड़ी गई? क्या टीटीडी ने एनएबीएल/लैब परीक्षण के लिए नमूने नहीं भेजे? क्या ब्लैक लिस्टेड कंपनी ने उस बैच का एनएबीएल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया जिसमें मिलावट पाई गई थी? भारत के कई राज्यों में एक लाख से अधिक मंदिरों (तिरुपति सहित) के प्रबंधन पर संबंधित सरकारों का नियंत्रण है। तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम ट्रस्ट के अंतर्गत श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का संचालन होता है, जो दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट भी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के बैंक खाते में 18,817 करोड़ रुपये की राशि थी। मंदिर प्रबंधन को करीब 500 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है, जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है।

श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) का विश्वप्रसिद्ध प्रसाद (लड्डू) तैयार किया जा रहा था, वह न केवल मिलावटी है, बल्कि उसमें 'फीश ऑयल', 'बीफ-टैलो' और 'लार्ड' (सुअर की चर्बी) जैसे तत्व भी पाए गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करता है। आंध्र के सीएम ने विधायक दल की मीटिंग में दावा किया कि तिरुमाला लड्डू घटिया सामग्री से बनाया गया। तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर मिलने वाले लड्डुओं में इनकी मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस तरह के कृत्य से इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपति मंदिर में प्रतिदिन औसतन 87 हजार भक्त दर्शन हेतु आते है। उन्हें प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में प्रतिमाह 42 हजार किलो घी, 22,500 किलो काजू, 15 हजार किलो किशमिश और 6 हजार किलो इलायची लगता है। यक्ष प्रश्न यही है कि आखिर इनकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन आधुनिक प्रयोगशाला में क्यों नहीं कराई जाती? हैरानी है कि प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलने के खुलासे के बाद भी इस संबंध में कोई बात नहीं हो रही है।

# ज्वैलरी शॉप से हुई 8 लाख की चोरी

## सेंध लगाकर घटना को दिया अंजाम, एएसपी, सीओ व फील्ड यूनिट ने की जांच पड़ताल

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** असोहा थाने से चंद कदम दूर बेखौफ चोरों ने सेंध लगाकर सराफा की दुकान को निशाना बनाते हुए नकदी व जेवर सहित 8 लाख का माल पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर व्यापारियों की भीड़ एकत्र हो गई। फील्ड यूनिट के साथ पहुंचे एएसपी ने जांच की। मामले को संज्ञान लेकर एसपी ने लापरवाही बरतने के दोषी बीट के दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया। वहीं हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में भी चोरों ने दो घरों से नकदी व जेवर पार कर दिए। इसके अलावा औरास में चोरी के शक में ग्रामीणों ने तीन युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।


मौके पर जांच करती पुलिस व डॉग स्क्वायड की टीम। अमृत विचार

- हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में भी चोरों ने दो घरों से नकदी व जेवर किये पार

बुधवार रात असोहा थाना से कुछ दूर स्थित शिवा ज्वैलर्स की दुकान में दीवार काटकर दाखिल हुए चोरों ने अलमारी में रखी 1.75 लाख नकद, दो लाख के सोने व चार लाख के चांदी के जेवर पार कर दिये। गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने दीवार कटी देख दुकान स्वामी अनिल को इसकी जानकारी दी। दुकान पहुंचने पर वहां की स्थिति देख अनिल के होश उड़ गए। उसके मुताबिक चोरों ने 8 लाख का सामान पार कर दिया था। सूचना पर एसओ विमलकांत गोयल ने मौके पर पहुंचकर जांच की। एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह भी डाग स्क्वाड के साथ पहुंचे और जांच कराई। एएसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### एसपी ने बीट के सिपाहियों को किया निलंबित

- **उन्नाव।** असोहा थाना से कुछ दूर हुई चोरी से लोगों ने पुलिस की सक्रियता को लेकर सवाल उठाए। मामले को संज्ञान लेकर एसपी दीपक भूकर ने बीट के सिपाहियों को प्रथम दृष्टया इसका दोषी पाया। गश्त न करने व लापरवाही बरतने पर उन्होंने सिपाही अरविंद कुंतल व संजू यादव को निलंबित कर दिया। कहा कि दुकान स्वामी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

## निलंबित कोटे का आज होगा चयन

**औरास।** विकासखंड औरास के गांव मोहम्मदपुर चक सुनहरा में बीते कई माह से सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान निलंबित चल रही थी।

जिसमें शासन द्वारा गठित टीम एडीओ आईएसबी रवी आनंद की अध्यक्षता व एडीओ एजी अशोक कुमार, बीएमएम अंकित श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत शिवशंकर सिंह की उपस्थिति में दुकान का चयन होना है। बीते दो-तीन बार कोरम पूरा न होने से बैठक निरस्त हो चुकी है। इसमें क्षेत्रीय ग्रामीण महिलाएं व पुरुष आक्रोशित भी हुए थे। हालांकि भारी पुलिस की मौजूदगी में हंगामा नहीं हो सका था और ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही कर कोटे का चयन न करने का आरोप लगाया था। इसमें बीते कई दिनों से शासन द्वारा गठित टीम की उपस्थिति में आज शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर चक सुनौरा में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का चयन खुली बैठक में होना है।


केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट फेडरेशन के मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# अवैध दवाओं की ऑनलाइन ट्रेडिंग पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश (सीडीएफयूपी) का त्रिवार्षिक चुनाव व आम बैठक का आयोजन झांसी शहर के एक होटल में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि आयुष राज्यमंत्री दया शंकर मिश्र दयालू ने किसी कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण गूगल मीट द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया।

केमिस्टों के हितों की रक्षा करने, देश व प्रदेश में दवाओं की अवैध ऑनलाइन ट्रेडिंग से आ रही दिक्कतों पर भी विचार व मंथन किया गया। महासचिव सुरेश गुप्ता ने कहा कि अवैध ऑनलाइन दवाइयों के कारोबार को अगर प्रदेश और केंद्र सरकार बंद नहीं करेगी तो सीडीएफयूपी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। कहा कि दवाओं के अवैध ऑनलाइन कारोबार पर कोई रोक न होने से उपभोक्ताओं को नशे की और नकली दवाएं की आपूर्ति की प्रबल संभावना रहती है। जिस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए अन्यथा दवा कारोबारी अपने प्रतिष्ठान को अनिश्चित काल के लिये बंद करेंगे।

बैठक में दवा के कानून, दवाओं के रख-रखाव, कोल्ड चेन और आम जनता व उपभोक्ता को अच्छी गुणवत्ता की दवाई उपलब्ध हो। इस पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष संदीप चतुर्वेदी ने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि दवा व्यवसाय मे आ रही समस्याओं और विभाग के पोर्टल की विषंगतिओं के लिए बहुत जल्द ही प्रदेश के सीएम से प्रादेशिक संस्था का डेलीगेशन मिलेगा और सभी विषयों पर गंभीर चर्चा भी की जायेगी। कार्यक्रम का आयोजन संबद्ध जिला इकाई झांसी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उन्नाव से अध्यक्ष धन्वंतरि देव गुप्ता, महामंत्री रविशंकर मिश्रा, कोषाध्यक्ष रजनीकांत गुप्ता

# बारिश से मौसम हुआ सुहाना, लोगों को राहत व फसलों को मिली संजीवनी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। मौसम सुहाना हो गया। उमस भारी गर्मी से लोगों को निजात मिली। धान की मुरझाती फसल को संजीवनी मिल गई है। कुछ दिनों से बारिश न होने से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।


दही-पुरवा मार्ग पर झमाझम बारिश के बीच गुजरते वाहन। अमृत विचार

गुरुवार दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला। आसमान में काले बादल छा गए और झमाझम बारिश शुरू हो गई। कही कही सूख रही फसलों की सिंचाई के लिए किसान खुद के संसाधनों पर निर्भर थे। वही बारिश होने पुरवा, बिछिया, नवाबगंज, अचलगंज, सफीपुर सहित आसपास के इलाके में जमकर बारिश हुई। वही रश्मी कांत, राजेश कुमार, श्रीकांत शुक्ला, सज्जन लाल, अतुल कुमार, बाबू लाल, मनोरमा देवी , वजीरा बानो, आलिया समेत अन्य किसानों ने प्रसन्नता जाहिर की। बारिश होने से उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली-मोहल्लों की सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे। इस वजह से रात को फिर एक बार बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। उनका कहना है कि बारिश होने से धान सहित अन्य फसल को फायदा पहुंचा है। किसानों की माने तो इस प्रकार आगे भी बारिश होतो इस बार धान किसानों को व्यापक लाभ मिल सकता है। वही झमाझम बारिश के बीच सडको पर लोग बारिश का लुफ्त उठाते नजर आये।

## एक्सप्रेस-वे पार कर रहे अजगर को वाहनों ने रौंदा

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पार कर रहे एक अजगर को गुजरते वाहनों ने कुचल दिया। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा ने अजगर के शव को दफन कराया है।

गांव हैबतपुर के सामने बीती बुधवार देरशाम एक भारी-भरकम अजगर सड़क किनारे खंती में स्थित झाड़ियों से निकलकर एक्सप्रेस-वे पर पहुंच गया और सड़क पार करने लगा। तभी अंधेरा होने के चलते वाहन उसे रौंदते हुए निकल गए।

एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे यूपीडा रेस्क्यू टीम के सदस्यों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने अजगर के शव को सड़क किनारे रखवाया और इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन दरोगा पप्पू यादव ने अजगर के शव को सुरक्षित स्थान पर दफन करवा दिया।


सीओ सिटी सोनम सिंह को मामले की जानकारी देते विमल द्विवेदी। अमृत विचार

# गोवंश के अवशेष मिलने से हिंदू नेताओं में आक्रोश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अनवार नगर मोहल्ला में गोवंशियों के अवशेष पड़े होने की सूचना पर पहुंचे भाजपा नेता ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सीओ सिटी ने मौके पर जांच की और अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

बता दें कि शहर के अनवार नगर मोहल्ला में एक सुनसान क्षेत्र में गोवंशियों के अवशेष पड़े देख गुरुवार को मोहल्ला वासियों में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी पर नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी और हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पर सीओ सिटी सोनम सिंह ने वहां पहुंचकर जांच की। भाजपा नेता ने गो-हत्यारों पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करने की मांग की। इस पर सीओ ने कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा अपराधियों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा।

## सार-संक्षेप

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव हीराखेड़ा निवासी राम ज्ञानी (28) पुत्र राजाराम व पंकज (32) पुत्र दुलारे बाइक से गुरुवार शाम बांगरमऊ आ रहे थे। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव नारे खेड़ा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।




### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ जख्मी, रेफर

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी सलीम (56) पुत्र बाबू गुरुवार देरशाम सरकारी अस्पताल की और पैदल जा रहा था। तभी रास्ते में उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित खादी भंडार के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें सलीम गंभीर घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने आनन-फानन उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पिता की डांट से नाराज किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज कराई

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव घूरखेत निवासी धुन्नर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 सितंबर दोपहर करीब दो बजे उसका 16 वर्षीय बेटा आयुष पैसे की मांग कर रहा था। जिसे डांटने पर वह नाराज होकर कहीं चला गया है। काफी खोजबीन की मगर पता नहीं चल सका। पीड़ित पिता ने 26 सितंबर को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी राकेश गुप्ता ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एंटी लार्वा का छिड़काव कर करायें फॉगिंग

**पुरवा।** नगर पंचायत कार्यालय में सीएचसी प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर नगर के मोहल्लों में साफ-सफाई कराने व एंटी लार्वा व फागिंग कर नालियों की सफाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि अपने आसपास सफाई रखें, जल का ठहराव न होने दें। एंटी लार्वा व फागिंग का छिड़काव कर लोगों को जागरूक करें। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 अक्टूबर और दस्तक अभियान 11 से 31अक्टूबर तक चलेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू व ईओ संदीप कुमार ने कहा कि वार्डों में फागिंग व एंटीलार्वा का छिड़काव के साथ साफ-सफाई करने के सफाई कर्मियों को निर्देशित किया। बैठक में इसहाक अली बीसीपीएम व राजेश कुमार स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी मौजूद रहे।

### इंसुलेटर फुंकने से 6 घंटे ठप रही 250 गांवों की बिजली

**पुरवा।** मौरावां पावर हाउस से पुरवा उपकेंद्र के लिए आई 33 केवीए की मेन लाइन में दो इंसुलेटर कसरौर व मिहीखेड़ा के पास खराब होने से गुरुवार दोपहर 12 :25 से शाम 6 बजे तक पुरवा उपकेंद्र के नगर समेत फीडरों में मंगतखेड़ा, चमियानी, बेहटा, बाजीखेड़ा क्षेत्र के करीब 250 गावों की आपूर्ति बाधित हो गई। साथ ही सरकारी कार्यालयों में भी आपूर्ति बाधित रही। विभागीय कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद छह बजे लाइन ठीक कर नये इंसुलेटर लगाकर आपूर्ति बहाल की। इस दौरान करीब छह घंटे आपूर्ति बाधित रही। जेई अशोक पाल ने बताया कि 33 केवीए मेन लाइन में दो इंसूलेटर कसरौर मोड़ व मिहीखेड़ा लाइन में खराब हो गये थे।

### बच्चों को बताया हैंडवाश करने का तरीका

पुरवा **उन्नाव।** सरकार की महात्वाकांक्षी योजना को लेकर दो गावों में कोआर्डिनेटर ने बैठक कर नल कनेक्शन को लेकर जन समस्यायें सुनीं। विकासखंड क्षेत्र के दो गावों बहरौरा बुजुर्ग व फतेगंज के प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन व हर घर जल हर घर नल के तहत हिन्दू-मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति के तत्वावधान में पुरवा ब्लॉक काऑर्डिनेटर मनीष गुप्ता ने पहुंचकर बच्चों की प्रभातफेरी निकलवाई। इसके बाद सभी को हैंडवाश कराते हुए बताया कि पानी कैसे बचाना चाहिए और दूषित पानी पीने से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं। वहीं फतेगंज में जन चौपाल लगाकर नल कनेक्शन को लेकर आ रही समस्याओं पर आमजनमानस को जागरूक करते हुए उनका निस्तारण भी किया। इस दौरान अध्यापक उमा गुप्ता, राहुल सिंह, ग्राम प्रधान केतारे लाल, ग्रामीणों में सुरेश कुमार, अमन कुमार, गुड्डू, राकेश व ओमप्रकाश आदि रहे।

# दो घरों से चोरों ने पार किये नकदी व जेवर

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बाल गोविंद खेड़ा गांव में बुधवार रात संतोष पुत्र गोकुल के घर में पीछे की दीवार से चढ़कर छत के रास्ते कमरे में दाखिल हुए चोरों ने बक्सा का ताला तोड़कर 50 हजार के जेवर पार कर दिए। चोरों ने गांव के ही रामकिशन पुत्र काशी के घर को भी निशाना बनाया। यहां से 4000 नकद व जेवर लेकर चोर फरार हो गए।

चोर पड़ोसी राजेश पुत्र नन्हक्के के घर भी चोरी की नियत से पहुंचे। लेकिन गृह स्वामी के जागने पर उनके मंसूबे सफल नहीं हुए। पुलिस मौके की जांच कर लौट गई। एसएचओ चंद्र कांत मिश्र ने बताया कि घटना की जानकारी पर जंच की गई है। प्रार्थनापत्र आने पर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

**फेरी वालों को चोर समझ कर पकड़ा, की पिटाई : औरास।** थानाक्षेत्र के जमाल नगर गांव में बुधवार शाम सात बजे बीडीसी तुलसीराम पुत्र बाबू के घर पहुंचे तीन युवकों को घर वालों ने चोर समझकर पकड़ लिया।

युवकों ने खुद को फेरी लगाकर साड़ी बेचने वाला बताया। उनके पास साड़ियां भी थीं। युवकों के पास उनका पहचान पत्र नहीं मिला। इस पर भीड़ ने उनकी धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। वहीं दूसरी घटना में जमाल नगर गांव किनारे बाइक खड़ी कर बैठकर सिगरेट पी रहे संदिग्ध युवक की ग्रामीणों ने पिटाई कर दी।

## सड़क पर रखा बोर्ड हटाने को लेकर मारपीट

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली के नवाबगंज कस्बा में सीएचसी के सामने संचालित एक मेडिकल स्टोर का बोर्ड सड़क पर रखा था। उधर बाइक से निकले कस्बा निवासी नितेश , भवरेश जुग्गीलाल व शुभम चौधरी ने मेडिकल स्टोर संचालक सतेंद्र सिंह से बोर्ड किनारे रखने को कहा। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई । बताते हैं कि युवकों ने संचालक से मारपीट कर उसका मोबाइल भी छीन लिया और मारपीट का। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि मेडिकल संचालक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# वेक्टर जनित व जल जनित रोगों पर हुई चर्चा

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पंचायत कार्यालय में संवेदीकरण बैठक आयोजित हुई। जिसमें दिमागी बुखार, अन्य वेक्टर जनित रोगों व जल जनित रोगों की नगर में रोकथाम व सफाई व्यवस्था आदि समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई।

बता दें कि नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को ईओ अनिल कुमार की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता के साथ बैठक हुई। जिसमें दिमागी बुखार, अन्य वेक्टर जनित रोगों व जल जनित रोगों की नगर में रोकथाम के लिए कार्ययोजना के तहत कर्मियों को गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गये। नगर में खुली



बैठक में मौजूद ईओ व अन्य। अमृत विचार

नालियों को ढकने की व्यवस्था, नालियों व कचरों की सफाई करवाना, नगरी क्षेत्र में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपाय, खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जन जागरूकता अभियान संचालन आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार, मो. आसिफ बीएमसी यूनिसेफ, प्रशांत दीक्षित पर्वेक्षक, रोहित गुप्ता स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एम्बेसडर, तुफैल अहमद प्रभारी लिपिक, हर्षित तिवारी, शिवा दीक्षित, सफाई नायक व सफाई कर्मचारियों के साथ कार्यालय कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**प्रदर्शन** — सैकड़ों शिक्षकों ने एक साथ भरी हुंकार, कहा ओपीएस हमारा अधिकार हम लेकर रहेंगे

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकाला जन आक्रोश मार्च

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा संगठन के जन आक्रोश मार्च में शिक्षकों के साथ ही स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, लेखपाल, माध्यमिक और सफाईकर्मियों समेत अन्य संगठनों ने अपनी प्रतिभागिता की। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जूनियर संगठन से सैकड़ो की संख्या में जुलूस को विशाल रूप दिया।



जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

अटेवा के जिला संयोजक अर्पित मिश्र व जिला मंत्री राजकरन के साथ सभी संगठनों ने जिला अस्पताल से शुरू बाइक रैली जिला मुख्यालय पर पहुचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर समाप्त किया। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश के लगभग एक करोड़ शिक्षक कर्मचारी व अधिकारी लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। क्योंकि जो नई पेंशन व्यवस्था के दुष्परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। जिसके तहत शिक्षकों-कर्मचारियों को 2800, 1200 व 22800 पेंशन के नाम पर मिल रही है। जिससे न तो उनका स्वयं का खर्च और न ही उनके परिवार का खर्च चल पा रहा है। जिसने अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय विभाग व प्रदेश की सेवाओं में देते हुए 25-30 वर्ष का योगदान दिया हो। वह अपने बुढ़ापे के लिए चिंतित व परेशान हो।

पीएसपीएसए जिलाध्यक्ष संजीव संखवार ने कहा कि केन्द्र सरकार ने भी इस बात को स्वीकार कर लिया है। व्यवस्था न्यायपूर्ण नहीं है। इसलिए एक नयी पेंशन व्यवस्था प्रदेश सरकार लेकर आयी है। लेकिन इसमें भी ज्यादा नुकसानदेय है। जिससे प्रदेश के कर्मचारी असंतुष्ट व चिंतित है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी ने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था शिक्षकों व कर्मचारी के हित में वास्तविक रूप से सामाजिक सुरक्षा का स्तम्भ है। इसलिए प्रदेश का हर शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी पुरानी पेंशन की मांग कर रहा है। मौजूद शिक्षक नेताओं में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला व मांडलिक मंत्री प्रदीप वर्मा ने हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है और अभी तो ये अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है जैसे नारों से जोश भर दिया। शैक्षिक महासंघ के गणेश शंकर गुप्ता ने सैकड़ों शिक्षकों के साथ हुंकार भरी।

जूनियर के अनुपम मिश्र, संजय कनौजिया, पीएसपीएसए के अतुल साहू, नितिन शर्मा, शिव दर्शन, सुधीर कुशवाहा, अटेवा के उमेश मौर्य, मनोज, शिव सहाय तिवारी शरद, राजू सरोज, प्रदीप यादव, डॉ. ब्रजेश मौर्य, अमित मौर्य, अंबरीश सहित सैकड़ों शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# समितियों में उपलब्ध है पर्याप्त उर्वरक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आने वाले रबी फसल के सीजन में उर्वरकों की कमी नहीं होगी। कृषि विभाग ने पहले से ही यूरिया व डीएपी का स्टॉक रखने की कवायद शुरू कर दी है। इसके अलावा एक महीने पहले ही विभाग ने उर्वरकों का लक्ष्य बनाकर लखनऊ मुख्यालय भेज दिया है। जल्द ही मुख्यालय से उर्वरकों का स्टॉक मिलने की उम्मीद की जा रही है। वैसे पहले समितियों में लगे उर्वरकों का पुराना माल ही निकाला जाएगा।

अगले माह से रबी सीजन की शुरुआत हो जाएगी। किसान गेहूं, आलू, सरसों आदि फसलों की बुआई की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। फसलों के शुरूआती दौर में उर्वरकों की कमी न हो और किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े इसके लिए इस बार कृषि विभाग ने पहले से ही स्टाक रखने की कवायद शुरू कर दी है। इसके अलावा रबी फसल के सीजन में उर्वरकों की कितनी जरूरत पड़ेगी। इसके लिए यूरिया, डीएपी व एनपीके का लक्ष्य की सूची तैयार कर ली गई है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक हर बार सीजन पर उर्वरकों की खूब मारामारी होती है। किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ता है। कई-कई दिन तक उर्वरकों की रैक नहीं पहुंचती है। जिससे किसान केंद्रों से खाली हाथ मायूस होकर लौटते हैं। इस बार खरीफ सीजन में ऐसा न हो इसके लिए पहले से ही व्यवस्थाएं चाक चौबंद की जा रही है। खरीफ फसल के सीजन में डीएपी व यूरिया का काफी स्टॉक बच गया हैं। इसे रबी सीजन की फसलों में प्रयोग कर लिया जाएगा।


समिति में किया गया उर्वरक खाद का स्टाक।

### बोले जिम्मेदार

- जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि रबी फसल के लिए उर्वरकों का लक्ष्य तैयार कर लिया गया है। पिछले सीजन का स्टॉक पहले से ही मौजूद है। उन्होंने बताया कि विभाग के पास 23745 मीट्रिक टन यूरिया व डीएपी 6121.00 मीट्रिक टन, एनपीके 3033.00 मीट्रिक टन साथ ही 9154.00 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है। पहले इसे ही रबी फसल के सीजन में निकाला जाएगा।

## एक नजर

### किशोरी को बहलाकर ले जाने वाले को भेजा जेल

**उन्नाव।** मौरावां पुलिस ने एक नाबालिग को बहलाकर ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। किशोरी के परिजनों ने 18 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अकोहरी तिराहा से आरोपी नीरज पुत्र रामआसरे लोधी निवासी गांव गुलरिहा थाना मौरावां को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

### खोया मोबाइल मिलने पर जताया हर्ष

**उन्नाव।** बारासगवर थाना पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम हुआ मोबाइल बरामद कर पीड़ित को सौंपा। कि 31 जुलाई को शांति कुमार पुत्र नंद किशोर निवासी गांव टेढ़ा बारासगवर ने पोर्टल पर अपने मोबाइल गायब होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी तलाश में जुटी थाना पुलिस ने दो दिन पूर्व कस्बा टेढ़ा से मोबाइल बरामद किया था। जरूरी कार्रवाई के बाद गुरुवार को पुलिस ने थाने बुलाकर शांति कुमार को उसका मोबाइल सौंपा। जिसे पाकर पीड़ित का चेहरा खुशी से खिल उठा।

### दबंगों ने युवक को पीटा दर्ज कराई रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के हाइवे स्थित एक पेट्रोल पंप के पास दो दिन मामूली बात पर दबंगों ने एक युवक को जमकर मारा पीटा था। जिससे उसे चोटें आई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जाजमऊ 40 फीट रोड निवासी वकील ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह बुधवार रात साढ़े आठ बजे वह चौकी के निकट एक पेट्रोल पंप के पास खड़ा था, तभी वहां के रहने वाले पुन्नू, गुड्डू और एक अन्य उसके साथी उससे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कार्यशाला में सिविल सर्विसेज की तैयारी की जानकारी दी

**उन्नाव।** जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चंद्र ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय बक्खाखेड़ा में विशेष कैरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें महाविद्यालय के उपस्थित सभी विद्यार्थियों को जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा रोजगार के क्षेत्र में उभरते नए अवसर व नवीन चुनौतियों पर तैयारी के साथ सामना करने लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना सेंटर उन्नाव के कोर्स कोऑर्डिनेटर पीयूष श्रीवास्तव व अनुपम सिंह द्वारा एनडीए, सीडीएस बैकिंग परीक्षा व एलएलबी से रोजगार के अवसर पर जानकारी अभ्यार्थियों को दी गई। कार्यक्रम का समापन ज्ञापन प्राचार्या डा. मीता अरोड़ा ने किया।

### फर्रुखाबाद के युवक से ढाबा संचालक ने की मारपीट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाईवे स्थित एक ढाबे पर फर्रुखाबाद निवासी युवक खाना खाने गया था, तभी आरोप है कि ढाबा संचालक ने काम करने को कहा, जिस पर उसने मना कर दिया। इस दौरान उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जनपद फर्रुखाबाद नगरिया गिरधन निवासी लालाराम ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि हाईवे स्थित एक ढाबा पर वह बुधवार रात खाना खाने गया था, खाना खाने के दौरान ढाबा संचालक ने उससे काम करने के लिये कहा। जिसका उसने विरोध किया। आरोप है कि इस दौरान ढाबा संचालक और उसके भांजे ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# फरवरी तक रेलवे पूरा कर देगा अपने हिस्से का काम

## सेतु निगम के कार्य में लगेंगे ढाई से 3 साल, अभी रहेगी परेशानी

**सरैयां रेलवे क्रॉसिंग**

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रॉसिंग पर पिछले दो वर्षों से चल रहे रेलवे ओवरब्रिज के कार्य में एक बार फिर तेजी आई है। रेलवे की कार्यदायी संस्था ने दावा किया है कि फरवरी तक इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। जहां रेलवे को चार पिलर बनाने हैं। इसको लेकर कार्य तेज हो गया है। वहीं सेतु निगम का कार्य अधर में लटका होने के कारण अभी लोगों को लंबे समय तक जाम का दंश झेलना पड़ेगा।

2022 में इस प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी, जिसमें लखनऊ सेतु निगम की इकाई ने सरैयां गांव की ओर तेजी से कार्य किया था। हालांकि, रेलवे के हिस्से में कई तकनीकी खामियों के कारण कार्य में देरी हुई।

अब अवर अभियंता बलराम यादव ने बताया कि सरैयां की ओर पियर कैप की ढलाई की प्रक्रिया चल रही है, जबकि मरहला की ओर पियर कैप का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहीं, सेतु निगम को मरहला चौराहे से आगे नया खेड़ा गांव तक आरओबी का कार्य करना है। हालांकि, धन आवंटन और नक्शा पास न होने के कारण इस हिस्से के कार्य में लगभग ढाई से तीन साल लगने की संभावना है। इस स्थिति में, स्थानीय लोगों को जाम की समस्या का सामना लंबे समय तक करना पड़ सकता है। सरैयां रेलवे क्रॉसिंग पर चल रहे इस कार्य के चलते क्षेत्र में यातायात प्रभावित हो रहा है।



सरैयां क्रासिंग पर रेलवे की ओर से पियर कैप का होता कार्य। अमृत विचार

**रेलवे 45 टन के लगायेगा गार्डर**

- रेलवे को आरओबी के लिये चार पिलर बनाने हैं। जिसके लिये कार्य तेज से कराया जा रहा है। रेलवे के जेई ने बताया कि रेलवे के चारों पिलर पर स्टील का गार्डर लगाया जायेगा, एक गार्डर का वजन 45 टन होगा।

**कछुए की गति से हो रहा कार्य**

- सरैयां आरओबी का कार्य सेतु निगम ने शुरूआत में तेजी से कराया था, जिसके बाद कार्य कछुए से धीमी रफ्तार से चल रही है। इधर सेतु निगम शासन से धन आवंटन व नक्शा नहीं पास करा पाया है। जिस कारण दस माह से काम बंद पड़ा हुआ है।

## कंस वध की लीला के साथ खेली गई होली

**शुक्लागंज उन्नाव।** शंकरपुर के सन्नी गांव में 18वें श्री कृष्ण लीला महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। वृंदावन धाम से आए विख्यात स्वामी ने गुरुवार को कंस वध की लीला का मनोहारी मंचन किया। स्वामी कन्हैया लाल दत्तात्रेय और स्वामी विष्णु ने इस मंचन के माध्यम से श्री कृष्ण की महिमा को जीवंत किया। कंस वध की कथा सुनकर उपस्थित दर्शकों में भक्ति का भाव उमड़ पड़ा।

लीला के बाद प्रस्तुत की गई राधा-कृष्ण की झांकी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान लोगों ने फूलों की होली खेलते हुए अपनी खुशियों का इजहार किया। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में ग्रागीण मौजूद थे। जिनमें डॉ. रामबालक यादव, शीला यादव, पवन अवस्थी, प्रधान अभिलाषा लोधी, अजय कुशवाहा, शिव तिवारी और पप्पू मिश्रा शामिल रहे। महोत्सव का आयोजन भक्ति, उत्साह और समर्पण का प्रतीक बन गया, जिसने सभी को एकजुट किया और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।



नवीन पुल के रास्ते में जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

# नवीन पुल और सरैयां क्रासिंग पर लगे जाम से रेंगते रहे वाहन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- भीषण जाम को खुलवाने में पुलिस कर्मियों के छूटे पसीने
- जाम में गाड़ियों के साथ-साथ एंबुलेंस भी फंसीं

**अमृत विचार।** गुरुवार सुबह पीक ऑवर के दौरान वाहनों की अधिक संख्या और संकरे रास्ते के कारण जाम और भी भीषण हो गया, जिससे कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोगों को विलंब का सामना करना पड़ा। जाम हटवाने में पुलिस कर्मी भी खासे परेशान रहे। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के भी दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। जहां जाम में एम्बुलेंस भी फंसी रही।

सुबह करीब साढ़े नौ बजे नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ा। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में पुल से लेकर फोरलेन तक वाहन कतारों में खड़े हो गये। जाम को देख पहुंची पुलिस काफी देर तक मशक्कत करती रही। इसके बावजूद टेंपो, ई रिक्शा, कार, दोपहिया, लोडर के अलावा अन्य वाहन सवार जाम में फंसे रहे। वहीं ई बसें निकलने से कई बार जाम और भी विकराल हो गया। दिन में करीब साढ़े ग्यारह बजे वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद जाम हट सका। जाम लगने के कारण कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग विलंबित हो गये। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के क्षतिग्रस्त रास्ते और ट्रेनों के अवागमन के कारण दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रही। वहीं दोपहर के समय कानपुर से लखनऊ मरीज लेकर जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंसी रही। मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बाहर निकलवाया।

# पुलिस ने आरोपी के करीबी को उठाकर की पूछताछ

संवाददाता औरास उन्नाव

- सिर पर फावड़ा मार कर हत्या करने का मामला

**अमृत विचार।** दामाद के घर आए ससुर का एक युवक से किसी बात पर झगड़ा होने के बाद किये गए हमले में ससुर गंभीर घायल हो गया था। इसके बाद ससुर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसमें आरोपी के एक करीबी को पुलिस थाने लाकर पूछताछ कर रही है।

औरास कस्बा के गौतम बुद्ध नगर निवासी राजेश उर्फ उदन का कानपुर देहात के रसूलाबाद क्षेत्र के भवानीपुर के मजरे सुमासी निवासी ससुर महेश (45) रविवार को दामाद के घर आया था। बेटी नेहा के अनुसार तहसील बांगरमऊ निवासी उसका मौसिया ससुर नशे में उसके घर पहुंचा और गालीगलौज करने लगा। मना करने पर वह मारपीट पर आमादा हो गया। पिता ने विरोध किया तो उसने पास में रखे फावड़ा से उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे कि वह गंभीर घायल हो गया था। नेहा अपने पिता को थाने ले गई थी। जहां एसओ अश्वनी कुमार ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास भेजा था। जहां मंगलवार को उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। हालत सुधरती न देख उसे कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया था। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस आरोपी के एक नजदीकी को पूछताछ के लिए थाने लाई और जांच शुरू की है।

# वाहनों की फिटनेस को बनेगा 'फिटनेस सेंटर'

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय के अफसरों द्वारा लखनऊ-कानपुर हाईवे पर वाहन खड़े कर उनकी मानक विहीन फिटनेस की जा रही है। इसमें एक ओर वाहनों की फिटनेस में मानकों को दरकिनार किया जा रहा है और हाईवे किनारे वाहन खड़े होने से हादसे भी बढ़ रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर अमृत विचार ने एक खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद अफसरों की नींट टूटी उन्होंने जब उच्चाधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया तो जिले में वाहनों की फिटनेस के लिये फिटनेस सेंटर को मंजूरी दी गई है।

जिले में पर्याप्त स्थान और मानकों को पूरा करने की व्यवस्था न होने से आनन-फानन वाहनों की फिटनेस मानकों को दरकिनार कर की जा रही है। इसमें आ रही समस्या को लेकर गुरुवार को अमृत विचार ने एक समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिस पर परिवहन विभाग के अफसरों द्वारा इस समस्या का समाधान जल्द करने पर गंभीरता से विचार किया गया। इसके बाद विभाग द्वारा जिले में फिटनेस सेंटर खोलने की तैयारी की गई है। वर्तमान में वाहनों की फिटनेस कराने के लिए लोगों को एआरटीओ कार्यालय जाना पड़ता है। जहां पार्किंग न होने से हाईवे पर वाहन खड़े करने पड़ते हैं,जिससे हाईवे पर जाम लगता है और इनसे कई बार हादसे भी हो चुके हैं। हाल यह हैं कि वाहन स्वामी को यहां पहले तो वाहन के कागज ठीक कराने में कई घंटे लगते हैं। इसके बाद कतार में लगकर वाहन आरआई का इंतजार करना पड़ता है। इसमें उनका पूरा दिन खराब होता है। निरीक्षण में अगर वाहन में कोई कमी निकल जाए तो उन्हें कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। फिटनेस सेंटर बनने से इस समस्या से निजात मिलेगी।


हाईवे पर खड़े वाहनों की हो रही बेमानक फिटनेस

अमृत विचार अखबार में छपी खबर।

- अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद जागे विभाग के अफसर

**बोले जिम्मेदार**

एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा ने बताया कि इस समस्या के लिये मुख्यालय के अफसरों से बात की गई है। अफसरों ने जल्द ही जिले में फिटनेस सेंटर बनाने की संस्तुति दी है। जल्द ही यह समस्या दूर हो जाएगी।

# आय व जाति प्रमाणपत्र जारी करने में न हो लापरवाही

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में राजस्व अधिकारियों के साथ कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की। इसमें जिलाधिकारी ने विभागवार नगर विकास, वन, परिवहन, भूमि अध्यापित, राजस्व, खनन, कृषि, श्रम, मत्स्य, वाणिज्यकर, आबकारी, विद्युत आदि से गत वर्ष में आवंटित लक्ष्य की जानकारी ली। साथ ही कम वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा पर करें। आय व जाति प्रमाणपत्र जारी करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी एसडीएम व तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में गुड प्रैक्टिस को अमल में लाए। लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनें। अविवादित वरासत व दाखिल-खारिज को समय सीमा में निस्तारित करें तथा जमीन का आवंटन पात्र व्यक्ति को ही किया जाए। साथ ही ग्राम सभा में चकमार्ग व सार्वजनिक उपयोग की भूमि से अतिक्रमण हटवाएं तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सम्पत्ति रजिस्टर बनवाकर उसे नियमित रूप से अपडेट करें। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों को बिना किसी देरी के निर्धारित सहायता व धनराशि उपलब्ध करायी जाए। धारा-34, भूमि-विवाद व पैमाइश के वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित कराया जाए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह व न्यायिक विकास सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज आदि रहे।




बैठक में अफसरों को निर्देशित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

## चेंबर के विवाद में धरने पर बैठा अधिवक्ता

**उन्नाव।** बार एसोसिएशन के एक पदाधिकारी व अधिवक्ता के बीच चेंबर को लेकर हुए विवाद के बाद अधिवक्ता धरने पर बैठ गया। इसकी जानकारी पर बार अध्यक्ष ने अधिवक्ता को समझाकर शांत कराया। वहीं, इस मामले को लेकर सोमवार को बैठक भी बुलाई है।

बता दें कि बार एसोसिएशन के एक मौजूदा पदाधिकारी व एक अधिवक्ता के बीच चेंबर की जगह को लेकर मनमुटाव चल रहा था। जिसे लेकर पहले मौखिक सुलह भी हो गई थी। लेकिन, गुरुवार को अधिवक्ता उस पदाधिकारी पर कब्जा करने का आरोप लगा बार सभागार के पास धरने में बैठ गया। जानकारी होने पर एसोसिएशन अध्यक्ष वहां पहुंचे और उन्हें शांत कराकर अपने साथ ले गए।

## सार-संक्षेप



ऑरेंज पार्टी में धमाल मचाते अंबिका स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चे। अमृत विचार

### अंबिका स्कूल में ऑरेंज डे का बच्चों ने उठाया लुत्फ

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित अम्बिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम में ऑरेंज डे का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने नारंगी रंग के कपड़े पहनकर विद्यालय का माहौल रंग-बिरंगा बना दिया। इस विशेष दिन का उद्देश्य बच्चों को रंगों के महत्व और उनके जीवन में प्रभाव के बारे में जागरूक करना था। बच्चों ने चित्रकारी, रंगीन वस्तुओं की पहचान, और क्राफ्ट वर्क जैसी गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने संतरे और गाजर जैसे नारंगी फल और सब्जियों के बारे में भी सीखा। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने किया, जबकि प्रधानाचार्या डेफ्नी लैमूर ने बताया कि रंग आधारित गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर मनीषा अवस्थी ने सफल आयोजन सुनिश्चित किया।



कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### स्वदेशी अपनाओ का हुआ आगाज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर गंगानगर में स्वदेशी अपनाओ, देश को आत्मनिर्भर बनाओ जन जागरूकता अभियान की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य पर की गई। मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह ने कहा कि स्वदेशी और सर्वस्पर्शी मॉडल के माध्यम से भारत को समृद्धिशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया जा सकता है। पं. दीनदयाल के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को साझा किया, जिसमें अंतिम व्यक्ति की चिंता को प्राथमिकता देने की बात की गई साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला गया। यातायात प्रमुख आचार्य प्रहलाद ने स्वदेशी उत्पादों को आर्थिक विकास का बड़ा क्षेत्र बताया। इस दौरान सुरेश सिंह, वीरेंद्र, प्रेम शंकर, सुरेंद्र, आदित्य, जगदीश, संजय, वंदना, सुभाषिनी, शिवांगी, नेहा, श्वेता ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा।

**सराहनीय** शिविर लगाकर गोताखोर मोहल्ले में 150 लोगों को दी राहत

# रोटरी क्लब ने बाढ़ पीड़ितों को सामग्री बांट लगाया मरहम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार को रोटरी क्लब उन्नाव सेन्ट्रल ने बाढ़ प्रभावित गोताखोर मोहल्ले में बाढ़ राहत सामग्री वितरण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 150 जरूरतमंद लोगों को आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

क्लब के अध्यक्ष डॉ. आर एस मिश्रा और रोटेरियन आरती यादव इस अवसर पर उपस्थित रहे। साथ ही, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज के सहयोग से शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. अरविंद कुमार मिश्र ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जरूरतमंदों का उपचार किया। इसके अलावा चंपापुरवा, सैय्यद कम्पाउंड, शाही नगर, हुसैन नगर, कर्बला आदि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सैय्यद अफ्फान, मोहम्मद सलमान, मौलाना अबु वकर, मोहम्मद इमरान कारी, अब्दुर्रहमान, शहरूख ने राहत सामग्री बांटी।




बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते रोटेरियन।



बाढ़ पीड़ितों को सामग्री देते समाजसेवी। अमृत विचार

# आफत : 32 सेमी घटा गंगा का जलस्तर फिर भी निचले इलाकों में जलभराव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार करने के बाद तेजी से घट रहा है, लेकिन निचले इलाकों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। इस स्थिति से स्थानीय निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार, बुधवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 112.440 मीटर था, जबकि गुरुवार को यह घटकर 112.120 मीटर पर आ गया। पिछले 24 घंटों में जलस्तर में 32 सेंटीमीटर की कमी आई है। वहीं अभी भी गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु से 12 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। हालांकि रिहायशी इलाकों से पानी कम हो गया है। इन क्षेत्रों में पानी अब भी घुटने तक भर गया है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी प्रभावित इलाकों में निकासी की प्रक्रिया की मांग कर रहे हैं, ताकि उनकी रोजमर्रा की जिंदगी सामान्य हो सके। वहीं पश्चिमी क्षेत्र के चंपापुरवा, गोताखोर, तेजीपुरवा, शाही नगर, हुसैन नगर, कर्बला और सैय्यद कम्पाउंड के निचले हिस्सों में जलभराव बना हुआ है। जिससे यहां के लोग नावों से आवागमन कर रहे हैं।



घरों में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

1 अक्टूबर को जिन 40 सीटों पर होगा मतदान, उनमें 26 सीटें जम्मू संभाग में

अमित शाह और योगी आदित्यनाथ गरजे प्रधानमंत्री मोदी की कल होगी रैली

उमर अब्दुल्ला जम्मू क्षेत्र में कांग्रेस के प्रचार अभियान पर जता चुके नाराजगी

# अंतिम चरण भाजपा का गढ़, जम्मू में दिख रही भगवा लहर

जम्मू-कश्मीर सत्ता संग्राम

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क



**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में अब तीसरे और अंतिम चरण में 40 सीटों पर पहली अक्टूबर को मतदान होना है। इनमें 26 सीटें जम्मू में हैं और 14 सीटें कश्मीर की हैं। अंतिम चरण में राज्य के बांदीपोरा, ऊधमपुर, कुपवाड़ा, सांबा, बारामूला, कठुआ और जम्मू जिले में वोट डाले जाएंगे। लेकिन असली लड़ाई जम्मू संभाग की 26 सीटों पर है, जिन पर कमल खिलाने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। जम्मू, सांबा, कठुआ और ऊधमपुर चारों हिंदू बहुल जिले हैं। यहां भाजपा ने पिछले चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया था। इन चारों जिलों को भाजपा का गढ़ भी माना जाता है। ऐसे में भाजपा इस बार भी जम्मू संभाग की इन 26 सीटों में कोई सीट आसानी से खोना नहीं चाहती है।

भाजपा ने रणनीतिक रूप से जम्मू संभाग के मतदान वाले जिलों में ताबड़तोड़ रैलियों की व्यूह रचना की है। गुरुवार को गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैलियां करके जम्मू में माहौल गरमा दिया है। दो दिन के चुनावी दौरे पर पहुंचे योगी ने जहां अपने अंदाज में साफ कह दिया कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनने पर पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा बन जाएगा, वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने वादों की झड़ी लगा दी। उन्होंने जम्मू में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, मेट्रो, रिवर फ्रंट, 100 मंदिरों की पुनर्निमाण, 5 लाख सरकारी नौकरियों से तस्वीर बदलने की बात कही। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम्मू में होने वाली बड़ी रैली की तैयारी चल रही है।

कश्मीर घाटी के विपरीत जम्मू संभाग में हिंदुत्व का कार्ड जमकर चलता है। इसके चलते ही यहां नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की जड़ें मजबूत नहीं हो पायी हैं। भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी ही जोर लगा रहे हैं। लेकिन भाजपा के व्यवस्थित और धारदार प्रचार अभियान के मुकाबले कांग्रेस का प्रचार फीका नजर आ रहा है। कांग्रेस से गठबंधन करके चुनाव लड़ रहे उमर अब्दुल्ला इसे लेकर नाराजगी तक जता चुके हैं।

उमर ने दूसरे चरण के मतदान के दिन श्रीनगर में साफ कहा था कि कांग्रेस कश्मीर में क्या करती है, यह महत्वपूर्ण नहीं है, कांग्रेस जम्मू में क्या करती है, यह महत्वपूर्ण है।

### भाजपा और क्षेत्रीय दलों में मुद्दों पर ठनी रही तो कांग्रेस ने साधा संतुलन

- विधान सभा चुनाव अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ने के साथ ही जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित से दोबारा राज्य बनाने का सवाल फिजा में लगातार तैर रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने राज्य के दर्जे का मुद्दा अपने-अपने घोषणापत्र में प्रमुखता से शामिल किया था। कांग्रेस भी राज्य का दर्जा वापस किए जाने पर मुखर है। लेकिन केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा इसे लेकर किसी समय सीमा का वादा करने को तैयार नहीं है। इसी के साथ राज्य में पहले दो चरणों के मतदान में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के बीच परस्पर विरोधी चुनावी अभियान देखने में आया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने जहां अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस लाकर फिर से विशेष दर्जा हासिल करने को ज्वलंत मुद्दा बनाए रखने पर जोर दिया है, वहीं इसके साथ ही जेल में बंद युवाओं की रिहाई और उन पर दर्ज मुकदमे वापस लेने का भी मतदाताओं से वादा किया है। उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती दोनों अपनी सभाओं में लगातार लोक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे कानून निरस्त कराने का भी दम भरते रहे। पीएसए का इस्तेमाल लोगों की ऐहतियातन नजरबंदी के लिए किया जाता है, जबकि यूएपीए में लोगों को आतंकवादियों या अलगाववादियों की मदद करने के शक में निरुद्ध किया जाता है। यही नहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने आतंकवाद को समर्थन देने के शक में सरकारी कर्मचारियों की बर्खास्तगी और प्रतिकूल पुलिस जांच रिपोर्ट के आधार पर लोगों को नौकरी या पासपोर्ट दिए जाने से इनकार किए जाने के सभी मामलों पर भी पुनर्विचार करने का वादा भी कर रखा है। इसके विपरीत भाजपा ने राज्य के विशेष दर्जे से साफ इंकार करते हुए अनुच्छेद 370 की वापसी के सवाल पर साफ कहा है कि अब इसे कोई दोबारा वापस नहीं ला सकता है। भाजपा नेताओं ने अपने बयानों और भाषणों से इस मुद्दे को कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन और पीडीपी के विरुद्ध बड़े हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। पार्टी को इस रणनीति का जम्मू संभाग की सीटों पर जबर्दस्त फायदा मिलने की उम्मीद है। उधर, कांग्रेस ने राज्य के विशेष दर्जे को लेकर संघर्ष करने का दम भरने का वादा तो किया है, लेकिन अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है।

## सार-संक्षेप

### हाईकोर्ट ने जनपद न्यायाधीश और पुलिस कमिश्नर से रिपोर्ट की तलब

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कैसरबाग स्थित सिविल कोर्ट परिसर में पिछले दिनों रिवॉल्वर लेकर एक व्यक्ति के घुसने के मामले में लखनऊ के जनपद न्यायाधीश व पुलिस कमिश्नर से रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट के संज्ञान में लाया गया कि कुछ दिनों पहले एक व्यक्ति जजेज के प्रवेश करने वाले गेट से रिवॉल्वर लेकर सिविल कोर्ट परिसर में घुस गया था, इस पर न्यायालय ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि कोर्ट परिसर के गेटों पर तमाम इक्युपमेंट लगे होने के बावजूद यह घटना कैसे घटित हो गयी। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 3 अक्टूबर की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने देवेन्द्र गुप्ता की जनहित याचिका पर पारित किया। उक्त याचिका सिविल कोर्ट परिसर में हुई पिछले दिनों हुई चाकूबाजी की घटना के सम्बन्ध में दाखिल की गयी है। उक्त घटना के बावत शासकीय अधिवक्ता डॉ. वीके सिंह ने न्यायालय को बताया कि अब मामले की जांच एसीपी, मलिहाबाद से करवाई जा रही है, घटना में दो अभियुक्तों करन सोनकर और शुभम पाण्डेय के नाम सामने आए हैं, जिनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है। वहीं न्यायालय ने जनपद न्यायाधीश को यह भी आदेश दिया है कि वह लखनऊ तथा सेंट्रल बार एसोसिएशनों से इस सम्बन्ध में जानकारी तलब करें कि क्या उक्त शुभम पाण्डेय उनके बार का सदस्य है।

### 'यह है चाइनीज लहसुन जो भारत में प्रतिबंधित है'

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेहत के लिए खतरनाक प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन के बाजार में धड़ल्ले से बिक्री पर गम्भीर रूख अपनाते हुए, फूड सेफ्टी व ड्रग प्रशासन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को शुक्रवार को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने पूछा है कि चाइनीज लहसुन बाजारों में कैसे खुलेआम बेंचा जा रहा है जबकि उस पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। न्यायालय ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता से भी पूछा है कि देश में उक्त प्रतिबंधित लहसुन के प्रवेश को रोकने के लिए क्या तंत्र है और क्या सरकार ने प्रतिबंधित लहसुन के देश में आवक का स्त्रोत पता करने के लिए कोई कार्रवाई की है। न्यायालय मामले की सुनवायी शुक्रवार को पुन: करेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया। सुनवायी के दौरान याची ने चिनहट बाजार से खरीद कर आधा किलोग्राम चाइनीज लहसुन भी कोर्ट में पेश कर दिया। याची की ओर से कहा गया कि चीन का लहसुन 2014 से ही देश में प्रतिबंधित है किन्तु अब तस्करी के जरिये मार्केट में आ रहा है। कहा गया कि उक्त चाइनीज लहसुन पर प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि यह सेहत के लिए हानिकारक है, इसमें कीटनाशकों का उच्च स्तर पर प्रयोग होता है व उसके फंगसयुक्त होने का भी डर होता है। कहा गया कि प्रतिबन्ध के बावजूद देशी लहसुन से काफी सस्ता होने की वजह से यह चाइनीज लहसुन अवैध तरीके से बाजार में उतारा जा रहा है जिस पर केंद्र व राज्य सरकारें लगाम लगाने में असमर्थ दिख रही हैं।

### सैफई का पेसमेकर घोटाला

**लखनऊ।** सैफई के बहु चर्चित पेसमेकर घोटाला मामले में अभियुक्त बनाए गए सप्लायर इन्द्रजीत कुमार की जमानत याचिका गुरूवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंजूर कर ली। यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने पारित किया। मामले में आरोप है कि एमआरआई पेसमेकर की जगह नॉन एमआरआई पेसमेकर की सप्लाई कर डॉक्टरों और मरीजों से मोटी रकम ऐंठी गयी। आरोप है कि इन्द्रजीत कुमार ने सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉ. समीर सर्राफ के साथ साठगांठ कर नकली पेसमेकरों की सप्लाई की। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता पांशु अग्रवाल ने दलील दी कि मामले में 7 फरवरी 2022 को इटावा के सैफई थाने में डॉ. आदेश कुमार ने एफआईआर दर्ज कराते हुए, ऑडिट समिति की रिपोर्ट के आधार पर डॉ. समीर सर्राफ को नामजद किया था। दलील दी गई कि मामले में इन्द्रजीत कुमार के खिलाफ एफआईआर में सीधे तौर पर कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं बल्कि उसका नाम विवेचना के दौरान लाया गया।

# चांद-सितारे वाले हरे झंडे न लगाएं मुसलमान

कार्यालय संवाददाता बरेली

- कई जगह विवाद के बाद दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन ने जारी की अपील

**अमृत विचार :** दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मौलाना मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने मुसलमानों से अपने घरों पर चांद-सितारे वाले हरे झंडे न लगाने की अपील की है। उन्होंने इस बात पर अफसोस भी जताया है कि इस इस्लामी झंडे को पाकिस्तानी झंडा बताकर विरोध किया जा रहा है और इसे माहौल खराब करने का बहाना बनाया जा रहा है।

ईद मिलादुन्नबी पर मुसलमानों के अपने घरों पर चांद-सितारे वाले हरे झंडे लगाने का जिले में कई जगह विरोध किया गया था। हिंदू संगठनों ने शिकायत की थी कि घरों पर पाकिस्तान का झंडा लगाया गया है, इन शिकायतों पर पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज की थी। अब दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन अहसन मियां ने कहा है कि मुसलमान पैगंबर इस्लाम की आमद पर इस्लामिक झंडा लगाकर खुशी मनाते हैं। हरे रंग का इस्लामी झंडा गुंबद रसूल से निस्बत का पैगाम देता है। सिर्फ हिंदुस्तान नहीं, दुनिया भर में ईद मिलादुन्नबी पर हरे झंडे लगाए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि अब तक किसी को इस पर कोई एतराज नहीं था, लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि हरे झंडे पर न सिर्फ एतराज किया जा रहा है बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। चांद-सितारा वाला झंडा खूबसूरती के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन लोग इसे पाकिस्तान से जोड़कर माहौल खराब कर रहे हैं। उन्होंने अमन बनाए रखने के लिए मुसलमानों से अपील की है कि ऐसे हरे रंग के झंडे जिन पर चांद सितारा बना हो, उनका इस्तेमाल न करें।

दरगाह आला हजरत से जुड़े परवेज नूरी ने कहा कि इन गैरजरूरी बातों से दूर रहकर देश में अमन चैन और भाईचारा बनाए रखना जरूरी है।

# आईएफएस निहारिका सिंह ने डॉक्टर दंपति से की ठगी

**लखनऊ।** आईएफएस निहारिका सिंह और उनके पति पर डॉक्टर दंपति से अपनी कंपनी में निवेश कराकर 1.86 करोड़ रुपये ठगी का आरोप है। डॉक्टर दंपति ने गोमतीनगर कोतवाली में दो रिपोर्ट दर्ज कराई हैं।

विशालखंड निवासी डॉ. शैलेश अग्रवाल और उनकी पत्नी मृदुला अग्रवाल का निजी क्लीनिक है। दोनों ने बताया कि आईएफएस अधिकारी निहारिका सिंह ने बताया कि अनी बुलियन ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के सीएमडी उनके पति अजीत गुप्ता हैं। उनकी कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा मिलेगा। उनकी बातों में आकर डॉ. शैलेश ने अनी बुलियन ट्रेडर्स में 1.22 करोड़ रुपये और डॉ. मृदुला ने 64,63,250 रुपये का निवेश कर दिया था।

# ट्रैक पर पेड़ गिरा, 4 घंटे ट्रेनों का संचालन ठप रहा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यात्रियों के आवागमन प्रभावित होने से मुश्किल हुई

**अमृत विचार :** कनकहा स्टेशन के पास मोहनलालगज-रायबरेली रेलखंड पर गुरुवार को ट्रैक पर पेड़ गिर गया। इससे पंजाब मेल, जनता एक्सप्रेस सहित दो दर्जन मालगाड़ियों का संचालन चार घंटे तक प्रभावित रहा। उतरेठिया, मोहनलालगंज, श्रीराज नगर, बछरांवा स्टेशनों पर ट्रेनों को रोक दिया गया।

निगोहां के कलांदर खेड़ा में गुरुवार दोपहर करीब 11:30 बजे ठेकेदार ट्रैक के करीब बिना अनुमति पेड़ काट रहा था। इस दौरान यूकेलिप्टस का पेड़ ओएचई वायर को तोड़ते हुए रेलवे ट्रैक पर जा गिरा। गेटमैन राजकमल ने कनकहा रेलवे स्टेशन मास्टर राहुल को घटना की जानकारी दी। सूचना पर वरिष्ठ खंड अभियंता सुभव श्रीवास्तव, यातायात निरीक्षक रायबरेली राजेश कुमार, वरिष्ठ खंड अभियंता ट्रेक्शन चंद्र कांत सिंह, सेक्सन पीडब्ल्यू आई रेल पत निरीक्षक राकेश तिवारी टीआरडी टीम के साथ पहुंचे और ट्रैक से पेड़ हटवाया। ओएचई वायर की मरम्मत करके शाम 4.30 बजे ट्रैक बहाल किया गया। इसके बाद लखनऊ से रायबरेली इंटरसिटी पहली ट्रेन रवाना कर संचालन शुरू किया गया। आरपीएफ प्रभारी ने दोषी ठेकेदार के खिलाफ निगोहां थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### नौ ट्रेनें रोकी गई, यात्री बेबस नजर आए

ट्रैक पर यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से 9 ट्रेनें रोकी गईं। लेट होने वाली ट्रेनों में ट्रेन नंबर 22411 अरुणाचल एसी सुपरफास्ट पौने 5 घंटे, ट्रेन नंबर 14242 नौचंदी एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, ट्रेन नंबर 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस 7 घंटे, ट्रेन नंबर 12212 आनंदविहार मुजफ्फरपुर गरीबरथ साढ़े 5 घंटे, ट्रेन नंबर 13414 फरक्का एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, ट्रेन नंबर 15066 गोरखपुर एक्सप्रेस 8 घंटे, ट्रेन नंबर 18103 अमृतसर जलियावालाबाग एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, ट्रेन नंबर 05284 मुजफ्फरपुर स्पेशल सवा पांच घंटे और ट्रेन नंबर 09406 पटना स्पेशल पांच घंटे देरी की शिकार हुई। वरिष्ठ खंड अभियंता सुभव श्रीवास्तव ने बताया कि मरम्मत कर लाइन ठीक कर ली गई है।

# सहारा से ली गई जमीन पर बनेगा गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निरीक्षण कर उपाध्यक्ष ने दिए प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार करने के निर्देश
- देशी व प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए बनेगा नेचुरल वेट लैंड

**अमृत विचार :** गोमती नगर में सहारा ग्रुप से ली गई 75 एकड़ जमीन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क विकसित करेगा। ये शहर का पहला बायो-डाइवर्सिटी पार्क होगा। जिसमें देसी एवं प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न जोन में नेचुरल वेट लैंड विकसित किए जाएंगे। गहराई वाले स्थान पर तालाब बनाकर लोटस (कमल) पार्क तैयार किया जाएगा।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरुवार को जमीन का निरीक्षण कर पार्क की रूपरेखा तैयार की है। अधिकारियों को जल्द प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। बताया कि 1995 में सहारा ग्रुप को लीज पर दी गई ग्रीन बेल्ट की 75 एकड़ जमीन हाल में वापस ली गई है। इसमें कुछ स्थानों पर अतिक्रमण और कुछ जगह पर कूड़ा डम्प है। अभियान चलाकर इसे हटाया जा रहा है।

यहां दिल्ली के यमुना बायो-डाइवर्सिटी पार्क की तरह गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार से जमीन का टोटल स्टेशन सर्वे शुरू कराया जाएगा।

### गोमती के विलुप्त हो रहे पौधे होंगे संरक्षित

- गोमती नदी में पाये जाने वाले पौधों की विभिन्न प्रजातियां में विलुप्त हो रही हैं। उन्हें एकत्रित करते हुए बायो-डाइवर्सिटी पार्क के वेट लैंड में संरक्षित किया जाएगा। ये जलीय पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को तेजी से कम करने का काम करेंगे। इसके अलावा देसी व प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करेंगे। वेट लैंड के आसपास घास एवं झाड़ियों के साथ ही छायादार पेड़ लगाए जाएंगे।

### पक्षियों के प्राकृतिक निवास के लिहाज से तैयार होगा पार्क

- बायो-डाइवर्सिटी पार्क पक्षियों के प्राकृतिक निवास के लिहाज से तैयार किया जाएगा। इसके लिए जरूरी है कि पक्षियों को यहां हर मौसम में पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध हो। इस लिहाज से पार्क में एक फलदार बाग के साथ औषधीय व बटरफ्लाई गार्डेन बनाया जाएगा। इससे कीट-पतंगे व अन्य छोटे जीव पनप सकें। पार्क में झील की खोदाई से निकलने वाली मिट्टी से पहाड़ बनाकर घास व हर्ब प्रजाति के पौधे लगाकर नेचुरल लुक दिया जाएगा।

### रिजर्व फॉरेस्ट के रूप में संरक्षित होगा पार्क

- पार्क को रिजर्व फॉरेस्ट के रूप में संरक्षित किया जाएगा। इसके लिए एक नेचुरल इंटरप्रिटेशन सेंटर बनेगा। सेंटर में फील्ड बायोलॉजिस्ट की तैनाती की जाएगी, जो पार्क में घूमने आने वाले छात्र-छात्राओं को पौधों, पक्षियों, जीव-जंतुओं एवं कीट-पतंगों आदि की जानकारी देते हुए जैव विविधता से रूबरू कराएंगे। इससे यह पार्क ईको-टूरिज्म के साथ ही शैक्षिक दृष्टि से भी अहम स्थान साबित होगा।


## वर्ग पहेली-204

**बाएं से दाएं**

4. 1. आसक्ति 2. प्रेम 3. लगाव; सौहार्द।
6. 1. शिला की भांति 2. पत्थर की तरह 3. पत्थर के आकार-प्रकार का।
8. 1. ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2. ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. भद्दा
2. 1. अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2. संवेदनहीनता।
3. थिगली।
5. रात, रात्रि।
7. 1. मगध देश का, मगध संबंधी 2. मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।




### वर्ग पहेली -203 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ब | | 2 नृ | | 3 रँ |
| | 4 ज | नो | प | यो | गी |
| 5 ठौं | र | | नं | | ला |
| | | 6 अ | द | ब | |
| | 7 उ | ड़ | न | | 8 के |
| 9 ओं | | ती | | | ला |
| ठ | | 10 स | ह | वा | स |

## सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 4 | | | 9 | |
| 1 | | | 7 | | | | | 4 |
| | | | 3 | | | 2 | | |
| 8 | 4 | 7 | | 5 | | 1 | | |
| 3 | | 6 | 2 | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 2 | | 7 | | 9 | 6 | 8 |
| | | 8 | | | 7 | | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 116 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 01.20 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 01.20 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष:** आज आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियां उत्पन्न होंगी। दांपत्य संबंधों में कड़वाहट होने की आशंका है। व्यापार में इच्छित परिणाम न मिलने से मन खिन्न हो सकता है। अपने प्रयासों में कमी न होने दें।

**वृष:** आज रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। वरिष्ठ और बुद्धिमान लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

**मिथुन:** आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आनावश्यक गतिविधियों में आप समय बर्बाद न करें। प्रेमी जन से बहसबाजी न करें। ठंड से आपको बचना चाहिए। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**कर्क:** आज अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में नज़दीकियां बढ़ेंगी। घरेलू मामलों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। ज्यादा टीवी और कम्प्यूटर का प्रयोग न करें। परिवार के लोग आपसे प्रेम तो रखेंगे लेकिन आपको अपनी बात समझाने में थोड़ी मुश्किल होगी।

**सिंह:** आज का दिन काफी रोमांचक रहेगा। काम की वजह से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। आंखों से जुड़ी समस्या सामने आ सकती है। बीते दिन की तुलना में आपको आज कार्यक्षेत्र में परेशानी का अनुभव होगा। यात्रा का प्रयोजन सफल होने में कठिनाई होगी।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में नए विकल्प विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाज़ी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लेंगे। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कानूनी मामलों में परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**तुला:** आज दिन व्यस्ततापूर्ण रहेगा। घर के नवनिर्माण पर धन खर्च कर सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक:** आज अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्रों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद जन्म ले सकते हैं। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है।

**धनु:** आज कारोबार के दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। आपकी विनम्रता का लोग गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। वैवाहिक कार्यक्रमों आदि को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर:** आज समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। बच्चे काफी आज्ञाकारी रहेंगे। सभी काम समय पर पूर्ण हो जायेंगे। नया व्यापार शुरू करने के लिए दिन उत्तम है।

**कुंभ:** आज दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त होने की संभावना है। नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन:** आज मन की चंचलता पर नियंत्रण करें। अपने खानपान की आदतों पर सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता हो सकती है। जल्दबाज़ी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राज तिलक — सुबह : 11.00
अनाड़ी — रात : 07.00

&pictures
बच्चन पांडेय — सुबह : 10.18
क्रिश — दोपहर : 01.13

SONY PIX
स्पाइडर मैन — दोपहर : 12.02
जॉन रेम्बो — शाम : 05.35

ZEE CINEMA
रिश्ते — सुबह : 08.26
हिम्मतवर — दोपहर : 01.58

colors CINEPLEX
बलवान — सुबह : 11.54
दिल है तुम्हारा — दोपहर : 02.56

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 01.13 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

खूबसूरत लड़की के मुंह में थर्मामीटर रख देहाती डॉक्टर बोला- कुछ देर तक चुपचाप रहना है।
यह देख लड़की का प्रेमी बोला- यह कितने की चीज़ है और कहां मिलती है।

बेटा (अपनी मां से)- मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी- क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं। बेटा- नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 85,836.12 | 26,216.05 |
| बढ़त | 666.25 | 211.90 |
| प्रतिशत में | 0.78 | 0.81 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 27 सितंबर 2024

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625–2650 आर.आर.21. 2725–2750 गेहूंफारम 2850–2900 जौ 2300 –2400 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2250–2300 मकाई 2400 –2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 –7200 अरहर 8500 –9000 मसूर 5500 –5600 मटर 3600 –3700 उड़दहरा 11500 –12000 उड़दकाला 7500 –8500 मूंग 7500 –8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400–15500 अरहरस्पेशल 12200–12300 चनादाल 8950–9100 मटरदाल 4450–4550 मसूरमलका 7100–7150 मसूरदाल 7300–7350 उड़ददाल 9000– 13800 उड़द धोवा 10000– 12800 मूंगदाल 8500 –9700 मूंग धोवा 9500–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1580–1670 मैदा 1630–1670 सूजी 1650–1700 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1530–1550 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900–6000 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11000– 11500 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400– 11200 बटाली 8800 –11200 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 15000–15100 अलसी 12200–12300 अण्डी 14000–14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1970–1984 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 5150–5200 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1985–1984 मयूर 1985–1984 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लड्डू 4900–4950 देशी भेली 4600–4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4150–4180 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000–60100 औरय्या 51300–51400 माधौगढ़ 53300–53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93150 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57900–58100 |

# जीएसटी दर युक्तिकरण: जीओएम ने 12% स्लैब में कटौती पर की चर्चा

## 100 से अधिक वस्तुओं पर कर घटाकर 5% करने पर किया गया विचार

- 20 अक्टूबर की बैठक में साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर की होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 से घटाकर 5% करने का मुद्दा भी इसमें शामिल है।

भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इसमें साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर भी चर्चा होगी। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 12% स्लैब में चिकित्सा तथा औषधि से संबंधित वस्तुओं पर कर दर में कटौती का मुद्दा उठाया तथा अगले महीने होने वाली बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। कर की दर कम करने से होने वाली राजस्व हानि की भरपाई के लिए, मंत्री समूह ने ऐराटिड जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत जीएसटी तथा उपकर से बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की। वर्तमान में, जीएसटी चार-स्तरीय कर संरचना है। इसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की स्लैब हैं।

### 18% स्लैब की कुछ वस्तुएं आ सकती हैं 28% स्लैब में

जीएसटी कानून के तहत वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40% तक का कर लगाया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि जीएसटी के तहत औसत कर की दर 2024 में घटकर 11.56% हो गई है। बंगाल ने सुझाव दिया कि जीएसटी परिषद की 23वीं बैठक में लिए निर्णय पर फिर से विचार होना चाहिए जिसमें 28% के स्लैब को हटाकर 178 वस्तुओं पर कर की दरें घटाई गई थीं। इससे अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी और साथ ही वस्तुओं पर कर की दर को घटाकर 5% पर लाकर आम आदमी को राहत मिलेगी। मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में सदस्यों के विचारों पर विमर्श करेगा और सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। हालांकि 18% स्लैब में शामिल कुछ वस्तुएं जैसे हेयर ड्रायर, हेयर कर्लर, तथा सौंदर्य या मेक-अप (उत्पाद फिर से 28% स्लैब में आ सकते हैं।

# निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प स्टॉक/इक्विटी

स्टॉक या इक्विटी में निवेश करना एक आकर्षक विकल्प है जो निवेशकों को कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। यह दीर्घकालिक संपत्ति वृद्धि, नियमित लाभांश आय, और विविधीकरण के अवसरों के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा बढ़ा सकता है। जब निवेशक किसी कंपनी के शेयर खरीदते हैं, तो वे कंपनी के स्वामित्व का अनुभव करते हैं, साथ ही विकास में भागीदारी भी करते हैं। अच्छे प्रबंधन वाली कंपनियां उच्च रिटर्न और स्थिरता का आश्वासन देती हैं। इसके अलावा स्टॉक्स में उच्च लिक्विडिटी होती है, जिससे निवेशकों को अपनी जरूरत के अनुसार त्वरित परिवर्तनीयता मिलती है। इसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करते हैं...




### निवेश के फायदे

- **दीर्घकालिक वृद्धि:** शेयर बाजार में निवेश आमतौर पर लंबे समय में उच्च रिटर्न प्रदान करता है, जिससे संपत्ति में वृद्धि होती है।
- **लाभांश आय:** कई कंपनियां नियमित लाभांश देती हैं, जो निवेशकों के लिए स्थिर आय का स्रोत बन सकता है।
- **विविधीकरण:** कई कंपनियों में निवेश करके निवेशक पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं, जिससे जोखिम कम होता है।
- **स्वामित्व का अनुभव:** स्टॉक खरीदने पर निवेशक कंपनी के मालिक बन जाते हैं, जिससे उन्हें वोटिंग अधिकार और अन्य फायदे मिलते हैं।
- **प्रबंधन:** सफल कंपनियां अच्छी प्रबंधन टीमों से संचालित होती हैं, जो उनके विकास और मुनाफे में सहायक होती हैं।
- **लिक्विडिटी:** स्टॉक्स को आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे निवेशकों को फंड्स त्वरित मिल जाता है।
- **आर्थिक विकास:** स्टॉक में निवेश करके, निवेशक देश की आर्थिक प्रगति में योगदान करते हैं और इससे लाभ भी कमाते हैं।

### इक्विटी/स्टॉक के प्रकार

**कॉमन:** आम शेयर, जिनके धारक कंपनी के लाभ और वोटिंग अधिकारों में हिस्सेदार होते हैं।

**प्रिफर्ड:** प्रिफर्ड शेयरधारक को पहले लाभांश मिलता है, उनके पास वोटिंग अधिकार नहीं होते।

### जोखिम

- **कंपनी:** कंपनी के प्रदर्शन, प्रबंधन की गुणवत्ता, और उद्योग में प्रतिस्पर्धा से स्टॉक की कीमत में कमी आ सकती है।
- **तरलता:** कुछ स्टॉक्स में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे उन्हें समय पर खरीदना या बेचना मुश्किल हो सकता है।
- **प्राइस वोलाटिलिटी:** स्टॉक्स की कीमतें उतार-चढ़ाव करती हैं, जिससे निवेशकों को नुकसान हो सकता है।
- **आर्थिक:** परिस्थितियां, जैसे ब्याज दरों में वृद्धि या मुद्रा स्फीति, मार्केट को प्रभावित कर सकती हैं।
- **राजनीतिक:** राजनीतिक घटनाएं, जैसे चुनाव, नीतिगत बदलाव, या व्यापारिक विवाद, स्टॉक्स के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं।
- **भावनात्मक निर्णय:** बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशक अक्सर भावनात्मक निर्णय लेते हैं, जिससे नुकसान हो सकता है।

# आम के उत्पादन में उप्र अग्रणी, निर्यात में देश फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आम उत्पादन में उत्तर प्रदेश भले अग्रणी हो लेकिन, निर्यात में देश फिसड्डी है। आम निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत है। आम के प्रमुख निर्यातक देश थाईलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान आदि। आम निर्यात की अपार संभावनाएं अमेरिका और यूरोपीय देशों में। ऐसे में यूएस और यूरोपियन देशों के निर्यात मानकों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास रेडिएशन ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी। अभी तक उत्तर भारत में कहीं भी ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है।



- आम के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत
- प्रमुख निर्यातक थाईलैंड, मैक्सिको ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान

प्लांट चालू होने पर उप्र के बागवानों के लिए यूएस और यूरोपियन देशों के बाजार तक पहुंच आसान होगी। चूंकि उप्र में आम का अधिक उत्पादन होता है, इसलिए निर्यात के नए अवसर का लाभ भी यहीं के बागवानों को मिलेगा। रेडिएशन ट्रीटमेंट तकनीक में निर्यात होने वाले फल, सब्जी, अनाज को रेडिएशन से गुजरा जाता है। इससे उनमें मौजूदा कीटाणु मर जाते हैं और ट्रीटेड उत्पाद की सेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। प्लांट चालू होने पर उप्र. के आम के लिए यूएस और यूरोप के बाजार तक पहुंच आसान होगी।

### यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लंगड़ा की मांग

पिछले साल इनोवा फूड के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लगड़ा की मांग है। उनके निर्यात के मानकों को पूरा किया जाय तो उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावनाओं वाला बाजार हो सकता है। ये दोनों प्रजातियां यहीं पैदा होती हैं।

### रंगीन आम पोषक तत्वों से भी भरपूर

लाल रंग के आम की प्रजातियां सिर्फ देखने में आकर्षक नहीं होती। स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहतर हैं। आम या किसी फल के लाल रंग के लिए एंथोसायनिन जिम्मेदार होता है। इससे पौष्टिकता बढ़ जाती है। शोध बताते हैं एंथोसायनिन मोटापे और मधुमेह की रोकथाम में सहायक है। यह संज्ञानात्मक और मोटर फंक्शन को मॉड्यूलेट करने, याददाश्त बढ़ाने और तंत्रिका कार्य में उम्र से संबंधित गिरावट को रोकने में भी मददगार हैं।

# सरकार की दूसरी छमाही में 6.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना

- 20,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड भी इसमें शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने अपना उधारी लक्ष्य बरकरार रखते हुए आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए दूसरी छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी से 6.61 लाख करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2024-25 के बजट में निर्धारित 14.01 लाख करोड़ के सकल बाजार कर्ज में से 6.61 लाख करोड़ (47.2%) प्रतिभूतियां जारी कर जुटाने की योजना है। इसमें 20,000 करोड़ के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि 21 साप्ताहिक नीलामियों से 6.61 लाख करोड़ की उधारी जुटाई जाएगी। बाजार उधारी तीन, पांच, सात, 10, 15, 30, 40 एवं 50 साल की प्रतिभूतियों में फैली होगी। इनमें तीन साल की परिपक्वता अवधि वाले कर्ज की हिस्सेदारी 5.3% और 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा 24.8% होगा।

### विकास में तेजी रहने की उम्मीद: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। सरकार ने खरीफ बुवाई के उच्च क्षेत्रफल को खाद्य मूल्य परिदृश्य के लिए शुभ संकेत बताते हुये कहा कि मानसून के विषम स्थानिक वितरण के प्रभाव की निगरानी की जरूरत है और जैसे-जैसे सार्वजनिक व्यय बढ़ता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है समग्र विकास में भी आने वाली तिमाहियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की आज जारी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि चालूवित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक गति बरकरार रही।



## एक नजर

### जीवित्पुत्रिका पर डूबने से 43 की मौत, तीन लापता

पटना। बिहार में जीवित्पुत्रिका व्रत त्योहार के दौरान अलग-अलग घटनाओं में नदियों और तालाबों में पवित्र स्नान करते समय 37 बच्चों समेत 43 लोगों की डूबने से मौत हो गई तथा तीन अन्य लापता हो गए। राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ये घटनाएं बुधवार को त्योहार के दौरान राज्य के 15 जिलों में हुईं। जीवित्पुत्रिका के दौरान महिलाएं अपने बच्चों की कुशलता के लिए व्रत रखती हैं।

### बोकारो में मालगाड़ी बेपटरी 15 ट्रेनों के मार्ग बदले

रांची। झारखंड के बोकारो में तुपकडीह स्टेशन के निकट मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस घटना के बाद 15 ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा संभाग के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुमित नरूला ने बताया कि इस्पात ले जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे कल रात नौ बजे बोकारो जिले के तुपकडीह स्टेशन के निकट पटरी से उतर गये।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने गोला बारूद बरामद किए

इम्फाल। मणिपुर के थौबल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी गई। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने टेकचाम मानिंग चिंग इलाके में खाली मैगजीन के साथ एक 7.62 मिमी एसएलआर, दो एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक .32 पिस्तौल और 9 मिमी की एक पिस्तौल और एक खाली मैगजीन मिला।

### गिरफ्तार चार बदमाशों से मादक पदार्थ-हथियार बरामद

नोएडा (उप्र)। सूरजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक गैंगस्टर सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार और मादक पदार्थ बरामद किए हैं। सूरजपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक भारत सिंह ने गैंगस्टर रवि शर्मा और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से हथियार और मादक पदार्थ मिले हैं।

### ए. राजा की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने माकपा नेता ए. राजा की केरल हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है जिसमें हाईकोर्ट ने राज्य के इडुक्की जिले में देवीकुलम विधानसभा सीट से राजा के चुनाव को रद कर दिया था। इस सीट से दूसरे स्थान पर कांग्रेस नेता डी. कुमार ने याचिका दाखिल की थी।

# कांग्रेस के लाउडस्पीकर्स का करंट भी कमजोर

## प्रधानमंत्री ने कहा- हरियाणा में 10 सालों में विपक्ष के रूप में भी विफल रही है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा में 10 सालों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है और जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, बड़े-बड़े दावे करने वाले उसके लाउडस्पीकर्स का करंट कमजोर रहा है। नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम में मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस की आंतरिक कलह से प्रदेश का बच्चा बच्चा वाकिफ है।

राज्य में फिर सरकार बनने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यह इसलिए हो रहा है क्योंकि हरियाणा में पहली बार हुआ है कि सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के रोजगार मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पूरा आधार झूठ पर टिका है और उसके नेता बिना सिर पैर की बातें कर भाजपा की हवा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा की नाराजगी और पार्टी में गुटबाजी के मद्देनजर राजनीतिक विशेषज्ञों ने दावा किया था कि कांग्रेस की स्थिति पहले मजबूत थी लेकिन अब ग्राफ नीचे जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने इन विशेषज्ञों के लिए लाउडस्पीकर्स शब्द का इस्तेमाल किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस का ज्यादातर समय आपसी गुटबाजी, लड़ाई और एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। मोदी ने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता कि हरियाणा में कांग्रेस के शासन के दौरान दलितों पर कितने अत्याचार हुए। कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोदी ने कहा कि वोट पाने के लिए हिमाचल कांग्रेस ने ऐसे वादे किए थे जैसे हर घर की सोने की छत बना देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। आज हिमाचल में कांग्रेस सरकारी मुलाजिमों को वेतन नहीं दे पा रही है। हरियाणा में अपनी दो चुनावी जनसभाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है।



- नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को किया संबोधित

### पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र दौरा रद

नई दिल्ली। पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री मोदी का महाराष्ट्र दौरा रद कर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री आज पुणे का दौरा करने वाले थे, जहां उन्हें 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कुछ का लोकार्पण करना था। भाजपा सूत्रों ने कहा कि उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

# धर्म-रिलिजन में फर्क की मांग वाले अभ्यावेदन पर फैसला करे केंद्र: कोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह रिलिजन शब्द के उचित अर्थ का उपयोग करने और इसे दस्तावेजों में धर्म के पर्याय के रूप में उपयोग नहीं करने की मांग करने वाले अभ्यावेदन पर शीघ्रता से निर्णय ले। याचिका में जनता को शिक्षित करने और धर्म-आधारित नफरत फैलाने वाले भाषणों को नियंत्रित करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में धर्म और रिलिजन पर अध्याय शामिल करने का निर्देश देने की भी मांग की है। कोर्ट ने कहा कि अदालतें धार्मिक या दार्शनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य नहीं करती हैं और यहां तक कि विद्यालयी पाठ्यक्रम भी तय नहीं करती हैं व पाठ्यक्रम में अध्याय शामिल नहीं कर सकती हैं।

# मोदी ने व्यवस्थित रूप से रोजगार को किया खत्म: राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी



- सरकार पर हमला करते हुए गांधी ने कहा- भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर देश में रोजगार व्यवस्थित रूप से खत्म करने का आरोप लगाया। करनाल के असंध में चुनावी रैली में लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विश्वास जताया कि कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश इकाई प्रमुख उदयभान और अन्य नेता मौजूद थे।

गांधी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी ने व्यवस्थित तरीके से देश में रोजगार व्यवस्था को खत्म कर दिया। गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से मुलाकात की जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए थे क्योंकि उन्हें अपने गृह राज्य में रोजगार नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी वादों के बारे में भी बात की, जिसमें उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह और रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने की बात कही। गांधी ने कहा कि हरियाणा में दो लाख रिक्तियां भरी जाएंगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी का वादा किया है।

# आयुष्मान भारत योजना के अधिकारी पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

चंडीगढ़। हरियाणा भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो, करनाल की टीम ने गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना, पंचकूला के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ रवि विमल को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि टीम को शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें करनाल जिले में निजी अस्पताल के संचालक ने बताया कि योजना के तहत उसके अस्पताल की सूचीबद्धता के निलंबन को रद करने के मामले में आरोपी ने 10 लाख की मांग की गयी थी।

# सरकार ने आधार, पैन का ब्योरा देने वाली वेबसाइटें कीं ब्लॉक

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीईआरटी-इन ने इन वेबसाइट में पाई थीं कई सुरक्षा कमियां

सरकार ने भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत पहचान-योग्य जानकारी उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट को ब्लॉक किया है।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने इन वेबसाइट में सुरक्षा कमियां पाई थीं। उसके बाद सरकार ने इन वेबसाइट को ब्लॉक किया है। मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइट भारतीयों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील जानकारियों को उजागर कर रही थीं। सरकार सुरक्षित साइबर सुरक्षा व्यवहार और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार अधिनियम, 2016 के तहत आधार से जुड़े विवरण के सार्वजनिक प्रदर्शन पर रोक संबंधी प्रावधान के उल्लंघन पर पुलिस से शिकायत की है।

# चुनाव बाद पीओके भी जम्मू-कश्मीर का होगा हिस्सा

जम्मू, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर पीओके भी जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बन जाएगा। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) पाकिस्तान से अलग होने की जोर-शोर से आवाज उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं। आदित्यनाथ ने आर एस पुरा इलाके में एक रैली में कहा कि शांतिपूर्ण चुनावों के जरिए भाजपा के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी जम्मू कश्मीर का हिस्सा बनने जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ भारत है और दूसरी तरफ पाकिस्तान, वहां खाने की कमी है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर उससे अलग होने की आवाज उठा रहा है। बलूचिस्तान कह रहा है कि हमारी केमिस्ट्री पाकिस्तान से मेल नहीं खाती। पाकिस्तान मानवता का दुश्मन है, यह मानवता के लिए कैंसर है। दुनिया को इस कैंसर से मुक्त होना चाहिए।



- सीएम योगी ने आरएस पुरा इलाके में रैली को किया संबोधित

### कांग्रेस शहरी नक्सलियों की प्रवक्ता: नड्डा



भुवनेश्वर। केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उसे शहरी नक्सलियों का प्रवक्ता बताया और उस पर देश में विभाजनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बुद्धिजीवियों की बैठक में नड्डा ने जम्मू कश्मीर में 370 को बहाल करने की पैरोकारी करने वालों के साथ चले जाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। नड्डा ने कहा कि 2019 में 370 प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह में नेतृत्व में निरस्त हुआ है। नड्डा ने एक देश, दो निशाना, दो विधान और दो प्रधान धारणा का विरोध करने वाले जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। नड्डा ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने का सुझाव दिया था, लेकिन नेहरू ने इसकी अनदेखी की।

# आरोपी के अंतिम संस्कार के लिए सुरक्षा की मांग

**बदलापुर कांड**

मुंबई। महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे के रिश्तेदारों ने उसका अंतिम संस्कार करने के लिए गुरुवार को सुरक्षा की मांग की। शिंदे की पुलिस हिरासत में जवाबी गोलीबारी में मौत हो गई थी। उसके चाचा अमर शिंदे ने कहा कि उन्होंने शव दफनाने के लिए स्थान का चयन नहीं किया है। अक्षय के परिजन व उसके वकील को सुरक्षा दी जानी चाहिए क्योंकि उनकी जान को खतरा है।

# 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट करके महिला से 30 लाख रुपये की ठगी

नोएडा(उप्र), एजेंसी

- दूरसंचार नियामक प्राधिकरण का कर्मचारी बताकर ठगों ने दिया वारदात को अंजाम

साइबर ठगों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का कर्मचारी होने का दावा करते हुए महिला को धनशोधन में फंसाने झांसा देकर 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 30 लाख की ठगी की। साइबर अपराध थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सेक्टर 77 की प्रियंका बंसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो सितंबर को फोन आया और फोनकर्ता ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताया।

कुमार ने बताया कि फोनकर्ता ने प्रियंका के आधार कार्ड से सिम कार्ड ख़रीदने और उस कार्ड से धनशोधन का दावा किया। कथित कर्मचारियों ने वीडियो कॉल कर लखनऊ के फर्जी थाने से जोड़ा और पुलिस की वर्दी में बैठे व्यक्ति ने कहा कि मामले की जांच सीबीआई करेगी। अगर किसी को बताया तो नोएडा पुलिस आपके परिजनों को गिरफ्तार करेगी। ठगों ने उससे संपर्क बनाए रखा। ठगों ने 12 दिन बाद 14 सितंबर को आरटीजीएस से 30 लाख रुपए कई खातों में डलवाएं।

# पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से मिली राहत 4 तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी और गलत तरीके से सिविल सेवा में ओबीसी एवं दिव्यांगता कोटा का लाभ लेने के आरोप में दर्ज मामले में आईएएस की पूर्व ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम राहत गुरुवार को चार अक्टूबर तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने उनके वकील के अनुरोध के बाद अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी। दिल्ली पुलिस के वकील ने अदालत से एक संक्षिप्त स्थगन की अनुमति का आग्रह करते हुए कहा कि एक बड़ी साजिश सामने आई है।

# बेंगलुरु महिला हत्याकांड: आरोपी ने ओडिशा में की आत्महत्या

बेंगलुरु/भुवनेश्वर, एजेंसी

- भद्रक जिले के धुसुरी थाना क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला था आरोपी का शव
- डायरी में राय ने कबूली महालक्ष्मी की हत्या और शव के टुकड़े-टुकड़े करने की बात

बेंगलुरु की 29 वर्षीय महिला की नृशंस हत्या में शामिल मुख्य संदिग्ध ने ओडिशा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मुक्तिरंजन प्रताप राय (31) के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त (मध्य) शेखर एच टेक्कनवार ने बेंगलुरु में बताया कि वह ओडिशा के भद्रक जिले के धुसुरी थाना क्षेत्र में पेड़ से लटका मृत मिला था। भद्रक के एसपी वरुण गुंटुपल्ली ने बताया कि आरोपी भुईनपुर गांव का था और पुलिस ने घटनास्थल से एक डायरी भी बरामद की है जिसमें राय ने कबूल किया है कि उसने महिला महालक्ष्मी की हत्या करने के बाद उसके शरीर के 50 से अधिक टुकड़े कर दिए थे। आरोपी और महालक्ष्मी में प्रेम संबंध था एवं महिला द्वारा शादी के दबाव पर दोनों में झगड़ा होता था। इसलिए आरोपी ने उसकी हत्या की।

## शतरंज में महिलाओं के लिए लंबा है रास्ता : आनंद

मुंबई, एजेंसी

शतरंज ओलंपियाड में भारत की ऐतिहासिक दोहरी खिताबी जीत से बेहद खुश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यह आशाजनक शुरुआत है लेकिन देश में महिला शतरंज के लिए अब भी बहुत काम किया जाना बाकी है।

भारत ने रविवार को इतिहास रचा जब उसकी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। हाल के दिनों में जहां पुरुषों के खेल की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है और आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश जैसी युवा भारतीय प्रतिभाएं विश्व मंच पर धूम मचा रही हैं तो वहीं इसके विपरीत महिलाओं के खेल को इस गति से मेल खाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के कार्यक्रम के इतर आनंद ने कहा यह एक बहुत अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि अब भी लंबा रास्ता तय करना है




क्योंकि हमें लगातार प्रगति करते रहना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिक से अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित किया जाए और मुझे लगता है कि यह परिणाम अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित करेगा। यही उम्मीद है। वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन करने वाले कई युवा भारतीयों का मार्गदर्शन करने वाले 54 वर्षीय आनंद ने देश के खिलाड़ियों द्वारा इतिहास रचे जाने पर खुशी जताई।

### चीन के परिणामों से चौंका नहीं

विश्वनाथन आनंद ने कहा सबसे पहले तो यह बहुत गर्व की बात है कि ऐसा हुआ। ऐसा नहीं है कि परिणाम ने मुझे चौंका दिया, यह कुछ घंटों पहले से ही हो रहा था, इसलिए आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन आपको अचानक यह अहसास होने पर खुशी होती है कि आप दोहरे ओलंपियाड चैंपियन हैं, मैं उन सभी को कई वर्षों से जानता हूं। मुझे व्यक्तिगत रूप से वहां रहना अच्छा लगा। मुझे दो बार राष्ट्रगान सुनने में मजा आया। और मुझे पता था कि पूरी दुनिया ने भारत के प्रदर्शन पर ध्यान दिया है। ओलंपियाड में भारत का प्रदर्शन सराहनीय है लेकिन आनंद ने चेतावनी दी कि अन्य टीमें अपने परिणामों का विश्लेषण करेंगी तथा और भी मजबूत होकर लौटेंगी। जब उनसे पूछा गया कि भारत को रूस, अमेरिका और चीन के स्तर तक पहुंचने में कितना समय लगेगा तो उन्होंने कहा आप जिस भी पैमाने का इस्तेमाल करते हैं, उसके आधार पर आप कह सकते हैं कि भारत नंबर एक या नंबर दो या अधिक से अधिक नंबर तीन है।

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष निशानेबाज अगले महीने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होने वाले आईएसएफएफ विश्व कप फाइनल में आठ मौजूदा ओलंपिक चैंपियन सहित विश्व के शीर्ष निशानेबाजों की चुनौती का सामना करेंगे।

विश्व कप फाइनल में 37 देशों के 132 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे जिसमें 12 ओलंपिक स्पर्धाओं में से प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज तय होगा। भारतीय टीम में 23 निशानेबाज हैं जिन्हें वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों से प्रवेश का भी फायदा मिलेगा। एनआरएआई के अध्यक्ष ने कहा यह भारत में प्रशंसकों और दुनिया भर के निशानेबाजों के लिए शानदार रहेगा।

## रॉबर्ट ने दिलाई बार्सिलोना को सातवीं जीत

मैड्रिड, एजेंसी

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने सात मैच में अपना सातवां गोल किया जिससे बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां गेटाफे को 1-0 से हराकर लीग में लगातार सातवीं जीत हासिल की। बार्सिलोना की स्पेनिश लीग में यह दूसरी सबसे अच्छी शुरुआत है।

इससे पहले उसने 2017-18 में टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार सात मैच जीते थे। अगर वह ओसासुना के खिलाफ अपना अगला मैच जीत जाता है तो फिर 2013-14 के सत्र के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा जब उसने सत्र की शुरुआत में लगातार आठ मैच जीते थे। बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक ने कहा मुझे वास्तव में अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हमारे खिलाड़ी आखिर तक प्रयास करते हैं। बार्सिलोना इस सत्र में अभी तक सात मैच में 23 गोल कर चुका है जबकि उसके खिलाफ केवल पांच गोल हुए हैं। उसने मौजूदा चैंपियन और कड़े प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। पोलैंड के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की ने गेटाफे के खिलाफ 19वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। लीग मैचों में बार्सिलोना की तरफ से किया गया 6500वां गोल है।

### नीदरलैंड के क्लब ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम पहले हाफ में मिली बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और उसे यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपने कोच एरिक टेन हाग के पुराने क्लब एफसी ट्वेंटे से मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सैम लैमर्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच के दूसरे हाफ में क्रिश्चियन एरिक्सन की गलती का फायदा उठाया और नीदरलैंड के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल किया। इससे पहले एरिक्सन ने पहले हाफ में शानदार गोल करके यूनाइटेड को बढ़त दिलाई थी। यूनाइटेड ने इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में जो सात मैच खेले हैं उनमें से वह केवल तीन में जीत दर्ज कर पाया है। इस बीच तुर्की और यूनान की चैंपियन टीमों के बीच खेले गए मैच में गलाटासराय ने पीएओके को 3-1 से हराया। एक अन्य मैच में लाजियो ने डायनामो कीव को 3-0 से पराजित किया।

## खेल डायरी

### श्रीकांत, त्रीशा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में

**मकाऊ।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने 2023 ओडिशा मास्टर्स के उप विजेता आयुष को 21-13, 21-18 से हराया। वह अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के दूसरे वरीय एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ पिछले आठ मैच में उन्होंने चार जीत दर्ज की जबकि चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने लिन चीह चुन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की जोड़ी को सिर्फ 38 मिनट में 22-20, 21-11 से शिकस्त दी। महिला एकल में दुनिया की पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी तस्नीम मीर को चौथी वरीय और 2022 विश्व जूनियर चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली, झारखंड और उप्र ने जीते हॉकी मुकाबले

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की हैं। आज यहां चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सुबह पूल एच के मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने पुडुचेरी हॉकी को 10-0 से हराया। मैच के दौरान नमन शर्मा ने (चौथे, 41वें मिनट) और ताशु ने (15वें, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। जबकि अनिल कुमार ने (18वें), उदय रंधावा ने (23वें), आर्यन ने (28वें), नैतिक राणा (51वें), उत्तम (59वें) और सुशांत सेहरावत ने (60वें मिनट) गोल किए। वहीं पूल एच के एक अन्य मुकाबले में हॉकी झारखंड ने हॉकी हिमाचल पर 6-0 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला पहले हॉफ में गोल रहित रहा। जबकि दूसरे हाफ में झारखंड के फगुवा होरो ने (41वें, 43वें मिनट) में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। निकोलस टोपनो (42वें), गंगा टोपनो ने (51वें), रोहित प्रधान ने (56वें ) और भेंगरा ग्लेडशन ने (58वें मिनट) गोल किए। पूल ए में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 18-0 से रौंदा। इस मैच में राघवेंद्र सिंह चौहान (12वें, 14वें, 17वें, 23वें, 26वें, 42वें, 44वें मिनट) ने प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए।

### जैस्मिन और रिद्धिमा को संयुक्त बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर दूसरे दौर में खराब प्रदर्शन के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में रिद्धिमा दिलावरी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष हैं। जैस्मिन ने दूसरे दौर में 76 जबकि रिद्धिमा ने 73 का स्कोर बनाया। दोनों का दूसरे दौर के बाद कुल स्कोर दो अंडर 142 है। जैस्मिन और रिद्धिमा ने स्नेहा सिंह (73-70) और अमनप्रीत द्राल (72-71) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जिनका कुल स्कोर एक अंडर 143 है। एमेच्योर अनवी दहिया (73-71) और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद हिताषी बक्शी (71-73) पार 144 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

### एएफसी में भारत की अंडर-20 टीम का सामना ईरान से

**विएंतियाने (लाओस)।** भारत शुक्रवार को एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के अपने अगले ग्रुप जी मैच में ईरान का सामना करने से पहले अपनी कमियों को दूर करना चाहेगा। भारत ने अपने पहले ग्रुप जी मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम के मुख्य कोच रंजन चौधरी ने एक विज्ञप्ति में कहा, पिछला मैच हमारी टीम के लिए बड़ी प्रेरणा थी। मैंने हमेशा कहा है कि किसी टूर्नामेंट का पहला मैच जीतना महत्वपूर्ण होता है और लड़कों ने मंगोलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन हम अभी जीत का जश्न नहीं मना सकते। हमें तुरंत अगले मैच की तैयारी शुरू करनी चाहिए। हमने मंगोलिया के खिलाफ कई मौके गंवाए और ईरान के खिलाफ हम ऐसा नहीं कर सकते। ईरान ने अपने पहले मैच में मेजबान लाओस को 8-0 से रौंद दिया था जिससे वह ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है।

# क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय टीम

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट आज से, बारिश का संकट, बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त पिच पर स्पिनरों के साथ उतर सकती हैं टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में पहले टेस्ट मैच में चेन्नई में टीम इंडिया 1-0 से जीतकर अब दूसरे टेस्ट में सीरीज क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उधर, पहले टेस्ट मैच में विफल रहे बांग्लादेश टीम के शीर्ष बल्लेबाजों को हाथ खोलना होगा। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से ग्रीनपार्क स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच शुरू होगा। इस बीच शुक्रवार को बारिश के भी आसार हैं। गुरुवार को टीम इंडिया व बांग्लादेश टीम का नेट अभ्यास भी बारिश के कारण बाधित रहा।

टीम इंडिया का लक्ष्य अपनी जीत बरकरार रखना है। वहीं बांग्लादेश टीम दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज ड्रा कराने की कोशिश करेगी। अनुभवी खिलाड़ियों का मत है कि ग्रीनपार्क पिच बल्लेबाजों और स्पिनरों की मददगार होगी। इस कारण दोनों टीमें स्पिनरों को उतार सकती है। गुरुवार को बारिश ने दोनों टीमों के अभ्यास में खलल डाला। इसे देखते हुए अंतिम एकादश का चयन करना टीम मैनेजमेंट को काफी मंथन करना होगा। गेंदबाज कुलदीप यादव का अपने घरेलू मैदान पर खेलने की संभावना है, लेकिन अंतिम एकादश में मौका मिलना अब मौसम पर टिका है। अंतिम एकादश का फैसला मैच से पहले लिया जाएगा।



### शीर्ष बल्लेबाज हासिल करेंगे फार्म

पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया के शीर्ष बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का बल्ला कुछ खास नहीं कर सका। ग्रीनपार्क में दोनों खिलाड़ी अपनी फार्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। इसी कारण ग्रीनपार्क में तैयार दो पिचों में बल्लेबाजी में मददगार विकेट को ही फाइनल किया है। टीम के स्पिनर मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह व आर अश्विन भी बांग्लादेश टीम को परेशान कर सकते हैं।

### टॉस की भूमिका भी अहम

टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में आइडियल विकेट तैयार हुई है। लेकिन गुरुवार को बारिश के कारण विकेट का मिजाज बदलने की भी संभावना बनी है। मैच से पहले दो विकेट तैयार की गई हैं। नमी के कारण विकेट के मिजाज में बदलाव आ सकता है। इससे टॉस की भूमिका भी अहम हो गई है।


कानपुर में प्रशंसकों के साथ तस्वीर लेते विराट कोहली। ● अमृत विचार

### शाकीब अल हसन ने की संन्यास की घोषणा



**कानपुर।** बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी शाकीब अल हसन ने गुरुवार को प्रेसवार्ता करके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि मैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने खेले जाने वाले टेस्ट मैच के बाद संन्यास ले लूंगा। यह मेरे करियर का आखिरी मैच होगा मगर मुझे नहीं पता कि उस मैच में मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। अगर नहीं मिला तो यही मेरा आखिरी टेस्ट मैच होगा। बांग्लादेश क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मैं इस फॉर्मेट में अपना आखिरी मैच घरेलू धरती पर खेलना चाहूंगा। मुझे लगता है कि अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा करने का समय आ गया है। शाकिब ने आगे कहा कि टी 20 क्रिकेट से वह तत्काल प्रभाव से संन्यास ले रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि फटाफट क्रिकेट में युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप सिंह, कुलदीप यादव, यश दयाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरैल।

**बांग्लादेश:** नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहिम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्किन अहमद, हसन महमुद, नाहिद राणा, तहजुल इस्लाम, महम्दुल्ला हसन जॉय, नईम हसन, सैय्यद खालिद अहमद, जाकिर अली अनिक।

## चांदीमल का शतक, श्रीलंका ने मैच पर बनाई मजबूत पकड़

गाले, एजेंसी

दिनेश चांदीमल (116) शतकीय, एंजलो मैथ्यूज (नाबाद 78) और कामिंडु मेंडिस (नाबाद 51) रनों की अर्धशतकी पारियों के दम पर श्रीलंका ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट पर 306 रन का स्कोर बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली हैं। आज श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में पुथम निसंका (एक) रन टिम साउदी का शिकार बन गए। इसके बाद दिनेश चांदीमल के साथ दिमुथ करुणारत्ने



ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिये 122 रनों की साझेदारी की। 40वें ओवर में दिमुथ करुणारत्ने (46) पर रनआउट हो गए। चांदीमल ने 208 गेंदों में (116) रनों की पारी खेली। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक एंजलो मैथ्यूज (नाबाद 78) और कामिंडु मेंडिस (नाबाद 51) क्रीज पर मौजूद थे।

## काश पंत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी होते : मार्श

मुंबई, एजेंसी

ऋषभ पंत की क्रिकेट में बेहतरीन वापसी से मिशेल मार्श इतने प्रभावित हुए कि इस ऑलराउंडर ने उन्हें शानदार खिलाड़ी करार दिया और कहा कि काश वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते। इस साल की शुरुआत में सीमित ओवरों के प्रारूप के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के बाद पंत ने हाल ही में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाकर लाल गेंद के प्रारूप में भी शानदार वापसी की।

वर्ष 2022 में हुई भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत की वापसी के बारे में बात करते हुए मार्श भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज की सकारात्मकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित थे। मार्श ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा वह एक शानदार खिलाड़ी है। काश



● सकारात्मकता प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित हैं मिशेल मार्श

वह ऑस्ट्रेलियाई होता। पिछले कुछ वर्षों में वह निश्चित रूप से बहुत कुछ झेल चुका है और यह एक शानदार वापसी रही है। वह एक सकारात्मक व्यक्ति है, अब भी बहुत युवा है और उसे जीतना बहुत पसंद है। वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसका व्यक्तित्व शांत रहने वाला और हमेशा हंसने और मुस्कुराने वाला है। उसके पास वह बड़ी मुस्कान है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पंत के भारतीय बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा होने की उम्मीद है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था।

## बॉलीवुड हलचल

### कंगना की फिल्म इमरजेंसी के सपोर्ट में उतरे सनोज

**मुंबई।** निर्देशक सनोज मिश्रा ने कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का सपोर्ट किया है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। इस फिल्म की कथा वस्तु वर्ष 1975 में लगे इमरजेंसी और उसके दुष्परिणामों पर आधारित है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि को लेकर कुछ लोग इस फ़िल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं, जबकि कंगना रनौत की टीम का कहना है कि हमने तो एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म बनाई है इसमें किसी को आपत्ति ही नहीं होनी चाहिए। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल से चर्चा में आये निर्देशक सनोज मिश्रा ने इमरजेंसी के समर्थन में बोलते हुए देश के अंदर इस फिल्म का विरोध करने वालों पर हमला बोला है। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, फिल्म यदि समाज का आइना है तो इस आईने में लोग शक्ल क्यों नही देखना पसंद करते या फिर ये सिर्फ एक घिसा पिटा जुमला है ? सनोज मिश्रा ने कहा, कंगना रनौत जी वास्तव में आयरन लेडी हैं उनका जीवन हमेशा बेबाक रहा है चाहे वो फिल्म इंडस्ट्री हो या राजनीति उन्होंने हमेशा लीक से हटकर अपनी पहचान बनाई है, जो इस देश की महिलाओं के लिए एक मिसाल है।





### बच्चों को सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण : अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 16 को होस्ट कर रहे हैं। इस शो के आने वाले एक एपिसोड में, दर्शक मंगलुरु, कर्नाटक की ऊर्जावान अपूर्वा शेट्टी को हॉटसीट पर बैठते हुए देखेंगे। एक दृढ़ निश्चयी पीएससी उम्मीदवार, अपूर्वा अपने पिता के सपने को पूरा करने और शो में एक बड़ी राशि जीतने की उम्मीद रखती हैं। अपूर्वा ने भी अमिताभ से अनुरोध किया कि वह शो में उनके पिता, लोकेनाथ शेट्टी का नाम जरूर लें, जो उनके बड़े फैन हैं। अमिताभ न केवल उनकी यह इच्छा पूरी करेंगे, बल्कि वह अपूर्वा के पिता से वीडियो कॉल के जरिए बात करवाएंगे, जिससे पिता-पुत्री के बीच का यह भावनात्मक और यादगार पल जुड़ जाएगा। जैसे ही यह कनेक्शन होता है, अमिताभ कहते हैं, सर, आपका सपना था कि आपकी बेटी अपूर्वा एक दिन हॉटसीट पर बैठे, और अब वह यहीं पर बैठी है। इस भावनात्मक पल से अभिभूत होकर, अपूर्वा की आंखों में आंसू आ जाते हैं, और बच्चन साहब उन्हें एक टिशू भी थमाते हैं। पिता-पुत्री के इस गहरे संबंध को महसूस करते हुए अमिताभ बच्चन यह भी कहते हैं कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। वह बताते हैं कि ऐसे मील के पत्थर किसी भी माता-पिता के लिए बेहद भावनात्मक होते हैं। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में, रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

### अलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा एक एक्शन से भरपूर कहानी है, जो जेल से भागने के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की रक्षा के लिए किस हद तक जा सकती है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ ट्रेलर के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, "सब तैयार है? #जिगरा थिएट्रिकल ट्रेलर अभी रिलीज हुआ 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं। ट्रेलर में आलिया भट्ट एक बहन (सत्या) की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं जो अपने भाई अंकुर (वेदांग रैना) को बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, आलिया का किरदार और भी उभर कर आता है। एक बेहतरीन पल तब आता है जब आलिया यानी सत्या कहती हैं मैंने कभी नहीं कहा, मैं सही इंसान हूँ। मैं सिर्फ़ अंकुर की बहन हूं। पिछले साल द आर्चीज में अपनी शुरुआत करने के बाद, फ़िल्म जिगरा, वेदांग रैना की दूसरी बार स्क्रीन पर आने वाली फिल्म है। फिल्म जिगरा में एक आकर्षक चल कुड़िए साउंडट्रैक भी शामिल है जिसे आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ ने गाया है।



## एशियाई खेलों में मेरा पदार्पण सपनों के पूरा होने जैसा : गुरजंत

बेंगलुरु, एजेंसी

युवा फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने कहा कि हाल ही में चीन के मोकी में हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में उनका भारतीय पुरुष हॉकी टीम में पदार्पण सपने के पूरा होने जैसा है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में ट्रायल के दौरान गुरजंत का प्रदर्शन आकर्षक रहा। उन्होंने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सभी सात मैच खेले, हालांकि वह गोल नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने खुद को बेहतर साबित करने के लिए मैदान पर समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई।

गुरजंत ने कहा सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सभी सीनियर बड़े भाइयों की तरह हैं जो अधिकतर समय माहौल को हल्का रखते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में यह मेरे लिए एक स्वप्निल पदार्पण था। मैं चीन के खिलाफ खेलने के लिए



● युवा फॉरवर्ड सिंह बोले- सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सीनियर बड़े भाइयों की तरह

उत्साहित था मुझे लगा कि मैं अपने पदार्पण पर एक गोल करूंगा लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मैंने खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। खेल से पहले हरमनप्रीत सिंह ने मुझे आश्वस्त किया कि ज्यादा सोचने या डरने की जरूरत नहीं है। मुझे बस वैसे ही खेलना है जैसे मैं आमतौर पर शिविर में खेलता हूँ, आजादी से खेलना है और गलतियाँ करने के बारे में नहीं सोचना है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने नोगुची संग्रहालय पुरस्कार ठुकराया

**न्यूयॉर्क।** पुलित्जर पुरस्कार विजेता भारतीय मूल की लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने गाजा में फलस्तीनियों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए 'कुफिय्या' पहनने वाले तीन कर्मचारियों को निकाले जाने के विरोध में अमेरिका के क्वींस स्थित नोगुची संग्रहालय से पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया है। संग्रहालय ने एक बयान में कहा, 'झुम्पा लाहिड़ी ने हमारी नई पोशाक संहिता नीति के विरोध में 2024 इसामु नोगुची पुरस्कार के लिए अपनी स्वीकृति वापस लेने का फैसला किया है।' न्यूयॉर्क टाइम्स ने बयान के हवाले से कहा, 'हम उनके दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं और समझते हैं कि यह नीति हर किसी के विचारों के अनुरूप हो भी सकती है और नहीं भी।' न्यूयॉर्क स्थित संग्रहालय की स्थापना लगभग 40 साल पहले जापानी-अमेरिकी डिजाइनर एवं मूर्तिकार नोगुची ने की थी।



### चीनः स्कूलों में हर रोज दो घंटे कसरत अनिवार्य

**बीजिंग।** चीन में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए प्रतिदिन कम से कम दो घंटे शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना अनिवार्य किया गया है। शिक्षा उप मंत्री वांग जियायी ने गुरुवार को कहा कि प्रत्येक दिन छात्र खेल कक्षा में भाग लेंगे और कक्षा के बाद एक घंटे शारीरिक व्यायाम करेंगे। इस कदम का उद्देश्य छात्रों में धूप में पर्याप्त समय बिताना सुनिश्चित करके उनकी आंखों और वजन संबंधी आम समस्याओं को हल करना है। उन्होंने कहा कि राजधानी बीजिंग में अनिवार्य शिक्षा के लिए कक्षाओं के बीच 10 मिनट के ब्रेक को मौजूदा सेमेस्टर से बढ़ाकर 15 मिनट कर दिया गया है।

### ईरानः विस्फोट में मरने वालों की संख्या 50 हुई

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत दक्षिण खुरासान में कोयला खदान में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के मुताबिक घायलों में से एक की मौत हो गई है। इरना ने प्रांतीय संकट प्रबंधन मुख्यालय के महानिदेशक मोहम्मद-अली अखौंदी के हवाले से बताया कि तबास काउंटी में खदान विस्फोट में घायल हुए 16 श्रमिकों में से दो की हालत गंभीर है, जबकि एक को मृत घोषित कर दिया गया। यह विस्फोट शनिवार रात तेहरान से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में एक खदान सुरंग में हुआ। विस्फोट का कारण मीथेन गैस में अचानक वृद्धि बताया जा रहा है। रिपोर्ट में अखौंदी के हवाले से बताया गया कि उस समय खदान में 65 श्रमिक मौजूद थे, जबकि शुरुआती संख्या में श्रमिकों की वृद्धि हुई और संख्या 69 पर पहुंच गई।

### पाकिस्तान में पोलियो का एक और मामला मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो का एक और मामला सामने आया है, जिससे इस बीमारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है, जो इसे समाप्त करने के सरकार के प्रयासों के लिए झटका है। अधिकारियों ने बताया कि पोलियोग्रस्त हालिया पीड़ित बलूचिस्तान के पिशिन का रहने वाला है और उसकी उम्र ढाई साल है। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने बुधवार को बच्चे में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप एक (डब्ल्यूपीवी 1) की उपस्थिति की पुष्टि की, जिससे इस वर्ष अब तक रिपोर्ट किए गए मामलों की कुल संख्या 22 हो गई है। इनमें अकेले बलूचिस्तान से 15 मामले सामने आए हैं।

# सीओपी मेजबान देश तेल-गैस उत्पादन 33% बढ़ाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत : रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के पिछले, वर्तमान और अगले मेजबान क्रमशः अजरबैजान, संयुक्त अरब अमीरात और ब्राजील 2035 तक अपने तेल व गैस उत्पादन में 33 प्रतिशत की वृद्धि करने वाले हैं, जो एक नए विश्लेषण के अनुसार मजबूत वैश्विक जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत है।

अमेरिका में स्थित शोध समूह 'ऑयल चेंज इंटरनेशनल' द्वारा उद्योग डेटा का उपयोग करते हुए किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि यूएई और ब्राजील 2035 तक क्रमशः 37% और 38% उत्पादन बढ़ाने की राह पर हैं। नवंबर में बाकू में सीपीओपी29 की मेजबानी करने वाले अजरबैजान के उत्पादन में 4% की वृद्धि होने का अनुमान है। नवंबर-दिसंबर 2023 में दुबई में आयोजित पिछले संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में नेताओं ने जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने, 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में दोगुनी वृद्धि और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।




# अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़, हिंदुओं वापस जाओ के नारे लिखे

वाशिंगटन, एजेंसी

**एक माह में दूसरी घटना**

- गत 17 सितंबर को न्यूयॉर्क के बीएपीएस मंदिर में भी हुई थी घटना



घटना के बाद बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग मंदिर पहुंचे।

अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में अज्ञात बदमाशों ने नफरत फैलाने के मकसद से बीएपीएस मंदिर में तोड़फोड़ की और उसकी दीवारों पर 'हिंदुओं वापस जाओ' के नारे लिख दिए। बीएपीएस मंदिर प्रशासन के जनसंपर्क विभाग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रिकरण की घटना के 10 दिन से भी कम समय में सैक्रामेंटो में हमारे मंदिर में बीती रात को यह घटना हुई और 'हिंदुओं वापस जाओ' के हिंदू-विरोधी नारे लिखे गए।'

न्यूयॉर्क के मेलविले में 17 सितंबर को बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई अपवित्रिकरण की घटना के बाद बुधवार रात को यह घटना हुई। संगठन ने एक बयान में कहा, 'नफरत की निंदा के प्रति हम दृढ़ हैं। इस घटना से हमारा दुख और गहरा हो गया है तथा दिल में नफरत रखने वालों सहित सभी के लिए हमारी प्रार्थनाएं और मजबूत हो गई हैं।' बयान में कहा गया है कि सैक्रामेंटो में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर जीवंत हिंदू समुदाय का स्थान है, जो बड़े समुदाय के वास्ते कई गतिविधियों और परियोजनाओं में लगा हुआ है। हम इस सामुदायिक ताने-बाने का अभिन्न अंग हैं और रहेंगे।

इस घटना के बाद मंदिर से संबद्ध लोग प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए तथा उन्होंने परम पावन महंत स्वामी महाराज के सद्भाव और सम्मान के आदर्श को याद करते हुए शांति एवं एकता का आह्वान किया। देश में हिंदू समुदाय के खिलाफ घृणा अपराध और मंदिर में तोड़फोड़ की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति के बीच अमेरिका में एक महीने से भी कम समय में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रिकरण की यह दूसरी घटना है।

कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ इस प्रकार की घृणा और तोड़फोड़ भयावह है। न्याय विभाग को इन घृणा अपराधों की जांच करनी चाहिए।



**पानी की लाइन भी काटी**

पार्किंग स्थल के सामने लगे साइन बोर्ड पर भारत सरकार का उल्लेख करते हुए टिप्पणी लिखी गई। अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों ने मंदिर से जुड़ी पानी की लाइन को भी काट दिया। यह हमले ऐसे समय में हो रहे हैं जब हाल ही में पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा पर गए थे। अमेरिका और कनाडा में हिंदू मंदिरों पर इस तरह के हमले पहले खालिस्तान समर्थकों की ओर से किए जाते रहे हैं।

## राष्ट्रपति मैक्रों ने संरा सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की वकालत की

# फ्रांस ने भारत का किया समर्थन

न्यूयॉर्क, एजेंसी



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया है। यही नहीं, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की वकालत भी की है। मैक्रों ने बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 'हमारे पास एक सुरक्षा परिषद है, जिसे हमें और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। हमें इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाना होगा।'

मैक्रों ने कहा, 'इसलिए फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए, जिन्हें अफ्रीका इसका प्रतिनिधित्व करने के लिए तय करेगा।' भारत सुरक्षा परिषद में लंबे समय से लंबित सुधारों को तत्काल लागू करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में किए जा रहे प्रयासों में सबसे आगे रहा है और इस बात पर जोर देता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र के उच्च मंच पर स्थायी सदस्य के रूप में स्थान पाने का हकदार है। भारत की दलील है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है।

मैक्रों की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करने के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि वैश्विक शांति और विकास के लिए संस्थानों में सुधार आवश्यक हैं। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए 15 देशों की सुरक्षा परिषद को भी चेतावनी दी। उन्होंने सुरक्षा परिषद को पुरानी व्यवस्था बताया और कहा कि इसके अधिकार कम होते जा रहे हैं। उन्होंने चेताया कि अगर इसकी संरचना और कार्य पद्धति में सुधार नहीं किया जाता है तो यह अपनी सारी विश्वसनीयता खो देगी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने स्पष्ट आह्वान किया कि हम अपने दादा-दादी के लिए बनाई गई प्रणाली के साथ अपने पोते-पोतियों के लिए भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते।

**वीटो के अधिकार को सीमित करने का किया आह्वान**

मैक्रों ने अपने संबोधन में सुरक्षा परिषद के कामकाज के तरीकों में बदलाव, सामूहिक अपराधों के मामलों में वीटो के अधिकार को सीमित करने और शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीन पर बेहतर तरीके से काम करने के लिए दक्षता हासिल करने का समय आ गया है।

**यूएन और डब्ल्यूटीओ में सुधार की जरूरतः जयशंकर**

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को न्यूयॉर्क में ब्राजील की अध्यक्षता वाले जी-20 विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों के सुधार, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला तथा बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सुधार पर भारत के विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज न्यूयॉर्क में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में 'वैश्विक शासन सुधार विषय पर बात की। इसमें दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार शामिल है।" उन्होंने पोस्ट में कहा, "मजबूत, व्यापक और प्रभावी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला की अनिवार्यता पर ध्यान दिया गया। विकासशील विश्व की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) में सुधार के लिए जी20 में भारत के प्रयासों के बारे में बात की।



**वर्तमान में पांच स्थायी सदस्य**

वर्तमान में सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। पांच स्थायी सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं और ये देश किसी भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर वीटो लगा सकते हैं। भारत पिछली बार 2021-22 में संयुक्त राष्ट्र की उच्च परिषद में अस्थायी सदस्य के रूप में बैठा था। वैश्विक वास्तविकता को प्रतिबिंबित करने के लिए स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है।

# ट्रंप पर हमला पुलिस की नहीं, सीक्रेट सर्विस की विफलता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास मामले की जांच कर रही एक समिति के सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति पर हमला अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की विफलता थी, न कि स्थानीय पुलिस की। सदन की एक द्विदलीय समिति के सदस्यों ने मामले की पहली सुनवाई के दौरान यह बात कही। समिति में सात रिपब्लिकन और छह डेमोक्रेट शामिल हैं। सीक्रेट सर्विस देश की सबसे पुरानी संघीय जांच एजेंसियों में से एक है। रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप पर 13 जुलाई को हमला किया गया था।

# लद्दाखः सैनिकों के हटने की प्रक्रिया पर बनी आम सहमति

बीजिंग, एजेंसी

- चीनी रक्षा मंत्रालय ने किया दावा-दोनों देश एक-दूसरे के संपर्क में

चीन और भारत पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को समाप्त करने के लिए मतभेदों को कम करने तथा टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने पर कुछ आम सहमति बनी है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह बात कही। उसने यह भी कहा कि साथ ही दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने पर वे सहमत हुए हैं।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग जियाओगांग ने कहा कि चीन और भारत ने राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे के साथ संपर्क बनाए रखा है। इसमें दोनों देशों के विदेश मंत्रियों और चीन के विदेश मंत्री तथा भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सीमा परामर्श तंत्र के माध्यम से विमर्श शामिल है। झांग ने कहा कि बातचीत के माध्यम से चीन और भारत दोनों अपने मतभेदों को कम करने तथा एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करने के लिए बातचीत को मजबूत करने पर सहमत होने के अलावा कुछ आम सहमति बनाने में सक्षम हुए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष जल्द से जल्द किसी ऐसे समाधान पर पहुंचने पर सहमत हुए जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो।

# उ. कोरिया के पास बम बनाने को पर्याप्त यूरेनियम

सियोल, एजेंसी

- दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसी ने किया दावा



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को बताया कि ऐसी आशंका है कि उत्तर कोरिया ने कई बम बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम संवर्धन कर लिया है और वह दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के लिए अधिक शक्तिशाली व सटीक निशाने लगाने वाली मिसाइलें बनाने के अपने प्रयासों में आगे बढ़ रहा है।

इस महीने की शुरुआत में उत्तर कोरिया ने हथियार बनाने के लिए आवश्यक यूरेनियम के उत्पादन के लिए स्थापित एक गुप्त संयंत्र की दुर्लभ झलक पेश की थी, जिसके बाद दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने सांसदों को स्थिति से अवगत कराया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन परमाणु हथियारों के भंडार को तेजी से बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहरा चुके हैं। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सियोंग-क्वेन के अनुसार, किम द्वारा संयंत्र के बारे में खुलासा करने का उद्देश्य संभवतः घरेलू स्तर पर अपनी सैन्य उपलब्धियों का प्रदर्शन करना था।

# इजराइल के हमले में 23 सीरियाई कामगारों की मौत

बेरूत, एजेंसी

- लेबनान के सरकारी मीडिया का दावा, आठ से ज्यादा घायल

लेबनान की एक इमारत पर इजराइली हवाई हमले में 23 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। लेबनान के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस इमारत में सीरियाई कामगार एवं उनके परिवारों के सदस्य रहते थे। चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के खिलाफ हवाई अभियान के दौरान यह सबसे घातक हमलों में से एक था। बुधवार देर रात यह हमला ऐसे समय किया गया, जब अमेरिका और उसके सहयोगियों ने कूटनीतिक कोशिशों के लिए तत्काल 21 दिन के संघर्ष विराम का आह्वान किया था।

इजराइल ने जमीनी आक्रमण की धमकी दी है तथा बढ़ती भारी गोलीबारी से पूर्ण युद्ध छिड़ सकता है। नेशनल न्यूज एजेंसी ने कहा कि यह हमला देश के पूर्वोत्तर हिस्से में किया गया। यह इलाका लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में स्थित प्राचीन बालबेक शहर के पास है जो सीरियाई सीमा से सटा है। एजेंसी ने यूनीन गांव के महापौर अली कस्सास के हवाले से कहा कि सीरिया के 23 लोगों के शवों को इमारत के मलबे से निकाला गया है। उन्होंने कहा कि हमले में चार सीरियाई एवं चार लेबनानी लोग जख्मी हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी हुसैन सल्लूम ने बताया कि मृतकों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं।

लेबनानी रेड क्रॉस ने कहा कि उसने नौ शव बरामद किए हैं, जबकि अन्य शव हिजबुल्ला चरमपंथी समूह की पैरामेडिक सेवा द्वारा बरामद किए गए हैं। लगभग 60 लाख की आबादी वाले लेबनान में करीब 7,80,000 पंजीकृत सीरियाई शरणार्थी और हजारों अपंजीकृत शरणार्थी हैं।

# भारतीय नागरिकों को लेबनान की यात्रा नहीं करने की दी सलाह

**यरूशलम।** भारत ने बढ़ती हिंसा के बीच भारतीय नागरिकों से लेबनान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है और वहां मौजूद लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने तथा जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों से संबंधित कार्यालय ने बुधवार को कहा था कि लगभग एक साल पहले हिजबुल्ला द्वारा उत्तरी इजराइल पर रॉकेट दागने और इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद लेबनान में 20,000 लोग विस्थापित हुए हैं। लेबनान की राजधानी बेरूत में स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए परामर्श में कहा, "क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों व तनाव को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक लेबनान की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है।"

# आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों का हश्र अफजल गुरु जैसा होगा : शाह

उधमपुर, एजेंसी

- गृहमंत्री ने कश्मीर के उधमपुर में चुनावी सभा को किया संबोधित



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि जो कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देगा, उसका हश्र संसद पर हमले के दोषी मोहम्मद अफजल गुरु जैसा होगा, जिसे नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में फांसी पर लटका दिया गया था। शाह ने उधमपुर जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर यह दावा करने के लिए निशाना साधा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी।

शाह ने कहा, 'फिर क्या बिरयानी खिलानी थी उसको। जो लोग आतंकवाद को बढ़ावा देंगे, उनका हश्र अफजल गुरु जैसा ही होगा।' उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से अनुच्छेद 370 की बहाली का दावा किये जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि राहुल की आने वाली पीढ़ियां भी अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर पाएंगी। यह पहली बार है कि कश्मीर में चुनाव अनुच्छेद 370 और अलग झंडे के बिना हो रहे हैं। दो संविधानों की संस्कृति का अंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि नेकां और राहुल बाबा द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में दावे किए जा रहे हैं, लेकिन राहुल की कई पीढ़ियों में इन प्रावधानों को फिर से लागू करने की ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों के दौरान कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेकां ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया, जिसके कारण 40 हजार लोग मारे गए और 3000 दिन कर्फ्यू भी लगा, इसके अलावा हर दिन हमले, बम धमाके होते रहें। हालांकि, जब से श्री मोदी ने सत्ता संभाली है, पथराव और गोलीबारी बंद हो गयी हैं। तीनों पार्टियां जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जीवित करना चाहती हैं, लेकिन मैं उमर अब्दुल्ला को बताना चाहता हूं कि आप जो भी चाहें, कश्मीर की धरती से आतंकवाद को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

# तमिलनाडु में छह बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**तिरुप्पुर।** तमिलनाडु के तिरुप्पुर से देश में अवैध रूप से घुसे छह बांग्लादेशी युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक पल्लदम जाने वाली बस में सवार होने वाले थे, उस दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। त्वरित कार्रवाई बल के जवानों सहित पुलिस दल ने संदेह के आधार पर युवकों को रोका और उनसे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज मांगे, जो वे नहीं दिखा सके। पुलिस दल को पूछताछ में पता चला कि ये छह लोग दो सप्ताह पहले बांग्लादेश से आए थे और उन्हें मुदालिपलायम में स्थित एक कंपनी ने वापस भेज दिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे तिरुप्पुर से पल्लदम जाने के लिए बस में सवार होने वाले थे, ताकि किसी दूसरी कंपनी में काम की तलाश कर सकें।

# पाकिस्तान में दो जनजातियों के बीच झड़प, 36 की मौत

पेशावर, एजेंसी

- जमीन के टुकड़े को लेकर हुए संघर्ष में 80 लोग घायल

अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्रम जिले में पिछले छह दिन में एक जमीन के टुकड़े को लेकर दो जनजातियों के बीच संघर्ष में कम से कम 36 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार सरकार और आदिवासी बुजुर्गों द्वारा स्थिति को शांत करने के प्रयासों के बावजूद जमीन विवाद को लेकर झड़पें शुरू हो गईं।

पुलिस ने कहा कि पिछले छह दिन में हुई झड़पों में अब तक 36 लोग मारे गए हैं, जबकि 80 अन्य घायल हुए हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस संघर्ष में इससे कहीं ज्यादा लोगों के हताहत होने का दावा किया है। यह लड़ाई जिले के बालिशखेल, सद्दा, खार कल्ले, पीवर और मकबल जैसे इलाकों में फैल गई। ये इलाके अफगानिस्तान के खोस्त, पक्तिया, लोगर और नांगरहार प्रांतों की सीमा से सटे हैं, जिन्हें आईएसआईएस और तालिबान का गढ़ माना जाता है। दोनों पक्षों के बुजुर्गों के संयुक्त संघ जिरगा (आदिवासी परिषद) ने झड़पों को रोकने के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक और कोहाट आयुक्त से मुलाकात की, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। गुरुवार को हिंसक झड़पें लगातार छठे दिन भी जारी रहीं, जिसमें ऊपरी, निचली और मध्य तहसीलों में भारी गोलीबारी हुई। लिहाजा छह और लोगों की मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए।

**खोज-खबर** पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराया सौर तूफान

# सौर सक्रियता अपने चरम की ओर अग्रसर

संवाददाता, नैनीताल



सूर्य की सतह से निकलती ज्वाला।

**अमृत विचारः** सूर्य सक्रियता चरमता की ओर अग्रसर है और ऑरोरा के रंगबिरंगे नजारे पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में मेहरबान हैं। बुधवार को सौर सामग्री यानी कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) सौर तूफान पृथ्वी के भू-चुंबकीय क्षेत्र से टकरा गया। आने वाले दिनों में भी भू-चुम्बकीय तूफानों का आना जारी रहने की संभावना है।

सूर्य 25वें सौर चक्र से गुजर रहा है और जबरदस्त सक्रियता के साथ सौर तूफानों को बरसा रहा है। जिसका असर पृथ्वी ही नहीं, बल्कि मंगल, शुक्र व बुध ग्रहों पर भी पड़ रहा है। गत दिवस जी 1 तीव्रता वाला भू-चुंबकीय तूफान शुरू हुआ और कुछ ही घंटों में पृथ्वी पर पहुंच गया, जिसके चलते उत्तरी अमेरिका में लगभग पूरी रात एक अशांत भू-चुंबकीय क्षेत्र देखा गया। लिहाजा, रंगबिरंगी रोशनी के साथ ऑरोरा भी देखे गए।

सूर्य से निकले तूफान का जल्द पृथ्वी तक पहुचना बड़ी बात है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके पीछे कुछ तो रहस्य रहा होगा। बहरहाल, 24 सितंबर को सी 6.9 क्लास की ज्वाला निकली थी। इसका क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम में एआर3828 सौर कलंक में विस्फोटित हुई थी।

यह विस्फोट लीड फ्लेयर एआर 3828 के साथ एआर 3833 से भी जुड़ा हुआ था। जिस कारण सी क्लास की एक साथ दो फ्लेयर्स यानी ज्वाला उत्पन्न हुई थी। नासा के अनुसार अगले 24 घंटे में सी क्लास विस्फोट की संभावना 99 प्रतिशत है। एम क्लास की संभावना 55 फीसद है, जबकि एक्स क्लास की ज्वाला के लिए 20 प्रतिशत संभावना जताई गई है।

सूर्य और उसके रहस्यों ने हजारों सालों से मानवता को आकर्षित किया है। सूर्य हमारे सौरमंडल का आधार है और जीवन को जीवित रहने के लिए आवश्यक गर्मी और प्रकाश प्रदान करता है। फिर भी इसके आंतरिक भाग के बारे में कई सवाल बने हुए हैं, जो इसकी चुंबकीय गतिविधि को संचालित करता है।

**अभी बड़े विस्फोट होने बाकी**

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पूर्व निदेशक डॉ. वहाब उद्दीन के अनुसार इस बार सूर्य बेहद सक्रिय है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट होने अभी बाकी है। इन दिनों सूर्य की सतह में एक दर्जन सौर कलंक समूह बने हुए हैं। अगले साल तक सौर सक्रियता जारी रहेगी।

# हसीना ने अपराध किए हैं, उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए

ढाका, एजेंसी

- बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस ने की मांग



बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद युनूस ने कहा है कि भारत में शरण लिए हुईं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए। युनूस ने न्यूयॉर्क टाइम्स क्लाइमेट फॉरवर्ड शिखर सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, 'क्यों नहीं, अगर उन्होंने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए और न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।'

युनूस अभी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग ले रहे हैं। यूनुस से पूछा गया कि क्या उनकी चुनाव लड़ने की कोई योजना है। उन्होंने नकारात्मक जवाब देते हुए कहा, 'क्या मैं ऐसा व्यक्ति दिखता हूं, जो चुनाव लड़ूंगा।' उन्होंने कहा कि उनके पास इस बारे में कोई समय सीमा नहीं है कि बांग्लादेश में चुनाव कब होंगे। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार देश में स्थापित कई आयोगों द्वारा आने वाले महीनों में सुधार संबंधी सिफारिशें देने की उम्मीद है, जिसके बाद चुनावों की तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित करने के लिए किया गया वैश्विक समझौता पेरिस समझौता तब तक काम नहीं करेगा, जब तक दुनिया मौजूदा आर्थिक प्रणाली के साथ बनी रहेगी।